

Page 11

खेल

हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित



Page 10

देश

मूल्य ₹ 2.00

शुक्ल पक्ष पुष्य विक्रम संवत 2080 • औरंगाबाद • बुधवार • 20 मार्च 2024 • वर्ष 26 • अंक 100 • पृष्ठ 12



वानिंदु हसरंगा ने टेस्ट रिटायरमेंट लिया वापस, खेलेंगे बंगाल सीरिज

कांग्रेस नेता सतीशरन ने सीएम विजयन पर भाजपा के लिए गुंजाइश बनाने का लगाया...


## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
| --- | --- |
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 66, 330 | ₹77,300 |



## आज का इतिहास

- 1739 : नादिर शाह ने भारत के दिल्ली शहर पर कब्जा किया और जिसमें कोह-नूर सहित मयूर सिंहासन के सारे गहने चुराए।
- 2005: जापान के क्यूशू द्वीप के पश्चिम में 7 तीव्रता का भूकंप आया।

## न्यूज बाइट्स

### सक्षमता परीक्षा का आंसर की आज होगा जारी

**पटना (नि.सं.)।** बिहार की नियोजित शिक्षकों को राज्य कर्मी का दर्जा देने के लिए सक्षमता परीक्षा 6 मार्च को खत्म हो गई है। बिहार बोर्ड की और से 26 फरवरी 2024 से 01 मार्च 2024 तक एवं 06 मार्च 2024 को सीबीटी के माध्यम से आयोजित सक्षमता परीक्षा के आंसर की को आज जारी कर दिया जाएगा। अभ्यार्थी बोर्ड के इस वेबसाइट https://www.bsebsakshamta.com पर जाकर 21 मार्च तक आपत्ति दर्ज कर सकते हैं। आंसर की पर आपत्ति दर्ज करने के लिए संबंधित अभ्यर्थियों को 50 रुपए प्रति प्रश्न शुल्क निर्धारित किया गया है। जिनका उन्हें भुगतान करना होगा। इससे पहल 2 मार्च से लेकर 5 मार्च तक ली गई परीक्षा का आंसर की बिहार बोर्ड की और से जारी किया गया था।

### झारखंड की सीता सोरेन भाजपा में शामिल हुईं

**नई दिल्ली (ए.)।** झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो )की विधायक सीता सोरेन ने अपनी पार्टी एवं विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा देने के बाद आज यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का दामन थाम लिया। रांची से यहां पहुंची श्रीमती सोरेन ने भाजपा के केन्द्रीय कार्यालय में भाजपा के महासचिव विनोद तावड़े, भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं झारखंड के प्रभारी लक्ष्मीकांत बाजपेयी के हाथों भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर श्री तावड़े ने कहा कि श्रीमती सोरेन के आने से झारखंड एवं आसपास के इलाकों में दिखेगा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आदिवासियों के हित के काम और तेजी से एवं प्रभावी ढंग से क्रियान्वित होंगे और उनका योगदान भी होगा।

### चुनाव कवरेज के लिये अधिकृत मीडियाकर्मियों को डाक से वोट की सुविधा

**नई दिल्ली (ए.)।** चुनाव आयोग ने आगामी आम चुनावों के संदर्भ में 'मीडिया कर्मियों' को 'आवश्यक सेवा श्रेणी' के तहत अधिसूचित किया है और उन्हें डाक से मतदान करने का अधिकार दिया है। आयोग की ओर से मंगलवार को जारी एक विज्ञप्ति में इस अधिसूचना को साझा करते हुये कहा गया है कि दिल्ली में वे मीडियाकर्मी जो मतदान के दिन कवरेज के लिये आयोग द्वारा अधिकृत हैं, वे डाक मतपत्र के माध्यम से अपना वोट डालने के विकल्प का लाभ उठा सकते हैं। आयोग ने कहा है कि इसके लिये वे मीडियाकर्मी उस संसदीय क्षेत्र के संबंधित डीईओ/आरओ के कार्यालय से फॉर्म 12 डी प्राप्त कर सकते हैं, जहां वे मतदाता के रूप में पंजीकृत हैं। वे संबंधित सीईओ/डीईओ की वेबसाइट से फॉर्म 12 डी भी डाउनलोड कर सकते हैं। आयोग ने कहा है कि वह हमेशा मीडिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव के संचालन में एक महत्वपूर्ण सहयोगी माना है। इस पहल से महोत्सव में मीडियाकर्मियों की भागीदारी में सुविधा होगी।

वोटिंग से पहले चुनाव आयोग का बड़ा फैसला

# चुनाव कवरेज में लगे मीडियाकर्मी पोस्टल बैलेट से डाल सकेंगे वोट, अधिसूचना जारी

**एजेंसी** | नई दिल्ली



चुनाव आयोग ने 16 मार्च को लोकसभा चुनाव 2024 की तारीखों का ऐलान किया। लोकसभा चुनाव के लिए 19 अप्रैल से मतदान की प्रक्रिया शुरू होगी जो सात चरणों में संपन्न होगी और मतगणना चार जून को होगी। यह दुनिया की सबसे बड़ी चुनाव प्रक्रिया होगी। इस चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए प्रयासरत हैं। इस बार लोकसभा चुनाव 2024 के लिए मतदान की प्रक्रिया 44 दिनों में पूरी होगी जो 1951-52 के पहले ससंदीय चुनाव के बाद मतदान की सबसे लंबी अवधि होगी। पहले चुनाव में मतदान चार महीने से अधिक समय तक चला था। देश में आम चुनाव की सबसे छोटी मतदान अवधि 1980 में थी जब महज चार दिनों में मतदान पूरा हो गया था। इस बार निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव की घोषणा से लेकर मतगणना होने तक तक चुनाव प्रक्रिया कुल 82 दिनों में पूरी होगी।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने चुनाव की घोषणा करते समय मतदान की इतनी लंबी अवधि के बारे बताया कि चुनावों की तारीखें क्षेत्रों तथा सार्वजनिक अवकाश, त्योहारों एवं परीक्षाओं को ध्यान में रखकर तय की गयी है। देश का पहला आम चुनाव 25 अक्टूबर, 1951 से लेकर 21 फरवरी 1952 तक चला था जो समयावधि के हिसाब से सबसे लंबा चुनाव था।

### लोस चुनाव 2024 में कुल 97 करोड़ पंजीकृत मतदाता

चुनाव आयोग ने बताया, लोकसभा चुनाव 2024 में कुल 97 करोड़ पंजीकृत मतदाता हैं। इनमें से 49।7 करोड़ पुरुष, 47।1 करोड़ महिलाएं और 48 हजार ट्रांसजेंडर शामिल हैं। साल 2019 के चुनाव में मतदाताओं की कुल संख्या 90 करोड़ थी।

## भाजपा द्वारा दरकिनार किए जाने के बाद पारस ने केंद्रीय मंत्री पद से दिया इस्तीफा



**पटना (नि.सं.)।** बिहार में लोकसभा चुनाव के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दलों के बीच सीट बंटवारे में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा दरकिनार किए जाने के एक दिन बाद राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (रालोजपा) के अध्यक्ष एवं केन्द्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस ने मंगलवार को केन्द्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया। श्री पारस ने इस्तीफा देने की घोषणा करने के साथ ही कहा कि वह सीट बंटवारे में अपनी पार्टी के साथ न्याय नहीं किये जाने से नाराज हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी महान कद के नेता हैं जिन्होंने उन्हें अपने मंत्रिमंडल में मंत्री के रूप में काम करने का अवसर दिया। उन्होंने कहा कि सीट बंटवारे में अनदेखी के बाद उनके पास मंत्रिमंडल में बने रहने का कोई कारण नहीं था। हालाँकि उन्होंने अपने अगले कदम के बारे में बताने से इनकार कर दिया। श्री पारस ने कहा कि मैं राजग द्वारा सीट बंटवारे पर आधिकारिक घोषणा का इंतजार कर रहा था। कल राजग ने बिहार में 40 लोकसभा सीटों के लिए सीट बंटवारे की घोषणा की थी। मेरी पार्टी के पांच सांसद थे, लेकिन किसी दावे पर विचार नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि मैंने पूरी ईमानदारी से काम किया। हमारे साथ अन्याय हुआ है।

# सीएए पर केंद्र को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस, अगली सुनवाई नौ अप्रैल को

**एजेंसी** | नयी दिल्ली



उच्चतम न्यायालय ने नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए)-2019 और नागरिक संशोधन नियम- 2024 (11 मार्च 2024 को अधिसूचित) के कार्यान्वयन पर रोक लगाने की मांग वाली याचिकाओं पर मंगलवार को केंद्र सरकार को नोटिस जारी करते हुए अगली सुनवाई की तारीख नौ अप्रैल मुकर्रर की।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद केंद्र सरकार को जबाव देने का निर्देश दिया। पीठ ने सीएए अधिनियम और नियमों के तहत नागरिकता देने से केंद्र सरकार को रोकने का निर्देश देने की याचिकाकर्ताओं की गुहार ठुकराते हुए कहा, 'हम कोई प्रथम दृष्टया विचार व्यक्त नहीं कर रहे हैं। शीर्ष अदालत ने हालांकि, केंद्र सरकार को नोटिस जारी करके उसे अपना पक्ष तीन सप्ताह के भीतर रखने का निर्देश दिया।

पीठ के समक्ष केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलील देते हुए जबाव के लिए चार सप्ताह का समय देने की गुहार लगाई। उन्होंने पीठ के समक्ष कहा कि दो सौ 37 याचिकाएं हैं। रोक (सीएए पर) लगाने की मांग करते हुए 20 आवेदन हैं। मुझे जवाब दाखिल करने के लिए समय चाहिए। अधिनियम (सीएए) किसी की नागरिकता नहीं छीनता है। याचिकाकर्ताओं के प्रति कोई पूर्वाग्रह नहीं है। दूसरी ओर, याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ताओं कपिल सिब्बल, इंदिरा जयसिंह और विजय हंसारिया ने चार सप्ताह का समय देने की केंद्र के अनुरोध का विरोध किया।

अधिवक्ताओं ने पीठ से बार -बार अनुरोध किया कि कहा कि वह सॉलीसीटर जनरल श्री मेहता से बयान देने को कहें कि इस बीच (याचिकाओं पर फैसला होने तक) किसी को नागरिकता नहीं दी जाएगी, क्योंकि एक बार नागरिकता मिलने के बाद पूरी प्रक्रिया अपरिवर्तनीय हो जाएगी और मामला निरर्थक हो जाएगा। पीठ के समक्ष दलील देते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता सिब्बल और जयसिंह ने कहा कि पहले जब शीर्ष अदालत ने 22 जनवरी 2020 को मामले में केंद्र को नोटिस जारी किया था तो उसने रोक के सवाल पर विचार नहीं किया था, क्योंकि तब तक सीएए संबंधी कोई नियम अधिसूचित नहीं किया गया था। श्री सिब्बल ने कहा कि चार साल बाद 11 मार्च को अधिसूचना जारी की गई। अगर किसी को नागरिकता मिलती है तो वह अपरिवर्तनीय होगी। आप इसे वापस नहीं ले सकते। यह निष्फल हो जाएगी।

वरिष्ठ अधिवक्ता जयसिंह ने भी कहा कि जब तक अदालत इस मामले की सुनवाई नहीं कर लेती तब तक इस (सीएए) पर रोक लगाई जानी चाहिए। याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ताओं की ओर से बार-बार दलील देने पर पीठ ने कहा कि नागरिकता देने के लिए बुनियादी ढांचा अभी तक तैयार नहीं हुआ है। अधिवक्ता निज़ामुद्दीन पाशा ने पीठ के समक्ष कहा कि असम का मुद्दा उठाया।

## बीएनएमयू के वार्षिक सीनेट बैठक में 10.35 अरब बजट पास

**राज्यपाल ने कहा, काम में तेजी की जरूरत, खुद का सॉफ्टवेयर भी करना चाहिए डेवलप**

**निज संवाददाता** | मधेपुरा




मधेपुरा के बीएन मंडल विश्वविद्यालय में सीनेट की वार्षिक बैठक मंगलवार को राज्यपाल सह कुलाधिपति राजेन्द्र विश्ववनाथ आर्लेकर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विवि के वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 10.35 अरब बजट अनुमोदित किया गया। इसमें आंतरिक स्रोत से कुल अनुमानित आय एक अरब 83 करोड़ 76 लाख 39 हजार 181 रुपए है। जबकि सरकार से 8 अरब 51 करोड़ 92 लाख 41 हजार 806 रुपए अपेक्षित है।

राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने कहा कि विभिन्न विश्वविद्यालयों में सत्र देरी से चल रहे है। इसके कारण छात्रों की पढ़ाई समय पर पूरी नहीं हो रही है। इसमें सुधार के लिए कड़े कदम उठाए जा रहे है। जून से पहले सभी पाठ्यक्रमों को नियमित करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने आगे कहा कि विश्वविद्यालयों में अनुकंपा का मामला लंबित है। 8 दिनों के अंदर अनुकंपा की बैठकें होनी चाहिए और मामलों का समाधान किया जाना चाहिए।

इसके अलावा राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालयों में यूएमआईएस के निजी एजेंसियों की ओर से कुलपति को ब्लैकमेल किया जाता है। विश्वविद्यालय के छात्रों का सब डेटा बाहर के एजेंसी के पास होता है। इसके लिए विश्वविद्यालय को अपना सॉफ्टवेयर डेवलप करना चाहिए। उन्होंने विश्वविद्यालय को खुद का सॉफ्टवेयर विकसित करने की भी बात कही ताकि डेटा विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित रहे।बैठक में मंच पर कुलाधिपति के साथ कुलपति प्रो विमलेंदु शेखर झा, कुलाधिपति के प्रधान सचिव आरएल चोंग्थू, बीएनएमयू के कुलसचिव प्रो मिहिर कुमार ठाकुर मौजूद थे। वहीं सीनेट की बैठक में एमएलसी डॉ संजीव कुमार सिंह, डॉ अजय सिंह, विधायक चंद्रहास चौपाल, विधायक निरंजन मेहता सहित अन्य सीनेटर मौजूद थे।

## पटना, हाजीपुर समेत कई जिलों में बारिश, 26 जिलों में येलो अलर्ट

**नि जसंवाददाता**



**पटना।** पटना, हाजीपुर समेत बिहार के कई जिलों में मंगलवार को मौसम ने अचानक करवट ली है। साढ़े 12 बजे के बाद राजधानी में बादल छा गए और हल्की बूंदाबांदी हुई है। मौसम विभाग ने प्रदेश के 26 जिलों में बारिश को लेकर के येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने 19 से 22 मार्च तक राज्य के कई हिस्सों में बारिश की संभावना जताई है। वहीं राज्य के बाकी जिलों में एक-दो स्थानों पर मेघगर्जन के साथ ठनका गिर सकता है। 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है। विभाग के अनुसार एक टर्फ रेखा झारखंड से ओडिशा की ओर गुजर रही है। साथ ही एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन पश्चिमी उत्तर प्रदेश और आसपास इलाके में स्थित है। एक और साइक्लोनिक सर्कुलेशन असम के ऊपर भी है। इन वजहों से बिहार के मौसम में भी बदलाव होने वाला है। मौसम विभाग के वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया कि अगले दो दिन में अधिकतम तापमान में कोई बदलाव नहीं होगा। इसके बाद अधिकतम तापमान में 2 से 4 डिग्री की कमी होगी।







## संक्षिप्त समाचार

### पेंशनरों ने होली पर्व शांति व सद्भाव पूर्ण मनाने की अपील



**नारदीगंज।** पेंशनर भवन नारदीगंज में मंगलवार को होली मिलन समारोह आयोजित की गई। अध्यक्षता पेंशनर समाज प्रखंड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद ने की। इस मौके पर एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली पर्व की नागरिकों,अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, चिकित्सा पदाधिकारियों, प्रशासन अधिकारियों, मीडियाकर्मियों को शुभकामनाएं देते हुए शांति, सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। कहा कि यह रंगोत्सव का पर्व है,हिंदुओं का प्रमुख त्योहार है। समाज के हर वर्ग के लोगों के साथ भाईचारे व आपसी मतभेद को भुलाकर यह पावन पर्व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कही। मौके पर सचिव श्रीकांत सिंह, रामशरण सिंह, कामता प्रसाद सिंह,यमुना सिंह समेत अन्य शामिल हुए।

### दो महिलाओं को हुआ बंध्याकरण

**नारदीगंज।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारदीगंज में मंगलवार को परिवार नियोजन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा0 नवीन कुमार ने प्रखंड के विभिन्न गांवों के दो महिलाओं को बंध्याकरण ऑपरेशन किया था।कार्यक्रम में लैब टेक्नीशियन जितेन्द्र कुमार व आशुतोष कुमार ने परिवार नियोजन में शामिल महिलाओं को खून जांच,मूत्र जांच,रक्त चाप व अन्य जांच किया।इस मौके पर एएनएम स्वर्णलता कुमारी, परिचारी आशिफ समेत अन्य शामिल रहे।

### खाटू श्याम की भव्य झांकी के साथ मारवाड़ी समाज ने निकाली निशान यात्रा

**वारिसलीगंज।** नगर परिषद क्षेत्र में मारवाड़ी समाज के द्वारा खाटू श्याम को लेकर भव्य निशान यात्रा निकाली गयी. यात्रा में भगवान श्री कृष्ण एवं राधिका के भेष भूषा में बंगाल के कलाकारों के साथ सैकड़ो महिला एवं पुरुषों ने भक्ति गीतों पर नाचते गाते नगर का भ्रमण किया.यात्रा में महिला पुरुष पीले परिधानों में सज धज कर श्याम का जयकारा लगाते हुए एक दूसरे को रंग ग़ुलाल एवं फूल के पखुड़ियों को उड़ाते रहे.नगर के गुमटी रोड स्थित दुर्गा मंदिर से निकली निशान यात्रा मुख्य मार्ग होते हुए पूजा स्थल पर जाकर समाप्त हो गयी.वहीं शाम में प्रारम्भ हुई भजन संध्या में कलाकारों ने भक्ति गीत एवं संगीत से शमा बांध दिया. पूजा स्थल पर श्रद्धांलुओं के द्वारा भगवान श्री कृष्ण की आराधना में लीन रहे कार्यक्रम को सफल बनाने में मारवाड़ी समाज के अध्यक्ष पंकज कमलिया,उपाध्यक्ष कन्हैया तम्बाकू बाला,सचिव पवन वंका, उप सचिव मनीष कमलिया, प्रेम अग्रवाल, सज्जन वंका, प्रमोद, पंकज शर्मा, कन्हैया, अंकित संजय जालान,रविंद्र शर्मा,अनीता कमलिया, मयंक कमलिया केशव, मुकुंद,ध्रुव,मीतू तम्बाकू बाला सहित समाज के दर्जनों लोगों की सहभागिता रही. समारोह की सफलता को लेकर समाज के उप सचिव मनीष कमलिया ने बताया की खाटू श्याम की निशान यात्रा पिछले चार बर्षो से निकाली जा रही है. पारम्परिक तरीके से समाज के लोगों के द्वारा पूजा अर्चना भक्ति भाव से पूरी श्रद्धा के साथ खाटू श्याम की पूजा किया जाता है. मौक़े पर सैकड़ो महिला एवं पुरुष मौजूद थे.

### जोकिया पंचायत के घुसहा में तीन अलग-अलग जगहों पर हुई चोरी की घटना, लोगों में आक्रोश

**भगवानपुर बेगूसराय।** भगवानपुर थाना क्षेत्र के जोकिया पंचायत के घुसहा गांव में बीती रात तीन अलग-अलग जगहों पर अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। यह चोरी की घटना घुसहा वार्ड छह निवासी मोहम्मद इसराफिल, बम-बम कुमार सिंह के घर एवं रंजीत साह के डेरा में हुई है। मो इसराफिल ने बताया कि घर में सभी सदस्य सोए हुए थे। इसी दौरान करीब एक बजे रात के आसपास अज्ञात चोरों ने छत की सीढ़ी के सहारे घर में घुसकर शर्ट में रखे नगद 500 रुपये चोरी कर लिया।इस दौरान चोरों ने घर के विभिन्न कमरों में चोरी का भी प्रयास किया एवं सामान इधर-उधर विखेड़ दिया। वहीं बम बम कुमार सिंह की पत्नी चिंटू देवी ने बताया कि चोरों ने सुनसान घर पाकर घुसकर पेटी तोड़कर झुमका ,ढोलना, मंगल सूत लगभग ढाई भरी की सोना की विभिन्न जेवरात व 12 भरी चांदी की जेबरात सहित एक स्मार्ट मोबाइल भी चोरी कर ली । वहीं रंजीत साह के डेरा पर रखे डीजे मशीन भी चोरी करने का प्रयास किया लेकिन पुलिस को रास्ते में बांध पर गश्ती देखते ही चोरों ने साइकिल पर लदे डीजे की मशीन सहित साईकिल को छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला। इधर मंगलवार की सुबह घटना की सूचना पाकर नौला पुलिस कैंप प्रभारी वरुण कुमार एवं भगवानपुर पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन की। हालांकि इस दौरान खोजी कुत्ता का सहारा भी लिया गया। लेकिन चोरी का कोई सुराग नहीं मिल सका। जदयू किसान प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष सुमन कुमार ने कहा कि इस क्षेत्र में पुलिस गश्ती बहुत कम होती है। जिससे चोरों सहित शराब कारोबारी का काफी मनोबल बढ़ा हुआ है। उन्होंने पुलिस पदाधिकारी से चोरों व शराबियों व शराब माफियाओं पर कारवाई की मांग की है।

### निष्पक्ष चुनाव हेतु जागरूकता अभियान

**गढ़पुरा बेगूसराय।** आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर चुनाव आयोग के दिशा निर्देशानुसार प्रशासनिक अधिकारी के अलावे जिला प्रशासन अंतर्गत विभिन्न संगठनों ने भी निष्पक्ष मतदान को ले लोगों के बीच जागरूकता फैला रहे हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को वैष्णवी जीविका महिला ग्राम संगठन की दीदियों ने लोकसभा चुनाव 2024 में शत् प्रतिशत मतदान हेतु संकल्प लिया । इसके अलावा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न संगठनों के जीविका दीदी ने भी अपने-अपने केंद्र पर शत् प्रतिशत मतदान में अपना सहयोग करने का संकल्प लिया। मौके पर अध्यक्ष अरहुला देवी,सचिव अख्तरी खातून कोषाध्यक्ष गुलशन खातून समय आदि जीविका दीदी उपस्थित थी।

### घटिया सामग्री से हो रहे नाला निर्माण को ग्रामीणों ने रोका

**बखरी बेगूसराय।** बखरी में एक बार फिर घटिया सामग्री से हो रहे नाला निर्माण कार्य रोकने का मामला सामने आया है। ताजा मामला नगर के वार्ड नंबर 14 कैलाश नगर नोनिया टोला की है। जहां हो रहे घटिया नाला निर्माण को ग्रामीणों ने मंगलवार को रोक दिया है। घटिया सामग्री से हो रहे नाला निर्माण को देख हो-हंगामा करते हुए ग्रामीण नागेश्वर महतो, बन्ना महतो, दुलारचंद महतो, संजय महतो आदि लोगों ने आरोप लगाते कहा कि संवेदक के द्वारा नाला के निर्माण में एस्टीमेट के अनुसार कोई भी कार्य नहीं किया जा रहा है। संवेदक मनमाने तरीके से नाला निर्माण कार्य करने में लगे हुए हैं।

### भाजपा का विधानसभा स्तरीय बैठक संपन्न

**बखरी बेगूसराय।** भारतीय जनता पार्टी की विधानसभा स्तरीय बैठक नगर क्षेत्र के शकरपुरा में मंगलवार को सम्पन्न हुई। नावकोठी के वयोवृद्ध नेता विश्वनाथ सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक को संबोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष कृष्णमोहन पप्पू ने कहा कि विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार भी नेतृत्व का मौका देने के लिए देश की जनता कृतसंकल्पित है। पार्टी ने 400 पार सीटों पर जीत का लक्ष्य रखा है। जिसे कार्यकर्ताओं को पूरा करना है। पूर्व पार्षद सिधेश आर्य ने कहा कि एनडीए में बेगूसराय की सीट एक बार फिर से भाजपा को मिली है। पिछले लोकसभा में जीत का अंतर लगभग चार लाख वोटों से भी अधिक है। इस निमित्त अलग अलग कोषांगो का गठन किया गया। बैठक में विधानसभा संयोजक रामशंकर पासवान, जिला महामंत्री रामप्रवेश सहनी,पूर्व जिला महामंत्री पवन सिंह,सुनील सिंह,नगर अध्यक्ष अमरनाथ पाठक, ग्रामीण अध्यक्ष मनोज महतो, डंडारी अध्यक्ष सुमित गुड्डू, गढपुरा अध्यक्ष संजीत ठाकुर,आलोक कुमार बंटी, गौतम सिंह राठौड़, प्रिंस सिंह परमार,मणीश पाठक,रामरतन वर्मा, विनोद झा,ईं अभिषेक कुमार आदि मौजूद थे।

---

**भजन संध्या के साथ धूमधाम से सम्पन्न हुई दो दिवसीय कार्यक्रम**

# खाटू श्याम की भव्य झांकी के साथ मारवाड़ी समाज ने निकाली निशान यात्रा





निज संवाददाता। **वारिसलीगंज**

नगर परिषद क्षेत्र में मारवाड़ी समाज के द्वारा खाटू श्याम को लेकर भव्य निशान यात्रा निकाली गयी. यात्रा में भगवान श्री कृष्ण एवं राधिका के भेष भूषा में बंगाल के कलाकारों के साथ सैकड़ो महिला एवं पुरुषों ने भक्ति गीतों पर नाचते गाते नगर का भ्रमण किया.यात्रा में महिला पुरुष पीले परिधानों में सज धज कर श्याम का जयकारा लगाते हुए एक दूसरे को रंग ग़ुलाल एवं फूल के पखुड़ियों को उड़ाते रहे.नगर के गुमटी रोड स्थित दुर्गा मंदिर से निकली निशान यात्रा मुख्य मार्ग होते हुए पूजा स्थल पर जाकर समाप्त हो गयी.वहीं शाम में प्रारम्भ हुई भजन संध्या में कलाकारों ने भक्ति गीत एवं संगीत से शमा बांध दिया. पूजा स्थल पर श्रद्धांलुओं के द्वारा भगवान श्री कृष्ण की आराधना में लीन रहे कार्यक्रम को सफल बनाने में मारवाड़ी समाज के अध्यक्ष पंकज कमलिया, सचिव पवन वंका, उप सचिव मनीष कमलिया, प्रेम अग्रवाल, सज्जन वंका, प्रमोद, पंकज शर्मा, कन्हैया, अंकित संजय जालान,रविंद्र शर्मा,अनीता कमलिया, मयंक कमलिया केशव, मुकुंद,ध्रुव,मीतू तम्बाकू बाला सहित समाज के दर्जनों लोगों की सहभागिता रही. समारोह की सफलता को लेकर समाज के उप सचिव मनीष कमलिया ने बताया की खाटू श्याम की निशान यात्रा पिछले चार बर्षो से निकाली जा रही है. पारम्परिक तरीके से समाज के लोगों के द्वारा पूजा अर्चना भक्ति भाव से पूरी श्रद्धा के साथ खाटू श्याम की पूजा किया जाता है. मौक़े पर सैकड़ो महिला एवं पुरुष मौजूद थे.

# चाकू मारकर युवक को किया जख्मी



निज संवाददाता। **नारदीगंज**

थाना क्षेत्र में नारदीगंज कॉलेज नारदीगंज के समीप बगीचा में बाइक सवार अज्ञात बदमाशों ने एक युवक को चाकू मारकर जख्मी कर दिया। घटना के अंजाम देने के बाद सभी बदमाश बाइक पर सवार होकर भाग गए। घटना मंगलवार को दोपहर के बाद में घटी। जख्मी की पहचान हिसुआ थाना क्षेत्र के हिसुआ के यादव नगर निवासी उमा यादव के 19 वर्षीय पुत्र शिव शंकर राय बताया जा रहा है।घटना की सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। घटना होते ही अफरातफरी मच गई।जख्मी हालत में उसे इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हिसुआ ले जाया गया।जहां कार्यरत चिकित्सक ने प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल नवादा भेज दिया।बताया जाता है कि जख्मी युवक किसी को स्नातक खंड प्रथम की परीक्षा दिलाने के लिए नारदीगंज कॉलेज आया था,वह कॉलेज के समीप बगीचा में बैठा हुआ था,तभी बाइक सवार बदमाशों ने पहुंच कर उसे चाकू मारकर जख्मी कर दिया, और घटना के बाद सभी बाइक से भाग गए। थानाध्यक्ष राजगृह प्रसाद ने बताया घटना की जानकारी मिली है,छानबीन के दौरान जानकारी मिली कि जख्मी युवक किसी को परीक्षा दिलवाने के लिए पहुंचा था,उन्होंने कहा घटना के पीछे क्या कारण है,पुलिस हर पहलू पर जांच में जुटी हुई है।वही वैसे इस घटना में संलिप्त बदमाशों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जाएगा।

# बिना गुरुकृपा के ज्ञान नहीं है सम्भव-ऋत्विक नवल

निज संवाददाता। **नारदीगंज**

श्री श्री अनुकूल चंद ठाकुर जी का सत्संग समारोह का आयोजन मंगलवार को हुआ। यह कार्यक्रम पेंशनर भवन नारदीगंज में आयोजित की गई। अध्यक्षता पेंशनर समाज प्रखंड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद ने की। इस दौरान ऋत्विक नवल किशोर प्रसाद दा, सुरेश दा, चंद्रिका दा, कृष्ण नंदन दा, गोरे लाल दा, केदार दा, प्रमोद दा समेत अन्य लोगों ने कार्यक्रम के पूर्व श्री श्री अनुकूल चंद ठाकुर जी के टेल चित्रों पर भक्तिभाव से पुष्पमालाओं को अर्पित कर कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डालें। इस दौरान वाद्ययंत्रों के धुन पर उपस्थित लोगों ने श्रद्धाभाव से भजन कीर्तन में तल्लीन रहे।भजन कीर्तन होने से सारा वातावरण भक्तिमय रहा।मौके पर ऋत्विक नवल दा ने कहा गुरु के बिना ज्ञान सम्भव नहीं है,जीवन मयी नौका को पार लगाने वाले भगवान ही हैं,उनके शरण में जाओ। सत्संग ही जीने का मार्ग बताती है।उन्होंने कहा अनुभव करो,किंतु अभिभूत मत पड़ो, अन्यथा चल नहीं पाओगे,यदि अभिभूत होना है,तो ईश्वर से प्रेम करो।वही समाज सचिव श्रीकांत सिंह ने कहा हमसभी का सौभाग्य है कि इस पेंशनर भवन में देवघर के प्रधान ऋत्विक नवल किशोर दा ने श्री श्री ठाकुर जी का सत्संग समारोह धूमधाम से आयोजित की है,और प्रवचन सुनने का मौका भी मिला कि गुरु की महिमा की जानकारी प्राप्त हुई, गुरू की गरिमा असीम अपार होती है।यह कार्यक्रम काफी सराहनीय रहा। इस मौके पर लोगों ने दीक्षा भी प्राप्त किया। मौके पर बिपिन कुमार,गौतम कुमार, नरेश कुमार,सियाशरण दास, परमेश्वर राम समेत अन्य लोगों ने भक्तिभाव से प्रवचन का श्रवण किया।

# रामचंद्र सोनी बने भारत विकास परिषद जिलाध्यक्ष, राजेंद्र सचिव और मुकेश को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी




निज संवाददाता। **नवादा**

भारत विकास परिषद दक्षिण मगध बिहार प्रांत के नवादा शाखा का सत्र 24 - 25 के लिए चुनाव सह होली मिलन समारोह का आयोजन अहिवरण पैलेस नवादा के प्रांगण में हुआ। जिसमें प्रांतीय पर्यवेक्षक के रूप में प्रोफेसर रंजन आशुतोष रणजी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं सभी सदस्यों द्वारा सामूहिक राष्ट्रगीत वन्देमातरम गाकर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष डॉ मनोज कुमार ने किया। गया शाखा सचिव रामचंद्र कुमार सोनी ने पिछले सत्र 2024 - 25 में परिषद द्वारा किए गए कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। इसके बाद विधिवत चुनाव की प्रक्रिया प्रोफेसर आशुतोष रंजन पर्यवेक्षक एवं प्रांतीय संगठन मंत्री मुन्ना प्रसाद के देखरेख में हुआ। जिसमें सर्वसम्मति से नवादा शाखा अध्यक्ष , सचिव , कोषाध्यक्ष पद का निर्वाचन हुआ। अध्यक्ष ₹ रामचंद्र कुमार सोनी सचिव ₹ राजेंद्र प्रसाद कोषाध्यक्ष ₹ मुकेश कुमार इस अवसर पर सभी नव नियुक्त दायित्व धारी ने संकल्प लिया कि नवादा शाखा द्वारा किए गए कार्यों को और तेज गति से सभी के सहयोग से गतिमान किया जाएगा। इसके बाद पूरे उपस्थित सदस्यों ने सामूहिक रूप से होली मिलन समारोह का शुरुआत रंग गुलाल लगा कर किया एवं मीठे व्यंजनों के साथ की सभी नव नियुक्त दायित्व धारी को बधाई एवम शुभकामनाएं दी ।

इस अवसर पर शिवम शाखा हिसुआ के अध्यक्ष अध्यक्ष एवं सचिव, बिहार श्री शाखा के सचिव एवं संगठन सचिव, नवादा शाखा से संदीप कुमार चुन्नू ,पवन कुमार ,विपिन कुमार ,डॉ सुनील कुमार, अजय कुमार ,संजय कुमार, सुनील कुमार ,केपी मगहिया ,अभय रंजन प्रसाद ,अभय कुमार श्रीवास्तव ,नीरज लोहानी, नवीन कुमार ,सत्येंद्र प्रसाद, विवेक चंद्र धीर, संजीव कुमार एवं परिषद के अन्य सदस्य की सहभागिता सराहनीय रहा। जानकारी मीडिया प्रभारी अरविंद कुमार गुप्ता ने दी।

# नव निर्वाचित जिप अध्यक्ष और पति पर FIR, आचार संहिता का उल्लंघन का मामला



निज संवाददाता। **बक्सर**

बक्सर में एक दिन पहले बनी जिप अध्यक्ष सरोजा देवी और उनके पति परमा यादव पर आचार संहिता उल्लंघन का आरोप लगा बक्सर सीओ प्रशांत शंजीलय के द्वारा एफआईआर दर्ज हुई है। उसमें कहा गया कि बक्सर समहरणाल के पास दोनों ने लगभग 50 की संख्या की भीड़ इकट्ठी की थी। विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न की गई जिसकी जानकारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा दी गई, जिसके आलोक में सीओ द्वारा नगर थाना को आवेदन दे करवाई की मांग की है। एफआईआर दर्ज कर नगर थाना द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है। 16 मार्च से चुनाव आयोग द्वारा जैसे ही लोकसभा चुनाव की घोषणा की गई, वैसे ही क्षेत्र में आचार संहिता प्रभावी हो गया। साथ ही डीएम अंशुल अग्रवाल द्वारा धारा 144 लागू कर दी गई। इसके कारण बिना अनुमति के एक जगह पर भीड़ इकट्ठा नहीं की जा सकती, लेकिन जीत के जश्न में नप अध्यक्ष और उनके समर्थक द्वारा जमकर इसका उल्लंघन किया गया। बक्सर समाहरणालय के पास भीड़ इकट्ठी कर जमकर अबीर गुलाल उड़ाए गए। पिछले महीने फरवरी में पूर्व अध्यक्ष विद्या भारती के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था। तब 13 सदस्यों ने उनके विरुद्ध मतदान किया था। उसके बाद कानूनी खेल चलता रहा और अध्यक्ष के चुनाव की तिथि टलती रही। लेकिन अंततः कल 18 मार्च को यह प्रक्रिया संपन्न कर ली गई। चक्की की जिला पार्षद सरोज देवी जो पूर्व जिला पार्षद परमा यादव की पत्नी हैं। निर्विरोध अध्यक्ष बनाई गई जिनके काफी संख्या में मौजूद समर्थकों द्वारा जीत का जश्न मनाया गया। चौक चौराहों पर मौजूद प्रतिमाओं पर माल्यार्पण भी किया गया।

**प्रशासनिक तैयारियां पूरी,लोग निर्भीक होकर करें मतदान,एसडीओ**

# लोकसभा चुनाव एवं त्यौहार को लेकर एसडीओ एवं एसडीपीओ ने निकाला फ्लैग मार्च

**सज्जनों में विश्वास एवं असामाजिक तत्वों में डर का संदेश,एसडीपीओ**



निज संवाददाता। **रजौली**

मुख्यालय में मंगलवार को एसडीओ आदित्य कुमार पीयूष एवं एसडीपीओ गुलशन कुमार के नेतृत्व में लोकसभा चुनाव एवं त्यौहारों को लेकर अर्धसैनिक बलों एवं पुलिस बलों के सहयोग से फ्लैग मार्च निकाला गया।इस दौरान एसएसबी कमांडेंट रुषिकेश चौभान,बीडीओ अनिल मिस्त्री,सीओ मो गुफरान मजहरी एवं थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार भी मौजूद रहे।फ्लैग मार्च मुख्यालय के बजरंगबलि चौक,पुरानी बस स्टैंड,बाजार,जगजीवन नगर,पुरानी बस स्टैंड एवं बायपास आदि जगहों पर भ्रमण किया।एसडीओ आदित्य कुमार पीयूष ने कहा कि लोकतंत्र के महान पर्व कहे जाने वाले लोकसभा का चुनाव पहले चरण में होने जा रहा है।उन्होंने कहा कि चुनाव को लेकर प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई है।मतदाताओं में सुरक्षा के भाव को लेकर पुलिस बलों एवं अर्धसैनिक बलों की सहायता से फ्लैग मार्च निकाला गया है। ताकि सभी मतदाता निर्भीक होकर मतदान करें।साथ ही बताया कि कि चुनाव से पूर्व होली,रमजान एवं रामनवमी त्यौहार हैं।फ्लैग मार्च के माध्यम से लोगों से अपील किया गया है कि चुनाव आयोग के निर्देशों का पालन करें।साथ ही शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण त्यौहार मनाएं।प्रशासन आपकी सेवा में सदैव तत्पर है।संदेहास्पद चीजों को लेकर पुलिस व प्रशासन को सूचित करें।वहीं एसडीपीओ गुलशन कुमार ने कहा कि फ्लैग मार्च का मुख्य उद्देश्य सज्जन लोगों के मनों में सुरक्षा का भाव प्रकट करना एवं असामाजिक तत्वों के मन मे भय का भाव प्रकट करना है।साथ ही उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अशांति फैलाने वाले लोगों के विरुद्ध सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# किसान मेला सह प्राकृतिक खेती जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन




निज संवाददाता। **कौआकोल**

प्रखण्ड के जेपी आश्रम परिसर में मंगलवार को कृषि विज्ञान केंद्र,ग्राम निर्माण मंडल सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा,नवादा के द्वारा अनुसूचित जाति उपयोजना के अंतर्गत एक दिवसीय किसान मेला सह प्राकृतिक खेती जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अटारी जोन-4 पटना के प्रधान वैज्ञानिक डॉ० मनोबुल्लाह,ICAR-ECRC,पटना के प्रधान वैज्ञानिक डॉ० अभय कुमार,नावार्ड के डी डीएम,सुशांत रौशन,अग्रणी बैंक प्रबंधक संजीव कुमार दास,ग्राम निर्माण मंडल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार,प्रभारी वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ० जयवंत कुमार सिंह,कृषि वैज्ञानिक डॉ० धनंजय कुमार एवं अंगद कुमार ने संयुक्त रुप से फीता काटकर एवं द्वीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में जिला भर के अनुसूचित जाति एवं अन्य समुदाय के लगभग 1000 किसानों ने भाग लेकर कृषि एवं पशुपालन के नवीनतम तकनीक के प्रदर्शन इकाई का स्टॉल के माध्यम से देखा और लाभ उठाया। वहीं कार्यक्रम के दौरान जिला के 11 प्रगतिशील किसानों को प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अटारी जोन -4 के प्रधान वैज्ञानिक डॉ० मनोबुल्लाह ने अपने संबोधन में किसानों को कृषि के साथ साथ पशुपालन पर भी ध्यान देने की सलाह दिया। उन्होंने किसानों को कुक्कुट पालन,बकरी पालन,गौ पालन,मछली पालन आदि करने पर जोर दिया। ताकि किसानों की आमदनी बढ़ सके। प्रधान वैज्ञानिक डॉ० अभय कुमार ने अपने संबोधन में किसानों की आय बढ़ोतरी में उन्नत कृषि के नवीनतम तकनीक को अपनाने पर बल दिया। किसान मेला में 35 विभिन्न स्टॉल के माध्यम से किसानों को कृषि एवं पशुपालन के नवीनतम तकनीक को प्रदर्शन के माध्यम से दिखाया गया। कार्यक्रम में आये लोगों का स्वागत कृषि वैज्ञानिक डॉ० धनंजय कुमार जबकि धन्यवाद ज्ञापन रोशन कुमार ने किया। मौके पर नवादा सदर के अनुमंडल कृषि पदाधिकारी कुंदन कुमार,रजौली के अनुमंडल कृषि पदाधिकारी डॉ० अविनाश कुमार,इफ्फको के प्रतिनिधि प्रिंस राज,आत्मा के उप निदेशक अभिषेक रंजन,सहायक निदेशक प्रक्षेत्र पुष्प लता समेत कृषि विज्ञान केंद्र एवं ग्राम निर्माण मण्डल सर्वोदय आश्रम के सभी कर्मी मौजूद थे।

# आर्य समाज का जिला कमिटी का किया गया पुनर्गठन




निज संवाददाता। **कौआकोल**

जिले के कौआकोल प्रखण्ड के मड़पो गांव में 16 मार्च से चल रहे आर्य महासम्मेलन सह विश्व कल्याण महायज्ञ के चौथे दिन आर्य समाज की जिला कमिटी का पुनर्गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से सत्यनारायण आर्य को प्रधान,कुन्दन कुमार आर्य को मंत्री,जय नारायण प्रसाद आर्य को कोषाध्यक्ष,युगल किशोर आर्य,भोला प्रसाद आर्य एवं सुनील कुमार आर्य को उप प्रधान,नवादा के शांति आर्य एवं कादिरगंज के मथुरा प्रसाद आर्य एवं हिसुआ के उदय भारती को उप मंत्री,संतोष कुमार आर्य को पुस्तकाध्यक्ष,नेमदारगंज के रंजीत कुमार आर्य को अंकेक्षक तथा नेमदारगंज के अश्विनी कुमार आर्य,चोंगवा कौआकोल के चन्देश्वर प्रसाद आर्य एवं मठ गुलनी के जय प्रकाश आर्य को संरक्षक बनाया गया है। आर्य समाज के सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने आर्य समाज के विस्तार एवं धर्म के प्रचार-प्रसार पर बल दिया।

नशा करने के बाद चलने के क्रम में ट्रैक पर आए तीन युवक

# मालगाड़ी की चपेट में आए तीन युवक एक युवक की मौत, एक घायल



निज संवाददाता

**डेहरी-ऑन-सोन (रोहतास)**। रोहतास के डालमियानगर थाना क्षेत्र में रेलवे के डीएफसीसी ट्रैक पर मंगलवार को तीन युवक मालगाड़ी की चपेट में आ गए। इसमें एक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया है। वहीं, तीसरा बाल-बाल बच गया है। बता दें कि तीन युवक रेलवे लाइन के पास स्थित झाड़ियों में नशा आदि करने के बाद चलने के क्रम में ट्रैक पर आ गए। इस पर एक ट्रेन आ गई। तीनों ने भागने की कोशिश की, लेकिन एक की मौत हो गई। जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। तीसरा बाल-बाल बच गया। मौके पर पहुंची आरपीएफ ने डालमियानगर थाने को सूचना दी। इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच तुरंत कार्रवाई शुरू की। मृतक की पहचान देवानंद कुमार(21) के रूप में की गई है। जो औरंगाबाद के सिरिश थाना के गोपालपुर गांव का रहने वाला है। जबकि गंभीर रूप से घायल प्रकाश श्रीवास्तव(21) डेहरी के न्यू एरिया का रहने वाला है। जबकि तीसरा युवक शेखर कुमार, गोपाली चौक आरा का रहने वाला है। डालमियानगर की थानाध्यक्ष खुशी राज ने बताया कि मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल, सासाराम भेजा गया है। घायल को इलाज के लिए ले जाया गया है। तीसरा युवक नशे की हालत में है। जिसे पुलिस द्वारा संरक्षण में रखा गया है।

## करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

निज संवाददाता

**अरवल**। करपी थाना क्षेत्र के पचकेश्वर गांव में नव निर्मित छत पर पानी डाल रहे एक व्यक्ति की हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों ने उसे करपी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया था, जहां पर उसकी मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि नव निर्मित मकान की छत पर चढ़कर युवक पानी डाल रहा था। इस दौरान तार की चपेट में आ गया और घटन हो गई। घर के लोगों का कहना है कि ऊपर से हाई वोल्टेज तार को हटाने के लिए कई बार विभाग के अधिकारियों को बोला गया है। फिलहाल करपी थाने की पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। बता दे कि मृतक की पहचान पचकेश्वर गांव निवासी ललन साव के 42 साल के बेटे संतोष कुमार के रूप में की गई है।



# जिलाधिकारी ने शिक्षा विभाग की सभी व्यवस्था को चुस्त करने की दी हिदायत

निज संवाददाता



**जहानाबाद**। जहानाबाद जिलाधिकारी अलंकृता पांडे ने शिक्षा विभाग की सभी व्यवस्था को चुस्त करने की हिदायत दी है। वे समाहरणालय स्थित ग्राम प्लेक्स भवन में शिक्षा विभाग के कार्यो की प्रगति की अद्यतन समीक्षा कर अधिकारियों को जरूरी हिदायतें दे रही थीं। उन्होने जिले एवं विद्यालयों में खेल-कूद संबंधित कार्यो एवं निर्माणाधीन संरचनाओं तथा लोक सभा चुनाव के अवसर पर चिन्हित यूनतम आधारभूत सुविधा सुनिश्चित करने के लिए समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। बैठक में सर्व प्रथम पूर्व माह के बैठक की कार्यवाही में दिये गये निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की गई। उसके बाद विद्यालयों में बरतन एवं फर्नीचर हेतु आये आवंटन एवं व्यय की समीक्षा की गई। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों ने बताया कि बैंको द्वारा विद्यालय के खाता खोलने में विलम्ब करने के कारण बरतन एवं फर्नीचर इत्यादि मद के राशि को हस्तांतरित करनें में परेशानी आ रही है लेकिन विभाग द्वारा फर्नीचर एवं रसोई का सामग्री प्राक्कलन नहीं रहने के कारण फर्नीचर एवं रसोई का सामग्री नहीं उपलब्ध कराया गया है। जिला पदाधिकारी द्वारा निदेश दिया गया कि शिक्षा विभाग से पत्राचार कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराया जाए।

बैठक को संबोधित करते डीएम 83 में से 82 आईसीटी लैब नहीं बना : बैठक में बताया गया कि जिले के विद्यालयों में 83 आईसीटी लैब बनाने के लिए चिन्हित किया गया है, जिसमें 82 आईसीटी लैब नहीं बनाया जा सका है। बैठक में बताया गया कि जिले में 14 विद्यालयों को आधार सेन्टर निर्माण कार्य संचालित किया जाना था, जिसमें 10 विद्यालयों में हीं आधार सेन्टर निर्माण कार्य संचालित किया जा रहा है, जिसमें लगभग 3200 छात्रों का हीं आधार कार्ड निर्माण किया गया है, चुकि शिक्षा विभाग के निदेशानुसार माह अप्रैल, 2024 में नये सत्र में आने वाले छात्रों का नामांकण आधार कार्ड के आधार पर हीं किया जाएगा। जिला पदाधिकारी ने इसे मिशन मुड में लेते हुए 50 आधार सेन्टर संचालित करने का निर्देश दिया तथा इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करने को कहा गया। सभी छात्रों को आधार निर्माण कराने हेतु प्रेरित करने का भी निर्देश दिया गया। बताया गया कि जिन बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र नहीं है, उनका जन्म प्रमाण पत्र विद्यालय के प्रधानाध्यापक के प्रतिवेदन विहित प्रपत्र में उपलब्ध कराने के उपरांत आधार कार्ड बनाया जा सकता है, इसे अति-महत्वपूर्ण समझा जाए। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के रख-रखाव एवं संचालन की जानकारी प्राप्त की गई।

## जिला अग्निशमन पदाधिकारी ने आग से बचाव को लेकर चलाया जन जागरुकता अभियान

निज संवाददाता



**अरवल**। जिला अग्निशमन पदाधिकारी रश्मि कुमारी के नेतृत्व में सदर प्रखंड के भदासी मंदिर के पास में आग से बचाव के लिए जन जागरूकता अभियान चलाया गया। और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को आग से बचाव के तरीके बताए गए। ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को जागरुक करते हुए अग्निशमन पदाधिकारी ने बताया कि महिलाओं को चूल्हा पर खाना बनाते समय बाल्टी में पानी रखें तथा हवा बहने पर आग नही जलाए। खलिहान में थ्रेसर से रवि फसल के दौनी के दौरान में पानी रखने को कहां गया। जलती हुई तिल्ली बीड़ी सिगरेट के टुकड़े इधर-उधर ना फेंकने की लोगों से कहा गया और घरेलू महिलाओं को काम खत्म होने पर गैस रेगुलेटर बंद करने के लिए बताया गया। इसके साथ ही आग से बचाव के लिए कई तरह के उपाय को बताया गया। जिसमें आग से बचाव के बारे में तरह-तरह के जानकारियां दी गई कि आग लगे तो क्या करे और क्या ना करे। इस अभियान के तहत भदासी में अग्निशमन कर्मियों द्वारा मॉक ड्रिल कर आग से बचने की जानकारी दी गई। मौके पर अग्निशमन कर्मी प्रधान अग्निक भानु प्रताप, पूजा कुमारी,सुमित कुमार, चालक अजीत कुमार ने बताया कि अगर सिलेंडर में आग पकड़ ले तो डरने की जरूरत नहीं है। इससे कैसे निपटे और घर में खाना बनाते समय पूरी तरह सावधानी बरते। गैस सिलेंडर के रेगुलेटर को बंद कर देने के बारे में लोगों को जानकारी बताया गया। इस मौके पर अग्निशमन विभाग कर्मी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### सासाराम के नगर आयुक्त पर प्राथमिकी दर्ज

**सासाराम (रोहतास) (नि. सं.)**। नगर निगम, सासाराम के नगर आयुक्त यतेंद्र कुमार पाल पर एससी/एसटी थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। नगर निगम के वार्ड संख्या 4 के पार्षद आजाद राम उर्फ आजाद कुमार भारती द्वारा न्यायालय में दर्ज परिवाद के बाद न्यायालय के निर्देश के आलोक में प्राथमिकी दर्ज की गई है। उक्त पार्षद द्वारा दायर परिवाद में कहा गया था, 27 मई 2023 को नगर निगम की बैठक आहूत की गई थी। इसमें वह और अन्य पार्षद बैठक में पहुंचे थे। बैठक में नगर आयुक्त यतेंद्र कुमार पाल द्वारा अवैध रूप से वीडियोग्राफर बुलाकर बोर्ड के बिना अनुमति के वीडियोग्राफी कराया जाने लगा। इसका विरोध महिला पार्षदों समेत अन्य पार्षदों द्वारा किया गया। इसके बाद नगर आयफकत द्वारा जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए धमकी दी जाने लगी। लगातार गलत शब्दों का प्रयोग किया गया।

# तीन दिनों से घूम रहा तेंदुआ, बकरी को बनाया शिकार, घर से बाहर ना निकलने की सलाह

निज संवाददाता



**भभुआ (कैमूर)**। जिला के ग्रामीण इलाकों में पिछले तीन दिनों से तेंदुआ घूम रहा है। मंगलवार को तेंदुआ ने मीरीया गांव के पास गेहूं के खेत में एक बकरी को अपना शिकार बना लिया। इसके बाद ग्रामीणों ने घटना की जानकारी वन विभाग को दी। सूचना पर वन विभाग की टीम स्थल पर गई और टीम ने पिंजरा, ड्रोन कैमरा और ट्रैकिंग कैमरा को लगाया। कई घंटों के बाद भी जब कुछ पता नहीं चला तो टीम ने आसपास के जगहों पर खोज शुरू की। इस दौरान उसके पैर के निशान रामपुर प्रखंड में एक विद्यालय के पास झाड़ी में देखा गया। वन विभाग ने लोगों को घर से बाहर नहीं निकलने की अपील की साथ ही सतर्कता बरतने की बात कही। वहीं डीएफओ चंचल प्रकाशम ने कहा कि सोनहन थाना क्षेत्र के मीरीया गांव के ग्रामीणों ने दुर्गावती नदी के तट के किनारे तेंदुआ के पैरों के निशान होने की जानकारी दी थी। सूचना पर वन विभाग की टीम गई, हालांकि टीम को निशान के अलावा कुछ भी नहीं मिला। फिलहाल तेंदुआ का लोकेशन रामपुर प्रखंड में मिला है जहां वन विभाग की टीम लगातार तेंदुआ को पकड़ने के लिए प्रयास कर रही है। तेंदुआ के पैर के निशान जिधर है उधर अकेले नहीं जाने को कहा गया है। घर से बाहर छोटे बच्चों को नहीं निकले और मवेशियों को घर के अंदर बांधने की हिदायत भी दी गई है। ड्रोन कैमरे से खोज जारी है, जल्द ही उसका पता लगा लिया जाएगा।

## 19 वर्षीय विवाहिता ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**सासाराम (रोहतास) (नि.सं.)**। रोहतास जिले के अगरेर थाना क्षेत्र के मौडिहां गांव में विवाहिता ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। सूचना पर पहुंची अगरेर थाना की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, सासाराम भेज दिया। मृतका मौडिहां गोव के संदीप कुमार की पत्नी प्रीति देवी 19 साल बताई जाती है। जिसकी एक साल पहले शादी हुई थी। पति हैदराबाद में काम करता है, पत्नी की आत्महत्या की सूचना के बाद वह गांव के लिए रवाना हो गया है। मृतका के सासाराम मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के दुर्गापुर गांव के निवासी हैं। बेटी की मौत की सूचना पर वह मौडिहां पहुंचे, उनके बयान के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# रेलकर्मियों ने महाप्रबंधक तरूण प्रकाश से मुलाकात कर विभागीय कठिनाइयों से कराया अवगत



निज संवाददाता

**हाजीपुर (वैशाली)**। मंगलवार को मुख्यालय, हाजीपुर में 04 रेलकर्मी/उनके आश्रितों ने पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक तरूण प्रकाश से मुलाकात की तथा अपनी विभागीय कठिनाइयों से महाप्रबंधक को अवगत कराया। महाप्रबंधक ने संबंधित विभागों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निर्धारित समय सीमा में केस निष्पादन के निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। विदित हो कि रेलकर्मियों की समस्याओं के निष्पादन के उद्देष्य से महाप्रबंधक से मुलाकात हेतु प्रत्येक मंगलवार का दिन निर्धारित किया गया है। इसके लिए रेलकर्मी अपना नाम पूर्व में कार्मिक विभाग में पंजीकृत करवाकर मंगलवार को महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याएं उनके सामने रख सकते हैं।

## 03 जोड़ी एवं 01 वन-वे होली स्पेशल ट्रेन का परिचालन

निज संवाददाता

**हाजीपुर (वैशाली)**। होली के अवसर पर पूर्व में घोशित ट्रेनों के अलावा और 03 जोड़ी एवं 01 वन-वे होली स्पेशल ट्रेनें चलायी जाएंगी। विदित हो कि इसके पूर्व 64 जोड़ी होली स्पेशल ट्रेनों की सूचना दी जा चुकी है। इस प्रकार अब कुल 67 जोड़ी होली स्पेशल ट्रेनें चलायी जाएंगी। 1. गाड़ी सं. 09403/09404 अहमदाबाद-दानापुर-अहमदाबाद स्पेशल (जबलपुर- प्रयागराज छिवकी-डीडीयू-आरा के रास्ते)- गाड़ी सं. 09403 अहमदाबाद-दानापुर स्पेशल अहमदाबाद से 24 मार्च (रविवार) को 07.20 बजे प्रस्थान कर सोमवार को 19.30 बजे दानापुर पहुंचेगी। गाड़ी सं. 09404 दानापुर-अहमदाबाद स्पेशल दानापुर से 25 मार्च, 2024 (सोमवार) को 22.30 बजे प्रस्थान कर बुधवार को 10.15 बजे अहमदाबाद पहुंचेगी। 2. गाड़ी सं. 09053/09054 सूरत-बरौनी-सूरत स्पेशल (जबलपुर-प्रयागराज छिवकी-डीडीयू-आरा-पाटलिपुत्र-हाजीपुर के रास्ते)- गाड़ी सं. 09053 सूरत-बरौनी स्पेशल सूरत से 23 मार्च (शनिवार) को 08.05 बजे प्रस्थान कर रविवार को 13.00 बजे पाटलिपुत्र रूकते हुए 17.00 बजे बरौनी पहुंचेगी। गाड़ी सं. 09054 बरौनी-सूरत स्पेशल बरौनी से 24 मार्च, 2024(रविवार) को 20.00 बजे प्रस्थान कर सोमवार को 00.15 बजे पाटलिपुत्र रूकते हुए मंगलवार को 05.45 बजे सूरत पहुंचेगी। 3. गाड़ी सं. 09093/09094 उधना-आरा-वलसाड अनारक्शित सुपरफास्ट स्पेशल (जबलपुर-प्रयागराज छिवकी-डीडीयू के रास्ते) - गाड़ी सं. 09093 उधना-आरा स्पेशल उधना से 19 मार्च (मंगलवार) को 23.55 बजे प्रस्थान कर गुरूवार को 01.30 बजे आरा पहुंचेगी । गाड़ी सं. 09094 आरा-वलसाड स्पेशल आरा से 21 मार्च, 2024(गुरूवार) को 03.30 बजे प्रस्थान कर शुक्रवार को 07.15 बजे वलसाड पहुंचेगी। 4. गाड़ी संख्या 03007 हावड़ा-खातीपुरा (जयपुर) वन-वे होली स्पेशल (आसनसोल-झाझा -पटना-डीडीयू-प्रयागराज-आगरा फोर्ट के रास्ते)- गाड़ी संख्या 03007 हावड़ा-खतीपुरा (जयपुर) वन-वे होली स्पेशल ट्रेन हावड़ा से दिनांक 23 मार्च, 2024 (शनिवार) को 14.15 बजे खुलकर 23.30 बजे पटना जं. एवं रविवार को 03.00 बजे डीडीयू रूकते हुए 17.00 बजे खातीपुरा पहुंचेगी।

### टैंपो और ट्रक में टक्कर, दो लोग घायल

**जहानाबाद (नि.सं.)**। जहानाबाद के सिकरिया गांव के पास टैंपो और ट्रक में आमने-सामने से टक्कर हो गई। इसमें दो लोग हुए गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने सभी को सदर अस्पताल में भर्ती कराया। बताया जा रहा है कि टैंपो में कुल 6 लोग मौजूद थे। घायलों की पहचान मदारपुर गांव निवासी संतोष यादव और हरी नगर निवासी मंजू देवी के रूप में हुई है। आसपास के लोगों का कहना है कि तेज रफ्तार और गलत दिशा से आने के कारण दोनों वाहनों की टक्कर हो गई।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद

पत्रांक –232 हुसैनाबाद, दिनांक–19/03/2024

ई0 कोटेशन रद्द संबंधी सूचना

इस कार्यालय का पत्रांकः–221 दिनांकः–14.03.2024 के द्वारा आमंत्रित **e-Quotation No.- WRD/MID/HUSSAINABAD/01/2023-24** जिसका **PR NO:-322933 District (23-24)-D** है, को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता हैं।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल,
हुसैनाबाद।

PR.NO.323131 District(23-24):D

"सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहतर सहभागिता"

चुनाव का पर्व DESH KA GARV

कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, पलामू।
(कार्मिक कोषांग)
Tel. No. (Election Office)- 06562- 224033, E-mail - electionpalamu1@gmail.com

प्रेस विज्ञप्ति

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि लोकसभा आम चुनाव–2024 के सफल संचालन एवं क्रियान्वयन हेतु मतदान कर्मियों की नियुक्ति की गयी है। इस क्रम में कुछ मतदान कर्मियों द्वारा आवेदन पत्र के माध्यम से विभिन्न स्वास्थ्य कठिनाई/दिव्यांगता के कारणों से चुनाव कार्य से मुक्त करने का अनुरोध किया गया है।

अतः उक्त के आलोक में स्वास्थ्य जांच एवं Exemption हेतु शिविर की तिथि एवं स्थान निम्नवत है :–

| स्थान का नाम | तिथि एवं समय |
|---|---|
| नया समाहरणालय भवन ब्लॉक–A के द्वितीय तल | दिनांक 21.03.2024 से 23.03.2024 पूवाह्न 11:00 से अपराह्न 3:00 बजे तक |

संबंधित मतदान कर्मी उक्त तिथि को आवश्यक स्वास्थ्य कागजात एवं अपने कार्यालय प्रधान/प्रभारी के अनुशंसा सहित चिकित्सीय दल के समक्ष जांच हेतु शिविर में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

प्रभारी पदाधिकारी, कार्मिक कोषांग, पलामू
नोडल पदाधिकारी, कार्मिक कोषांग, पलामू
जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह–उपायुक्त, पलामू

PR 323140 Palamu(23-24)#D

# होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक

निज संवाददाता



**जहानाबाद**। शांति भाईचारे एवं सौहार्द के साथ होली पर्व मनाए। यह बातें कलेर थाना अध्यक्ष अविनाश कुमार ने होली पर्व को देखते हुए शांति समिति के बैठक में कहा। इस मौक़े उन्होंने कहा कि प्रायः आमतौर पर देखा गया है कि इस पवित्र पर्व को तथाकथित लोग दागदार बना देते हैं। जबकि सच्चाई यह है कि होली पर्व के दौरान पुराने गिले शिकवे को भूलकर एक दूसरे के साथ गले मिलकर नई जिंदगी का शुरुआत करने की परंपरा है। लेकिन समाज में अवांछित तत्व के लोग पौराणिक परंपरा को भुलते जा रहे हैं। नतीजा है कि समाज में असमानता उत्पन्न हो रही है। उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कुछ वैसे लोग हैं जो अपने दुख से दुखी नहीं है बल्कि दूसरों को सुखी देखकर दुखी रहते हैं। जबकि होली जैसी त्योहार लोगों को आपसी सामंजस्य के साथ सौहार्द बनाने के लिए उपदेश देता है।

थाना अध्यक्ष ने कहा कि वर्तमान समय में दो धर्म का प्रमुख त्योहार चल रहा है। ऐसी स्थिति में कुछ असामाजिक तत्व के लोग अवसर की तलाश में रहते हैं। इसलिए आप सभी बुद्धिजीवी से थाना अध्यक्ष अपील करता है कि विधि व्यवस्था को बनाने के लिए प्रशासन को सहयोग दें। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों का फोन नंबर जारी करते हुए कहा कि यदि कोई भी व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में दिखाई दे तो उसे अभिलंब प्रशासनिक अधिकारियों को सूचित करें। वहीं उन्होंने कहा कि शराबबंदी कानून को सशक्त बनाने के लिए आपका सहयोग अपेक्षित है।

## राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद के तत्वावधान में कला उत्सव का आयोजन

निज संवाददाता

**मोहनिया (कैमूर)**। कैमूर के मोहनिया स्थित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डायट में राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद के तत्वावधान में तरंग खेल एवं कला उत्सव का आयोजन हुआ। विभाग के आदेशानुसार विद्यालय स्तर पर कला एवं खेल कूद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किए प्रतिभागी जिला स्तरीय कार्यक्रम में भाग लिए। जिला स्तरीय कार्यक्रम का प्राचार्य संजय कुमार ने दीप प्रज्जलन कर उद्घाटन किया। प्राचार्य ने कहा कि कला एवं खेल कूद प्रत्येक बच्चो के सर्वांगीण विकास में भूमिका निभाता है। खेलकूद कार्यक्रम के समन्वयक डॉ अनिल कुमार मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा का महत्वपूर्ण लक्ष्य है कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल एवं कला का भी समान अवसर बच्चों को उपलब्ध कराया जाए।

कला कार्यक्रम के समन्वयक राज कमल यादव ने कहा कि छात्रों में कलात्मक संवेदना को बनाए रखने के साथ-साथ परंपरा और विरासत के प्रति सम्मान का भाव जागृत करता है। कार्यक्रम की रूपरेखा पर पूजा मिश्रा वरीय व्याख्याता द्वारा प्रकाश डाला गया। उन्होंने बताया कि कला में 11 विद्याओं तथा खेल में 12 विधाओं में प्रतियोगिता होगी।

"सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहतर सहभागिता"

चुनाव का पर्व DESH KA GARV

कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, पलामू (कार्मिक कोषांग)
Tel. No. (Election Office)- 06562- 224033
E-mail - electionpalamu1@gmail.com

प्रेस विज्ञप्ति

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि लोकसभा आम चुनाव–2024 के सफल संचालन एवं क्रियान्वयन हेतु मतदान कर्मियों की नियुक्ति की गयी है। इस क्रम में मतदान पदाधिकारियों को विभिन्न तिथियों में प्रशिक्षण दिया जा चुका है। पुनः छुटे हुये/अनुपस्थित मतदान कर्मियों एवं महिला मतदान कर्मियों को दिनांक 20.03.2024 को अंतिम रूप में प्रशिक्षण दिया जायेगा, जिसके लिए नियुक्ति पत्र निर्गत किया गया है, नियुक्ति पत्र में प्रशिक्षण स्थान एवं समय अंकित है।

उक्त तिथि को छुटे हुये/अनुपस्थित मतदान कर्मी निश्चित रूप से प्रशिक्षण प्राप्त कर लें, अन्यथा उनके विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 एवं भारतीय दण्ड संहिता के सुसंगत धाराओं के तहत सख्त कार्रवाई की जायेगी।

प्रभारी पदाधिकारी, कार्मिक कोषांग, पलामू।
नोडल पदाधिकारी, कार्मिक कोषांग, पलामू।
जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह–उपायुक्त, पलामू।

PR 323141 (Palamu)23-24*D

## संक्षिप्त समाचार

### डाक विभाग में पीएम सूर्य घर बिजली योजना से 33500 लोगों का कराया गया रजिस्ट्रेशन

**गया।** गया डाक विभाग ने पीएम सूर्य घर बिजली योजना से करीब 33 हजार 500 लोगों का रजिस्ट्रेशन किया है। अब आचार संहिता लगते ही रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया बंद हो चुकी है। इसका नोटिफिकेशन भी डाक विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है। करीब 15 से 20 दिनों में डाक विभाग के पोस्टमैन ने युद्ध स्तर पर घर-घर पहुंच रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया को पूरा किया। इसके अलावे शहर के अधिकांश मुहल्लों में विभाग ने कैंप लगा लोगों को जागरूक कर पीएम सूर्य घर बिजली योजना से जोड़ने की कोशिश की गई है। शहर के प्रधान डाकघर के जनसंपर्क निरीक्षक नीरज ने बताया कि डाक विभाग में पीएम सूर्य घर बिजली योजना आचार संहिता लागू होते ही बंद हो चुकी है। लोग डाक विभाग में रजिस्ट्रेशन के लिए न पहुंचे, इसके लिए जगह-जगह पर नोटिस चिपका दिया गया है, जिसमें साफ लिखा हुआ है कि अब डाकघर में पीएम सूर्य घर बिजली योजना का रजिस्ट्रेशन बंद हो गया है। गया में 25 हजार से ऊपर का रजिस्ट्रेशन : डाक विभाग से मिली जानकारी के अनुसार गया में अब तक करीब 25 हजार से ऊपर लोगों का रजिस्ट्रेशन किया जा चुका है। वहीं जहानाबाद में करीब दस हजार लोगों ने रजिस्ट्रेशन हुआ है। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा सिर्फ गया में 30 हजार रजिस्ट्रेशन कराने का लक्ष्य रखा था। करीब 85 परसेंट लक्ष्य की पूर्ति हो चुकी है। इस कार्य को शाखा डाकपाल, सहायक शाखा डाकपाल, पोस्टमैन व जिले के लोगों ने पूरा किया है। बेहतर कार्य करने वाले डाकिया होंगे पुरस्कृत वरीय डाक अधीक्षक रास बिहारी राम ने बताया कि डाक विभाग पीएम सूर्य घर बिजली योजना के लक्ष्य के काफी करीब रहा है। इस कार्य में पोस्टमैन की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने बताया कि अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन करने वाले पोस्टमैन को जल्द ही पुरस्कृत किया जाएगा। डाक अधीक्षक ने कहा कि सभी के सहयोग से रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया अच्छी रही है। आचार संहिता के बाद इस प्रक्रिया को बंद कर दिया गया है। एक से तीन केवीए तक का हुआ रजिस्ट्रेशन जनसंपर्क निरीक्षक ने बताया कि पीएम सूर्य घर बिजली योजना से उपभोक्ताओं ने एक से तीन केवीए तक के सोलर प्लांट के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है। सोलर प्लांट के लिए सब्सिडी भी मिलेगी। कहा कि आगे जिस तरह से निर्देश प्राप्त होगा, विभाग उसी अनुसार कार्य करेगा।

### 2014 में नौ लाख के गबन के मामले पर लेखा पदाधिकारी से मांगा जबाव

**गया।** गया नगर-निगम से सेवानिवृत्त कर्मचारी शत्रुधन सिंह द्वारा वित्तीय वर्ष 2014-15 में कर संग्रह में गबन के मामले पर नगर आयुक्त ने लेखा पदाधिकारी से जवाब मांगा है। दरअसल वित्तीय वर्ष 2014-15 में केदारनाथ मार्केट ग्राउंड रेंट की सैरात बंदोबस्ती हेतु डाक में किसी ने हिस्सा नहीं लिया था। ऐसे में विभागीय रूप से वसूली का कार्य शुरु किया गया। प्रतिदिन लक्ष्य निर्धारित करते हुए जमा राशि को नगर-निगम कोष में जमा करने का आदेश दिया गया। परंतु तत्कालीन कर संग्रहकर्ता शत्रुधन सिंह द्वारा नौ लाख 81 हजार 750 रु कम राशि जमा किया गया। ऐसे में तत्कालीन नगर-आयुक्त ने लेखा शाखा को आदेश दिया कि प्रतिदिन निर्धारित राशि व जमा की जा रही राशि का अंतर राशि शत्रुधन सिंह के वेतन से कटौती कर निगम कोष में जमा किया जाए। परंतु आदेश के बाद भी उक्त राशि की कटौती नहीं की गई। इसी बीच शत्रुधन सेवानिवृत्त भी हो गए। जिसके बाद सेवानिवृति लाभ के लिए उन्होंने उच्च न्यायालय में केस दायर किया। इसपर नगर-निगम द्वारा प्रति शपथ पत्र दायर करने के लिए प्रतिवेदन की मांग की गई। जिसमें लेखा पदाधिकारी द्वारा केवल शत्रुधन सिंह के सेवानिवृति लाभ से संबंधित राशि का ब्योरा दिया गया परंतु उनके द्वारा केदारनाथ मार्केट सैरात के विभागीय वसूली में लक्ष्य से कम राशि जमा करने संबंधी प्रतिवेदन नहीं दिया गया। लेखा पदाधिकारी के इस तरह के रवैये से वह काफी हद तक शक के दायरे में आते हैं। इस स्थिति में वर्तमान नगर-आयुक्त अभिलाषा शर्मा ने लेखा पदाधिकारी से जबाव मांगा है कि उक्त लंबित विभागीय राशि जमा करने के लिए कोई नोटिस किया गया है या नहीं।

### सड़क पार के दौरान बुजुर्ग की मौत, एक जख्मी, तेज रफ्तार स्कूटी सवार ने मारी टक्कर



**नालंदा।** नालंदा में सड़क हादसे में मंगलवार को एक बुजुर्ग की मौत हो गई। मामला दीपनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत निर्माणाधीन बख्तियारपुर रजौली फोरलेन के महानंदपुर गांव के समीप की है। मृतक की पहचान महानंदपुर गांव निवासी स्वर्गीय सौखी यादव के (60) वर्षीय पुत्र महेश्वर यादव के रूप में की गई है। घटना के संबंध में मृतक के परिजन ने बताया कि सोमवार की शाम बुजुर्ग सड़क पार कर रहे थे। इसी बीच पावापुरी की ओर से आ रही तेज रफ्तार स्कूटी सवार ने टक्कर मार दी, इस घटना में स्कूटी सवार और बुजुर्ग दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। आनन-फानन में दोनों को इलाज के लिए बिहार शरीफ के निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया। जहां से बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। पावापुरी मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान देर रात बुजुर्ग की मौत हो गई। मौत की पुष्टि के उपरांत परिजनों में कोहराम मच गया। परिवार वालों के चित्कार से गांव का माहौल गमगीन हो गया। वहीं, स्कूटी सवार अब भी निजी क्लीनिक में इलाजरत है। इस मामले में ट्रैफिक थाना अध्यक्ष रमन कुमार ने बताया कि मौत की पुष्टि के उपरांत शव को कब्जे में लेकर पुलिस पोस्टमार्टम कराने की प्रक्रिया में जुट गई है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। इस घटना में स्कूटी सवार भी गंभीर रूप से जख्मी हो गया है जो अभी इलाजरत है।

### बिहारशरीफ में जेवर कारीगर से लूट, हवाई फायरिंग की, 5 बदमाशों ने परिवार को बनाया बंधक

**नालंदा।** बिहारशरीफ में सोमवार को 5 नकाबपोश अपराधियों ने जेवर कारीगर के घर में घुसकर लूट की घटना को अंजाम दिया है। अपराधियों ने पहले दुकानदार को बंधक बनाया, फिर डकैती की। इसके बाद दुकानदार और अन्य लोगों के साथ मारपीट भी की। वहीं, अपराधियों ने भागने के दौरान फायरिंग की। घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची है। मामला बिहारशरीफ के लहेरी थाना क्षेत्र अंतर्गत सोनारपट्टी मोहल्ले की है। डकैती की घटना सोनारपट्टी निवासी मोहम्मद शमसुद्दीन के घर में हुई है। मो.शमसुद्दीन घर में ही सोने-चांदी गलाने का कारखाना चलाता है। घटना के समय घर के कारखाने में कुल 5 लोग मौजूद थे। वहीं एक महिला को भी बदमाशों ने बंधक बनाने का प्रयास किया। हालांकि वह उन लोगों से बच निकली। नकाबपोश बदमाश 5 की संख्या में थे। 5 बजकर 40 मिनट पर वह मोहम्मद शमसुद्दीन के घर स्थित कारखाना में घुसे। जहां परिवार वालों को हथियार के बल पर बंधक बना लिया।फिर लूटपाट की घटना को अंजाम दिया। लुटेरों ने कारखाने के अंदर लगे सीसीटीवी और डीवीआर को भी क्षतिग्रस्त कर दिया है। करीब 10 मिनट तक कारखाने में रहकर बदमाशों ने लूटपाट की घटना को अंजाम दिया है। इस दौरान 5 हजार नगद और गलाए गए सोने चांदी के टुकड़ों को बदमाश लेकर फरार हो गए। हालांकि, कितना के आभूषण के टुकड़े लेकर बदमाश भागे हैं इसकी कीमत अभी साफ नहीं है। प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि दो बाइक पर सभी बदमाश सवार थे। भागने के दौरान दहशत फैलाने और पकड़े जाने के डर से रास्ते में हवाई फायरिंग भी की गई। करीब 4 राउंड फायरिंग बदमाशों ने की है। लूटपाट की घटना घनी आबादी में हुई है। इससे बाजारवासी समेत स्थानीय लोगों में पुलिस के प्रति आक्रोश व्याप्त है। वहीं, स्वर्ण व्यवसाइयों का कहना है कि सर्राफा बाजार में पुलिस की गश्ती नहीं रहने के कारण अपराधियों द्वारा इस प्रकार की घटना को अंजाम दिया जा रहा है। पूरे सूबे में स्वर्ण व्यवसाइयों को अपराधियों ने टारगेट किया है। बावजूद पुलिस प्रशासन और सरकार सर्राफा बाजार में सुरक्षा देने में असफल है। लहेरी थानाध्यक्ष रणजीत कुमार रजक ने बताया कि कुछ बदमाशों ने घटना को अंजाम दिया है।



# गया में जंगली हाथी ने मचाया उत्पात, झारखंड से जंगलों के रास्ते घुसा, रेस्क्यू में जुटी टीम

**निज संवाददाता। गया**





गया जिले के बाराचट्टी थाना क्षेत्र अंतर्गत झारखंड सीमा से सटे जंगलों से होता हुआ एक हाथी घुस आया है। हाथी फसलों को भी नष्ट कर रहा है। फसलों को नष्ट करता हुआ हाथी कोहबरी गांव में घुस आया है। अचानक जंगलों से गांव में हाथी के घुसते हीं लोगों की भीड़ लग गई। पहले तो लोग हाथी के साथ सेल्फी लेकर उसका लुप्त उठाने लगे, फिर हाथी के विपरीत रवैये को देखते हुए गांव वालों में दहशत का माहौल बना हुआ है। घटना की जानकारी गया रेस्क्यू टीम को लगी है जिसके बाद रेस्क्यू टीम हाथी को नियंत्रित करने में जुटी है। इसके अलावा कोलकाता की रेस्क्यु टीम भी हाथी को पकड़ने में लगी है। हालांकि, हाथी अब तक रेस्क्यू टीम के पकड़ में नहीं आया है। वह कभी इधर भाग रहा, तो कभी उधर भाग रहा है। इसी क्रम में खेतों में लगे फसल भी नष्ट हो रहे हैं। बाराचट्टी थाना क्षेत्र अंतर्गत कोहबरी गांव के रहने वाले स्थानीय ग्रामीण रंजीत कुमार ने बताया कि, झारखंड शेखावाटी जंगल होते हुए गांव में प्रवेश कर गया है। इस दौरान इधर-उधर भागने के क्रम में फसलों को भी नष्ट कर रहा है। पहले तो लोग हाथी को देखकर खुश हो रहे थे बच्चे महिलाएं युवा सभी हाथी को देखने के लिए भीड़ लगा दिए। कई युवा जंगल से गांव में प्रवेश करने के दौरान हाथी के साथ सेल्फी भी लिया। लेकिन उसके अचानक बदलते रवैया को देखकर सभी भयभीत हो गए। घटना की जानकारी गया बंद प्रमंडल को दिया गया। इसके बाद रेस्क्यू अभियान चलाया जा रहा है। बताया जा रहा है कि रेस्क्यू टीम हाथी को नियंत्रित करने में लगी है लेकिन हाथी अभी तक रेस्क्यू टीम के हाथों में नहीं आ सका है। गया रेस्क्यू टीम के साथ कोलकाता की रेस्क्यू टीम भी लगी है। गया वन प्रमंडल द्वारा निरंतर अनुश्रवण किया जा रहा है। हाथी से बचाव के लिए आम जनों को जागरूक किए जाने के साथ-साथ वन कर्मियों द्वारा तमाम सुरक्षात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। माइकिंग के जरिए गांव के लोगों को हाथी से सतर्क रहने की बात कही जा रही है। विभिन्न संचार माध्यमों से आमजन को सावधान किया जा रहा है। आम जनों से वन प्रमंडल ने अपील की है कि इस हाथी से दूर रहे, और वन प्रमंडल द्वारा अपनाई जा रही प्रक्रिया में सहयोग करें।

## नालंदा में बाइक सवार ने ASI को कुचला, मौत

**निज संवाददाता। नालंदा**



नालंदा में बाइक सवार बदमाशों ने सोमवार की शाम वाहन चेकिंग में लगे ASI विजय कुमार चौहान(45) को कुचल दिया। इलाज के लिए पटना ले जाने के दौरान ASI की मौत हो गई। मामला कल्याण विगहा थाने का है। एसपी अशोक मिश्रा ने बताया कि कल्याण विगहा थाने की पुलिस बख्तियारपुर-कल्याण विगहा की बॉर्डर पर लोकसभा चुनाव को लेकर अवस्थित धोवा नदी के पुल के पास चेकिंग चला रही थी। बख्तियारपुर की ओर एक बाइक पर 3 लोग आ रहे थे। जो बख्तियारपुर की ओर से तेज गति से कल्याण विगहा की ओर आ रहे थे।

**रुकने का इशारा किया तो हिट करते हुए फरार:** ड्यूटी में तैनात ASI विजय कुमार चौहान ने जब रुकने का इशारा किया तो बाइक सवार ने स्पीड बढ़ा दी और विजय कुमार चौहान को हिट करते हुए मौके से फरार हो गए। जिसके कारण विजय कुमार चौहान के सिर और शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोट आ गई। उन्हें हरनौत रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक इलाज के बाद वहां से हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। अस्पताल ले जाने के दौरान उनकी मौत हो गई। विजय कुमार चौहान मूलतः नवादा जिला के रहने वाले हैं। हाल ही में उन्होंने डुमरांव से पीटीसी का प्रशिक्षण पास लिया था। इसके बाद उनका प्रमोशन ASI के पद पर हुआ था। तीनों बाइक सवार हिरासत मेंमामले की जानकारी मिलते ही पुलिस ने जांच शुरू की, तीनों बाइक सवार को हिरासत में लिया। जिनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने बाइक भी बरामद कर ली है। अन्य बिंदुओं पर भी जांच की जा रही है। एसपी अशोक मिश्रा ने नालंदा पुलिस की ओर से ASI विजय कुमार चौहान को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अपनी गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

## बरकाना-सिंगरौली एक्सप्रेस ट्रेन में फायरिंग, यात्रियों ने विरोध किया तो भागे बदमाश






**निज संवाददाता। गया**

गया जिले के बेला रेलवे स्टेशन पर अज्ञात अपराधियों ने सोमवार की शाम बरकाना-सिंगरौली एक्सप्रेस ट्रेन में लूट की योजना को लेकर दहशत फैलाने के इरादे से कई राउंड फायरिंग की गई। हालांकि इस घटना किसी के हताहत होने की सूचना नहीं थी। बताया जा रहा है कि हथियार बंद अपराधियों की ट्रेन लूटने की मंशा थी, लेकिन ट्रेन में सवार यात्रियों ने साहस दिखाते हुए विरोध किया। किसी यात्री ने बेलागंज थाना की पुलिस कोई घटना की जानकारी दी, जानकारी मिलते ही बेलागंज पुलिस के तुरंत पहुंचने से सभी अपराधी भाग खड़े हुए। कार से आए अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया था। बरकाकाना सिंगरौली एक्सप्रेस ट्रेन के यात्रियों के विरोध करने पर दहशत फ़ैलाने के इरादे से अपराधी फायरिंग करने लगे, फिर बेला पुलिस भी तत्परता दिखाते हुए तुरंत पहुंच गई। सभी अपराधी फायरिंग करते हुए पैदल हीं भाग निकलने में सफल हो गए। मारूति 800 कार से आए अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया था। सिंगरौली एक्सप्रेस ट्रेन में सवार यात्रियों के विरोध और पुलिस के पहुंचने पर सभी अपराधी भाग खड़े हुए थे। कार लेकर आए थे।



**क्या बोले लॉ एंड आर्डर DSP:** अपराधी लॉ एंड आर्डर DSP खुर्शीद आलम ने बताया सभी अपराधी कार से आए थे और अपनी कार गुमटी के पास खड़ी कर दी थी। छानबीन में कार को बरामद कर लिया गया। पटरी से दो खोखा भी बरामद किया गया। घटना रेल से जुड़े होने को लेकर बाद जीआरपी जहानाबाद को सुपुर्द कर दिया गया है। वही मौके से 7.6 फाइव पिस्टल के दो खोखा भी बरामद किए गए हैं। लोगों के अनुसार 10 से 12 राउंड फायरिंग की घटना को अपराधियों के द्वारा की गई थी। फ़िलहाल इस घटना को लेकर जहानाबाद रेल पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। घटना बेलागंज थाना क्षेत्र में होने के कारण बेलागंज पुलिस भी जहानाबाद पुलिस का अपराधियों को पकड़ने के लिए छापेमारी कर रही है।

## बच्चों के झगड़े में चलाई गई गोली, अधेड़ जख्मी हुआ, दो गुटों में पत्थरबाजी

**निज संवाददाता। नालंदा**






नालंदा के सारे थाना क्षेत्र अंतर्गत मुर्गियाचक गांव में सोमवार को बच्चों के विवाद में बड़े उलझ गए। इसके उपरांत दो पक्षों के बीच मारपीट होने लगी, विवाद बढ़ा तो गोलीबारी की भी घटना हुई। जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर मंगलवार को सामने आया है। मारपीट और रोड़ेबाजी की घटना गांव के ही विरज यादव एवं पप्पू यादव के बीच हुई है। वही, विरज यादव घटना के बाद से फरार है। वायरल वीडियो में स्पष्ट रूप से दिख रहा है कि किस प्रकार छत पर से चढ़कर विरज यादव और उसका परिवार पहले ईंट-पत्थर गलियों में फेंक रहा है। इसके बाद राइफल और कट्टा से खुलेआम फायरिंग कर रहा है। वहीं, गली से भी रोड़ेबाजी की जा रही है। वही, गोलीबारी की घटना में दूसरे पक्ष के मुर्गियां चक निवासी राजो यादव गोली लगने से जख्मी हो गए। जिन्हें इलाज के लिए अस्थावां रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया था। वहीं, दो अन्य लोग भी मारपीट में जख्मी हो गए थे। मामले में सारे थाना अध्यक्ष धर्मेश कुमार गुप्ता ने बताया कि बच्चों के विवाद में विरज यादव और पप्पू यादव के बीच झगड़ा हुआ था। वायरल वीडियो प्राप्त हुआ है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। पप्पू यादव की पत्नी के द्वारा 13 लोगों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। गोलीबारी की घटना में पप्पू यादव जख्मी हुए हैं जो इलाजरत हैं। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी में जुट गई है।

## भाई को दहेज में मिली गाड़ी, करने लगा शराब तस्करी, 20 लाख की विदेशी शराब जब्त

**निज संवाददाता। गया**



गया में उत्पाद विभाग की टीम ने 20 लाख रुपए के विदेशी शराब जब्त की है। झारखंड के चतरा से शराब की बड़ी खेप लेकर मालवाहक पिकअप से बिहार के गया होते हुए नालंदा जाने के फिराक में था। शराब माफिया किसी तरह बहेरा ओपी,धीरजा पुल चेक पोस्ट समेत डोभी थाना क्षेत्र पार करने में सफल हो गए लेकिन मगध विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र में पहुंचते हीं पकड़े गए। वहीं, पिकअप वैन चालक सीट पर बैठा, झारखंड के चतरा जिले का शराब माफिया नागेश्वर यादव पिता रामदेव यादव को पकड़ा गया। उसने बताया कि पिकअप भाई के दहेज़ के पैसे से ली गई थी जिससे तस्करी की जा रही थी। इस संबंध में सहायक उत्पाद आयुक्त प्रिय रंजन ने बताया। होली त्योहार को लेकर उत्पाद विभाग पूरी तरह चौकसी बरत रही है। खास करके अगामी लोकसभा चुनाव को लेकर ज्यादा सतर्कता बरती जा रही है। इसी क्रम में आज विदेशी शराब से भरी एक पिकअप वाहन को गया मैं प्रवेश करते हुए पकड़ा गया है। उत्पाद आयुक्त ने बताया पिकअप वाहन में कुल 20 लाख से अधिक की विदेशी शराब पड़ी थी। पकड़े गए आरोपों से पूछताछ की गई तो उसने बताया विदेशी शराब की खेप चतरा से ला रहे थे और इसे हिलसा नालंदा में पार्टी को डिलीवरी करनी थी। पकड़ा गया आरोपी ने यह भी बताया कि पिकअप उसके भाई का हैं और भाई के दहेज में मिले रुपए से यह पिकअप खरीदी गई थी। सहायक उत्पाद आयुक्त प्रिया रंजन ने बताया पूछताछ के बाद आरोपी को न्याय हिरासत में जेल भेज दिया जाएगा।

## एफसीआई के ट्रक से अनाज की चोरी



**निज संवाददाता। गया**



गया जिले के मानपुर प्रखंड अंतर्गत एफसीआई के गोदाम से इन दिनों गया, नवादा, औरंगाबाद का अनाज उठाव कराया जा रहा है। अनाज उठाव के दौरान संवेदक और चालकों की मिलीभगत से सरकारी अनाज की खुलेआम चोरी होती है। एफसीआई से एसएफसी जा रहे ट्रकों से चोरी का एक वीडियो वायरल होने के बाद अनाज माफियाओं में हड़कंप मचा है। गौरतलब है कि एफसीआई से एसएफसी को अनाज भेजने के लिए संबंधित जिले के मेन ट्रांसपोर्टर को जिम्मा दिया जाता है। वायरल वीडियो नवादा जिले में ले जाए जा रहे गेंहू के ट्रक का बताया जा रहा है। वायरल वीडियो में दिख रहा है कि ट्रक ड्राइवर एफसीआई से प्राप्त बोरे को फाड़ कर कालाबाजारी जारी के लिए चोरी कर रहा है। वह ट्रक के आगे वाले बॉक्स में दूसरे बोरे में छिपा रहा है। गौरतलब है कि मानपुर बंधुआ रोड में दर्जनों की संख्या में अनाज की दुकान खुल गई है। जिसमें एफसीआई से आने वाले अनाज की कालाबाजारी और उसकी खरीद बिक्री की जाती है। स्थानीय लोगों ने बताया कि जानकारी होने के बावजूद प्रशासनिक अधिकारी इस पर कार्रवाई नहीं करते हैं। या कहें कि उनकी मौन स्वीकृति इन कार्यों में कहीं न कहीं होती है। एफसीआई से अनाज ढोने के इस खेल में ट्रक ड्राइवर, ठेकेदार और लिफ्टिंग इंचार्ज की भूमिका अहम होती है। आलम यह है कि प्रत्येक ट्रक से 2 क्विंटल से लेकर 5 क्विंटल तक सरकारी अनाज की कालाबाजारी या फिर चोरी होती है। इसका खामियाजा एसएफसी के गोदाम प्रबंधक और अंत में जन वितरण दुकानदारों को अनाज कटौती के रूप में भुगतना पड़ता है। जिसकी भरपाई भी नहीं होती है। एसएफसी के नवादा जिला प्रबंधक लल्लू कुमार सिंह ने बताया कि वीडियो मिला है। इस संबंध में जांच कर दोषियों के खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### पीजी में नामांकन कोटा का दावा करने वाले छात्रों के सर्टिफिकेट की जांच हो

**आरा।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय अंतर्गत कॉलेजों में पीजी सत्र, 2023-2025 का नामांकन चल रहा है। कोटा का नामांकन अंतिम चरण में है। भोजपुर, बक्सर, रोहतास और पीजी विभाग में नामांकन के लिए कई अभ्यर्थियों ने एनसीसी, कल्चर, डोनर, एक्स आर्मी और वार्ड कोटा के सीटों पर नामांकन के लिए दावा किया है। दावा करने वाले अभ्यर्थियों के सर्टिफिकेट का भौतिक सत्यापन सही तरीके से नहीं हो रहा है। कई अभ्यर्थी एनएसएस सहित अन्य कोटा का लाभ प्राप्त करने के लिए फर्जी सर्टिफिकेट पोर्टल पर अपलोड किए हैं। यदि गहनता से इसकी जांच की जाए तो कैसे सर्टिफिकेट फर्जी मिलेंगे। ठीक उसी प्रकार जिस प्रकार विगत कुछ दिन पहले मेधा सूची में चयनित अभ्यर्थियों के सर्टिफिकेट की जांच जब टीआर से कराई गई तो फर्जी मिले। गौरतलब हो कि वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय को जब ऐसी शिकायत मिली कि पीजी नामांकन में फर्जी अंक पत्र तैयार कर उसमें अंक बढ़ा कर नामांकन लिया गया है तो विश्वविद्यालय ने इसकी जांच कराई। जांच के क्रम में 22 से अधिक अभ्यर्थियों के ऐसे सर्टिफिकेट मिले जिन्होंने फर्जी अंक पत्र तैयार कर उसमें अंक बढ़कर नामांकन लिया है। ऐसे मामलों की शिकायत विज्ञान विषय में काफी आ रही है। जांच के क्रम में यह पाया गया है कि किसी छात्र का पार्ट थर्ड के आनर्स में 505 अंक है, लेकिन उसने 705 कर दिया है। इसी तरह 443 को 627, 431 को 635 बना कर आवेदन किया और नामांकन लिया है। विश्वविद्यालय को अपने स्तर से नामांकन के लिए कोटा का दावा करने वाले अभ्यर्थियों के सर्टिफिकेट की भी जांच करानी चाहिए। पिछले सत्र में भी कोटा के तहत लिए गए नामांकन पर सवाल उठा था। अब देखना है कि जिस तरह विश्वविद्यालय ने मेधा सूची में चयनित अभ्यर्थियों के नामांकन की जांच कराई उसी प्रकार कोटा का दावा करने वाले अभ्यर्थियों के सर्टिफिकेट की भी जांच कराता है कि नहीं।

### को-ऑपरेटिव बैंक 370 समितियों को दिसंबर तक कंप्यूटरीकृत करेगा

**आरा।** आरा सेन्ट्रल को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, आरा का 63 वां वार्षिक आमसभा होटल आरा ग्रांड के सभागार में हुआ। उद्घाटन सहकारी बैंक पटना के अध्यक्ष रमेश चंद्र चौबे ने किया। अध्यक्षीय करते हुए सत्येन्द्र नारायण सिंह ने कहा कि में पिछले निर्वाचन में बैंक का निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। इसके लिये सभी पैक्स अध्यक्षों का आभारी हूं। बैंक सभी 370 समितियों को दिसम्बर 24 तक कम्प्यूटरीकृत करेगा। इन समितियों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के कृषकों, जीविका समूह व दुध उत्पादक समितियों को डिजिटल बैंकिंग सुविधा दी जाएगी। वर्ष 2022-23 में बैंक के हिस्सा पूंजी में 392.85 लाख रुपए, सुरक्षित कोष में 25.60 लाख रुपए, जमा राशि में 56.59 करोड़ रुपए, निवेश में 8.00 करोड़ रुपए, ऋण एवं अग्रिम में 172.97 लाख रुपए की वृद्धि दर्ज की गई है।

### एनएसएस लोस निर्वाचन के लिए चलाएगा जागरुता

**आरा।** लोकसभा चुनाव के लिए लोगों को एनएसएस जागरूक करेगा। इसके लिए वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने एक टीम का गठन किया है। कैंपस एंबेसडर आकाश और अंजली को बनाया है। यह टीम जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन में मतदान जागरूकता अभियान चलाएगा। लोगों को अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने एवं अपने अधिकारों का पूर्ण उपयोग करने के लिए जागरूक करेगा। एनएसएस पदाधिकारी डॉ साधना रावत मुख्य रूप से छात्राओं को मतदान से जुड़ी हुई कार्य स्थली और कार्य पद्धतियों को बताया। आगामी कार्यक्रम हस्ताक्षर अभियान के बारे में भी जानकारी दी। सभी लोगों को हस्ताक्षर अभियान से जुड़ने का आग्रह किया।

### अनुदानित राशन की कालाबाजारी करने वाले अभियुक्त को 2 साल सजा

**बक्सर।** जन वितरण प्रणाली के अनुदानित राशन का कालाबाजारी किए जाने के मामले की सुनवाई करते हुए अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी कमलेश सिंह देव ने दोषी को सजा सुनाई।इसके साथ ही अर्थदंड लगाया। इसकी जानकारी देते हुए विशेष लोक अभियोजक अरविंद चौबे ने बताया कि 24 जुलाई 2019 को सिकरौल थाना क्षेत्र के बेलाव गांव अनुदानित राशन का कालाबाजारी किया जा रहा था। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने एसडीओ को दिया। जिस पर एसडीओ द्वारा टीम गठित कर छापामारी किया गया। जहां घटनास्थल से 25 बोरा चावल पकड़ा गया। आरोपित मनोज साह के खिलाफ सिकरौल थाना में प्राथमिकी दर्ज किया गया। न्यायाधीश ने अभियुक्त मनोज साह को दो साल की सजा के साथ पांच हजार का अर्थदंड लगाया।

### नियमित रूप से विधि व्यवस्था और आचार संहिता उल्लंघन की दें रिपोर्ट

**बक्सर।** बक्सर बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एच.आर. श्रीनिवास ने डीएम अंशुल अग्रवाल व एसपी मनीष कुमार के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव की घोषणा हो चुकी है। आदर्श आचार संहिता का पालन हर हाल में कराना होगा। उन्होंने नियमित रूप से विधि व्यवस्था और आचार संहिता से जुड़ी रिपोर्ट भेजने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि चुनाव की घोषणा के बाद संपत्ति विरुपण हटाने संबंधी कार्रवाई की जानी है, इसे तत्काल करा कर रिपोर्ट भी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। नामांकन से जुड़ी सभी तैयारियां पहले से करने, सी-विजिल एप या ईएसएमएस के माध्यम से दी जाने वाली जानकारियों को अद्यतन रखने का निर्देश दिया। उन्होंने जिलों में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक और प्रेस कांफ्रेंस के बाबत भी जानकारी ली। वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक करते डीएम

### जैनाचार्य जय कीर्ति जी महाराज ने भगवान बाहुबली का कराया पंचामृत और पूजन

**आरा।** आरा जैन धर्मावलंबियों की सर्वोच्च तीर्थ श्री सम्मेद शिखर जी (झारखंड) से अष्टापद तीर्थ बद्रीनाथ के दर्शन के लिए विहार कर रहे, आचार्य श्री 108 जय कीर्ति महाराज का आरा में जैन अनुयायियों ने भव्य स्वागत किया। धनुपरा दिगंबर जैन मंदिर में आचार्य श्री के स्वागत में बच्चों ने रंग बिरंगी रंगोलियां सजाई थी। जैन बाला विश्राम में आचार्य श्री का पाद प्रक्षालन सुलोचना दीदी एवं पंडित गुलाब चंद्र जैन के साथ उपस्थित भक्तों ने किया। वहां आचार्य संघ के सानिध्य में भगवान बाहुबली स्वामी का भव्य पंचामृत अभिषेक एवं पूजन हुआ। आचार्य संघ धनुपरा में भगवान आदिनाथ एवं महावीर स्वामी मंदिर का दर्शन किए। वहां से आचार्य संघ को जैन धर्मावलंबियों ने गाजे बाजे एवं जैन ध्वज के साथ गुरुदेव का जयकारा लगाते हुए नगर प्रवेश कराएं। मीडिया समन्वयक निलेश कुमार जैन ने बताया कि नगर प्रवेश में भगवान महावीर स्वामी जल मंदिर प्रांगण में भक्तों ने पाद प्रक्षालन एवं मंगल आरती किया। आचार्य संघ विभिन्न मंदिरों का दर्शन करते हुए श्री1008 अतिशयकारी चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर में पहुंचे। गुरुदेव के मंदिर दर्शन के बाद धर्म सभा हुई । आचार्य श्री ने बताया कि मंदिरों की नगरी आरा का बहुत नाम सुना था आज कई मंदिरों का दर्शन कर मन प्रसंचित है। यहां कई प्राचीन प्रतिमा जी है तथा इनका अतिशय बहुत है।



# मेले मे हुआ विवाद, ट्रेन से उतरते ही मारा, कर रहे थे टोनबाजी





**निज संवाददाता। आरा**

भोजपुर जिले के गजराजगंज थाना क्षेत्र कारीसाथ रेलवे स्टेशन के समीप सोमवार की देर शाम 15 से 20 की संख्या में युवकों ने एक चौकीदार के बेटे को फाइटर एवं बेल्ट से मारकर बुरी तरह जख्मी कर दिया। इस दौरान बदमाश युवकों के द्वारा जख्मी दौड़ा-दौड़ाकर बुरी तरह पीटा गया। जिससे उसकी सिर एवं शरीर पर कई गहरे जख्मी के निशान पाए गए है। स्थानीय ग्रामीणों के बीच–बचाव के बाद जख्मी युवक को परिजनों द्वारा इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया,जहां इलाज कराया जा रहा है। जख्मी युवक गजराजगंज थाना क्षेत्र के नवादा बेन गांव निवासी चौकीदार गणेश यादव के 20 साल का बेटा सन्नी कुमार है। सन्नी के पिता गणेश यादव गजराजगंज थाना में चौकीदार के पद पर कार्यरत है। इधर, जख्मी सन्नी ने बताया कि गांव में मेले का आयोजन किया गया है। जहां पर कुछ युवकों के द्वारा झूले पर चढ़ने वाले लोगों पर पीछे से आकर टोनबाजी करते हैं। जिसकी शिकायत जिले वालों ने स्थानीय ग्रामीण होने की वजह से हम लोगों से की थी। इसी बात को लेकर उक्त युवाओं को हम लोगों ने डांट फटकार लगाई। लेकिन मामला उस समय शांत हो गया था। जब आज सोमवार की देर शाम आरा से अपने काम को खत्म कर ट्रेन पकड़ कर कारीसाथ स्टेशन उतरे। उसी दौरान पंद्रह से बीस युवकों ने मुझे घेर लिया और फाइटर और बेल्ट से मारना शुरू कर। इस दौरान लड़कों के द्वारा काफी मारा गया। काफी मशक्कत के बाद किसी भी तरीके से जान बचाकर वहां से भागे। सिर में काफी गंभीर चोटे है जहां दस टाके पड़े है। इस घटना की सूचना परिवार वालों के लिए। इसके बाद परिजनों द्वारा जख्मी हालत में आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहीं, घटना के बाद इसकी शिकायत स्थानीय थाना पुलिस से की गई है। बहरहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# 22 से 30 मार्च तक बक्सर में रुकेगी स्पेशल ट्रेन

**निज संवाददाता। बक्सर**




होली के अवसर पर रेलवे स्पेशल ट्रेन चला रही है। इसका बक्सर में ठहराव होते रवाना होगा। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी वीरेंद्र कुमार ने बताया कि आनंद विहार-जयनगर-आनंद विहार आरक्षित फेस्टिवल स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेन अप और डाउन दोनों में बक्सर में रुकते हुए आगे के लिए रवाना होगी। यह फेस्टिवल स्पेशल अप और डाउन दिशा में मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, प्रतापगढ़, वाराणसी, पं.दीनदयाल उपाध्याय जं, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर,दरभंगा और मधुबनी स्टेशनों पर रुकेगी। बता दें कि होली फेस्टिवल में अब ज्यादा समय नहीं बचा है। इसको लेकर काफी तादाद में मजदूरों और प्रवासियों का बिहार के विभिन्न जिला लौटने की संभावना जताया जा रहा है। होली बीतने के साथ ही काफी संख्या में बिहार से लोग भारत के विभिन्न कोने में काम पर भी लौटेंगे। ऐसे में यात्रियों की परेशानियों को देखते हुए रेलवे ने होली स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। 22 मार्च से 30 मार्च तक लोगों को मुंबई, गुजरात, दिल्ली से लाने और ले जाने का काम करेगी। आनंद विहार-जयनगर-आनंद विहार आरक्षित फेस्टिवल स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेन 22, 26 और 29 मार्च को आनंद विहार से 10.30 बजे खुलकर अगले दिन 15.15 बजे जयनगर पहुंचेगी। वापसी में जयनगर-आनंद विहार आरक्षित फेस्टिवल स्पेशल एक्सप्रेस 23, 27 और 30 मार्च को जयनगर से 17 बजे खुलकर अगले दिन 19.55 बजे आनंद विहार पहुंचेगी। बता दें कि रेलवे की इस पहल से जो लोग ट्रेन में सीट और रिजर्वेशन को लेकर परेशान थे। उनकी परेशानी काफी हद तक दूर होने पर राहत की सांस ली है।

# स्नातक पार्ट थर्ड की परीक्षा फार्म की तिथि बढ़ी

**निज संवाददाता। आरा**




वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के स्नातक सत्र 2021-24 पार्ट थर्ड की परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि को परीक्षा विभाग ने बढ़ा दी है। परीक्षा फॉर्म भरने से वंचित छात्र-छात्राएं को 21 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर परीक्षा फॉर्म भर सकते हैं। ऑनलाइन फॉर्म भरने के बाद कागजात का सत्यापन कॉलेज में कराएंगे।

**21 मार्च तक ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म की अंतिम तारीखः** विनय सत्यापन के परीक्षा विभाग एडमिट कार्ड जारी नहीं करेगा। पार्ट का परीक्षा फॉर्म पार्ट वन और पार्ट टू उत्तीर्ण विद्यार्थी ही भरेंगे । इधर, स्नातक सत्र 2019-22 और स्नातक सत्र 2020-23 में फेल विद्यार्थी भी परीक्षा में फॉर्म भर सकते हैं। वही, स्नातक सत्र 2020-22 के पार्ट वन में प्रमोटेड वह फेल विद्यार्थी को विश्वविद्यालय ने एक और मौका देते हुए उनकी परीक्षा फॉर्म को ले फॉर्म भरने की तिथि जारी की है। स्नातक पार्ट वन सत्र 2022-25 के प्रतिष्ठा, पास कोर्स, बीबीए ,बायोटेक और फीस एंड फिशरीज के प्रमोटेड और फेल विद्यार्थी 21 मार्च तक ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भर सकते हैं ।

**पीएचडी प्रवेश परीक्षा की तिथि बढ़ीः** पीएचडी एडमिशन टेस्ट 2022 में शामिल होने के लिए अब तक आवेदन नहीं करने विद्यार्थियों के लिए एक सुनहरा अवसर है। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग ने पीएचडी प्रवेश परीक्षा को लेकर आवेदन की तिथि बढ़ा दी है। अभ्यर्थी 21 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं ।

# शटर बंदकर CSP संचालक से 1.50 लाख की लूट, ग्राहक बनकर घुसे अपराधी



**निज संवाददाता। आरा**

भोजपुर जिले में अपराधियों ने एक लूट की घटना को अंजाम दिया है। अपराधी लूट की घटना को अंजाम देने के बाद आसानी से मौके से फरार हो गये। दरअसल, भोजपुर जिले के धोबहां थाना क्षेत्र के सारसिवान गांव में मंगलवार को दिनदहाड़े हथियारबंद अपराधियों ने SBI ग्राहक सेवा केंद्र से डेढ़ लाख रुपए की लूट की घटना को अंजाम दिया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है। इस दौरान अपराधियों ने SBI ग्राहक सेवा केन्द्र के संचालक से डेढ़ लाख रुपए हथियार के बल पर लूट लिए है। वहीं, ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक सोनू कुमार यादव ने बताया कि एक व्यक्ति आया था बोला पीएनबी का अकाउंट है दस हजार निकल जाएगा। उसके बाद बोला ज्यादा नहीं निकलेगा। तो मैंने बोला नहीं उसके बाद वो वहां से चला गया। उसने बताया कि उसके बाद वो तीन की संख्या में आया और हथियार लिया हुआ था। हथियार के बल पर लूट लिया। वहीं, डेढ़ लाख रुपया, मोबाइल और लैपटॉप भी बैग के साथ ही लेकर भाग गया। संचालक ने बताया कि अपराधी मेरी बाइक का पीछा करते हुए आए थे । इसके बाद शटर को गिराकर पैसे लेकर फरार हो गया। सभी अपराधी मास्क लगाए हुए थे। 2020 से इस गांव में ग्राहक सेवा केंद्र चलाते हैं। सभी अपराधियों को देखने पर पहचान लेंगे। इस घटना पर पहुंची पुलिस घटना की जानकारी सीएसपी संचालक से ले रही है। धोबहां सोनू कुमार के द्वारा दिए गए बयान पर ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बेटे को सांप ने डसा, पिता ने सांप को मारा छत से कपड़ा लेकर उतर रहा था युवक

**निज संवाददाता। आरा**

भोजपुर जिले के चरपोखरी थाना क्षेत्र में विषैले सांप के डसने से एक युवक की हालत बिगड़ गई। युवक के पिता के द्वारा डसने वाले सांप को घर से खोज निकालकर डंडे से पीट–पीटकर मार डाला और उसे प्लास्टिक के डब्बे में डालकर युवक को झाड़ फूंक के लिए परिजन एक बाबा के पास ले गये। झाड़ फूंक के बाद युवक को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां उसका इलाज किया गया। युवक चरपोखरी थाना क्षेत्र के वार्ड 4 निवासी सुरेश सिंह का 19 साल का बेटा रितिक कुमार है। वह बीए पार्ट वन का छात्र है। घटना को लेकर रितिक ने बताया कि घर में लाइट कटा हुआ था। उसी दौरान वो छत से कपड़ा लेकर नीचे अपने रूम में जाने के लिए उतर रहा था। तभी सीढ़ी पर एक सांप बैठा हुआ था। उसी दौरान रितिक का पैर सांप पर पड़ गया। जिसकी वजह से सांप ने रितिक को डस लिया। जिसके बाद रितिक के पिता सुरेश सिंह ने सांप को लाठी से मार दिया। उसके बाद सांप को डिब्बे में रखकर आरा सदर अस्पताल ले आएं। ताकि सांप को देखकर डॉक्टर इलाज कर सके। वहीं ,सदर अस्पताल के डॉक्टर के मुताबिक रितिक कुमार का इलाज किया गया है। उसका ब्लड सैंपल ले लिया गया है। रितिक को इंजेक्शन भी लगा दिया गया है। अगर स्थिति बिगड़ती है तो उसे रेबीज इंजेक्शन भी से दिया जाएगा। फिलहाल उसकी स्थिति सामान्य है। डॉक्टर ने बताया कि एक बार और उसका ब्लड सैंपल लिया जाएगा।



# रघुनाथपुर में स्टेट हाइवे पर बह रहा नाले का गंदा पानी, लोग परेशान

**निज संवाददाता। रघुनाथपुर**



प्रखंड क्षेत्र के रघुनाथपुर बाजार में मांझी गुठनी राज्य मार्ग पर गंदा नाला का पानी बह रहा है। ग्रामीणों के द्वारा बार-बार शिकायत किए जाने के बाद भी नाले की सफाई नहीं कराई जा रही है जिसके चलते नाला ओवरफ्लो कर रहा है। आसपास के लोग परेशान हैं। जबकि यहां से प्रखंड मुख्यालय महज पच्चास मीटर, रघुनाथपुर रेफरल अस्पताल बीस मीटर एवं थाना दो सौ मीटर के दूरी पर स्थित है। इसके बावजूद स्थानीय शासन प्रशासन की नजर इस पर नहीं पड़ती है। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह परेशानी पिछले एक साल से है एवं कई बार इसकी शिकायत स्थानीय पदाधिकारी से लेकर लोक शिकायत तक की गई है। लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुआ। यहां पर दुकानदारों द्वारा नाले के ऊपर स्थाई अतिक्रमण करने के चलते समय पर सफाई नहीं हो पाता है जिस कारण नाला का बहाव सड़क पर हो रहा है।

**पूर्व रेलवे**

**ई–निविदा सूचना सं.:** एनआईटी/02/24/18, **दिनांकः** 18.03.2024, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, 17, नेताजी सुभाष रोड, दूसरी मंजिल, फेयरली प्लेस, कोलकाता–700001, पूर्व रेलवे के द्वारा निम्नलिखित सामानों की आपूर्ति हेतु ई–निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैः **क्रम सं.; निविदा सं.; विवरण; बयाना राशि : (1); 01241432;** डेंसिफाइड थर्मल बॉण्डेड पॉलिएस्टर ब्लॉक आदि का क्रय; रु. 0, **निविदा खुलने की तिथि:** 01.04.2024, **समय :** 13.30 बजे **(2); 22245193;** टैब/कैप पैल्बोसिक्लिब 125 मिग्रा.; रु. 0, **निविदा खुलने की तिथि:** 03.04.2024, **समय :** 13.30 बजे **(3); 08231474;** कॉन्टैक्टर 4 पोल एसी/डीसी परिचालित आदि का क्रय; रु. 0 **(4); 08235019;** 26/45 (52) केवी (आईईसी–60183–2015 के अनुसार) सिंगल कोर X 630 वर्ग मिमी. स्ट्रैंडेड सर्कुलर कॉपर कंडक्टर; रु. 2000000 **(5); 11231583;** लेड लाइट फिटिंग आदि; रु. 61400, **निविदा खुलने की तिथि:** 04.04.2024, **समय :** 13.30 बजे [क्रम सं. 3 से 5 हेतु] **(6); 10231136;** रोलर बेयरिंग के सेट आदि का क्रय; रु. 0 **(7); 10232149;** एलपीओ मॉड्युल असेंबली आदि; रु. 0, **निविदा खुलने की तिथि:** 05.04.2024, **समय :** 13.30 बजे [क्रम सं. 6 एवं 7 हेतु] **(8); 10232134;** रिले टाइप डीयू (क्यूओए) आदि का क्रय; रु. 63940 **(9); 10232573ए;** स्प्रिंग होल्डर प्लेट असेंबली आदि का क्रय; रु. 69370 **(10); 21231264बी;** डोरवे क्रॉस बार प्रेसिंग आदि का क्रय; रु. 66520 **(11); 21231468बी;** बीएमबीएस बोगी के लिए ब्रेक हेड आदि; रु. 409420, **निविदा खुलने की तिथि:** 08.04.2024, **समय :** 13.30 बजे [क्रम सं. 8 से11 हेतु] **(12); 10231140;** रिले क्यूएफ आदि का क्रय; रु. 0 **(13); 10231597;** एफ–1 सेलेक्टर वाल्व आदि की खरीद; रु. 58860 **(14); 11241007;** लोअर स्प्रिंग बीम (13 टी) आदि का क्रय; रु. 0, **निविदा खुलने की तिथि:** 09.04.2024, **समय :** 13.30 बजे [क्रम सं. 12 से 14 हेतु] **(15); 10231599;** बोगी फ्रेम बुश आदि का सेट; रु. 0 **(16); 10241935;** सिंगल पोल सर्किट ब्रेकर का क्रय; रु. 188810 **(17); 16231017;** सिंगल पोल वैक्यूम का क्रय; रु. 85440 **(18); 16231048;** स्टील वायर रोप का क्रय; रु.0, **निविदा खुलने की तिथि:** 10.04.2024, **समय :** 13.30 बजे [क्रम सं. 15 से 18 हेतु] **(19); 10232484;** हैंडल के साथ क्लेविस आदि का क्रय; रु. 67820 **(20); 10232509ए;** केबल हेड टर्मिनेशन वर्टिकल टेक आदि का क्रय; रु. 181110 **(21); 10232578;** ट्राइडेंट प्रस्तुत एयर-ड्रायर स्पेयर किट आदि का क्रय; रु.84260 **(22); 11231113;** कॉलर के साथ प्रोटेक्टिव ट्यूब आदि; रु. 0, **निविदा खुलने की तिथि:** 11.04.2024, **समय :** 13.30 बजे [क्रम सं. 19 से 22 हेतु] **(23); 10232365;** टू वे हॉर्न वाल्व असेंबली आदि; रु. 120030 **(24); 10235020ए;** इलेक्ट्रॉन बीम सिंगल कोर केबल आदि; रु. 201070 **(25); 10235027;** स्टेनलेस स्टील पाइप फिटिंग्स आदि का सेट; रु.0, **निविदा खुलने की तिथि:** 15.04.2024, **समय :** 13.30 बजे [क्रम सं. 23 से 25 हेतु] **(26); 05231099ए;** जर्नल बेयरिंग असेंबली एएआर अनुमोदित कार्ट्रिज टेपर रोलर बेयरिंग 6 1/2"x12" क्लास एफ; रु. 272060 **(27); 10231081;** ट्रैक्शन मोटर के लिए बेल्लो आदि का क्रय; रु.0 **(28); 10231108;** एल्बो यूनियन फीमेल का सेट; रु. 154460 **(29); 10235028;** ब्रास पाइप फिटिंग्स; रु. 0 **(30); 10242295;** इलेक्ट्रॉन बीम सिंगल कोर केबल आदि; रु. 0, **निविदा खुलने की तिथि:** 16.04.2024, **समय :** 13.30 बजे [क्रम सं. 26 से 30 हेतु] **(31); 10241477;** स्ट्राइकर ब्लॉक आदि का क्रय; रु.0 **(32); 11231413ए;** कचरे के डिब्बे की व्यवस्था; रु. 88580, **निविदा खुलने की तिथि:** 17.04.2024, **समय :** 13.30 बजे [क्रम सं. 31 एवं 32 हेतु] **(33); 10231141;** बी.एल.स्विच बॉक्स आदि का क्रय; रु. 79550, **निविदा खुलने की तिथि:** 18.04.2024, **समय :** 13.30 बजे **(34); 10232029;** मेजरिंग इंस्ट्रूमेंट के सेट आदि का क्रय; रु.100780, **निविदा खुलने की तिथि:** 22.04.2024, **समय:** 13.30 बजे **(35); 10241348;** इलेक्ट्रिक लोको के लिए स्किवेंस रिले आदि; रु.112500, **निविदा खुलने की तिथि:** 23.04.2024, **समय :** 13.30 बजे **(36); 10231036ए;** डिस्क वाल्व असेंबली डाया 100 (एलपी) आदि; रु. 108370, **निविदा खुलने की तिथि:** 25.04.2024, **समय:** 13.30 बजे **(37); 10231037;**डिस्क कपलिंग आदि; रु. 172030, **निविदा खुलने की तिथि:** 26.04.2024, **समय :** 13.30 बजे **(38); 10231102;** एयर ड्रॉयर के लिए स्पेयर्स का ओएच किट; रु.184840, **निविदा खुलने की तिथि:** 29.04.2024, **समय :** 13.30 बजे **(39); 10231151;** आईओएच किट आदि का क्रय; रु.194430, **निविदा खुलने की तिथि:** 02.05.2024, **समयः** 13.30 बजे **(40); 10231075ए;** पॉलीयूरिथेन स्प्रिंग पैड आदि; रु. 50740 **(41); 10232529बी;** मीडियम फॉसफोरस (कास्ट आयरन) ब्रेक ब्लॉक; रु.133370, **निविदा खुलने की तिथि:** 06.05.2024, **समय :** 13.30 बजे [क्रम सं. 40 एवं 41 हेतु] **(42); 10231876ए;** कम्यूटेटर स्विच आदि के सिए कॉन्टैक्ट सेगमेंट असेंबली; रु. 118180, **निविदा खुलने की तिथि:** 13.05.2024, **समय :** 13.30 बजे। **निविदा मूल्य:** रु. 0 [क्रम सं. 1 से 42 हेतु]। **टिप्पणी:** उपर्युक्त सभी निविदाएँ ई–निविदाएँ हैं एवं सभी निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि आईआरईपीएस की वेबसाइट **https:// www.ireps.gov.in** के माध्यम से अपनी बोली ऑनलाइन जमा करें। ऊपर उल्लिखित निविदाओं एवं अन्य आपूर्ति निविदाओं के संबंध में विस्तृत विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस की वेबसाइट देखें।

STORES-81/2023-24

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

**नोटिस सं.–डी.डी.यू/ईएल/ग.श. /ई–निविदा/ 23–24/26**

मंडल रेल प्रबन्धक/विद्युत/ग.श./डी.डी.यू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकी दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारो से जो रेलवे, केन्द्रीय लोकनिर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोकनिर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूची बद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन (ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैं।

**01. कार्य क्षेत्र के साथ कार्य का नामः** सं. डी.डी.यू/ईएल/जी/पी/23–24/19 विषय– डीडीयू मंडल के अर्न्तगत डीडीयू के मंडल रेलवे अस्पताल में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था और रोशनी में बढोतरी की व्यवस्था करने के संबंध में। **कार्य करने की कुल लागतः** रु. 23,60,845.63

**02. कार्य क्षेत्र के साथ कार्य का नामः** सं. डी.डी.यू/ईएल/जी/पी/23–24/16 आर, विषय–डीडीयू मंडल के अर्न्तगत डीडीयू मंडल में कन्डमनेंशन के विरूद्ध 11/0.415 के.वी. वितरण ट्रांसफारमर के द्वारा अच्छी पावर सप्लाई की बढोतरी की व्यवस्था करने के संबध में। **कार्य करने की कुल लागतः** रु. 50,73,889.86

**निविदा बंद करने की अंतिम तिथि एवं समयः** 12.04.2024 15:00 बजे. **ई–निविदा वेव साइट का विवरणः** www.ireps.gov.in

सहायक मंडल विद्युत अभियंता (सा.)
वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (ग.श.) /पूर्व मध्य रेल, डीडीयू
पीआर/02586/डीडीयूजीएस/ईजीईएन/टी/23–24/36

**पूर्व रेलवे**

**ई–निविदा सूचना सं. : एसआईजी_डब्ल्यू_5_पॉलिसी, दिनांक 18.03.2024,** वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर, पूर्व रेलवे, मालदा टाउन ऑफिस, मंडल रेल प्रबंधक/पूर्व रेलवे/मालदा टाउन ऑफिस बिल्डिंग, पी.ओ. झलझलिया, जिला–मालदा, पिन–732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैः **क्रम सं. 1, ई–निविदा सं.: एमएलडीटी_एसएनटी_23–24_28_ओटी, दिनांक : 15.03.2024, कार्य का नामः** मालदा मंडल के भागलपुर स्टेशन में प्लेटफॉर्म नं 1, 4 एवं 5 के सीआईबी–टीआईबी की बदली एवं यात्री सुविधाएँ । **निविदा मूल्यः** रु. 2,01,71,001.70, **बयाना राशिः** रु. 2,50,900/– **क्रम सं. 2, ई–निविदा सं.: एमएलडीटी_एसएनटी_23–24_रिव_19_आर2, दिनांक : 18.03.2024, कार्य का नामः** खुली निविदा के आधार पर ओईएम मेसर्स हिटाची रेल एसटीएस इंडिया प्रा. लि. बैंगलोर/एडी के साथ तीन वर्ष की अवधि के लिए पूर्व रेलवे हंसडीहा एवं पोड़ैयाहाट स्टेशनों पर एएनएसएएलडीओ आधारित इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम का व्यापक वार्षिक रखरखाव ठेका (एएमसी)। **निविदा मूल्यः** रु. 46,96,260/–, **बयाना राशिः** रु. 93,900/– **ई–निविदा जमा देने की तिथि और समय :** दिनांक 25.03.2024 से 08.04.2024 को 11.00 बजे तक (क्रम सं. 1 हेतु) और दिनांक 26.03.2024 से 09.04.2024 को 11.00 बजे तक (क्रम सं. 2 हेतु)। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पटः** वेबसाइटः **www. ireps.gov.in** और सूचना पटः वरिष्ठ डीएसटीई का कार्यालय, डीआरएम बिल्डिंग, मालदा।

MLD-145/2023-24

निविदा सूचना वेबसाइटः www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पांच बच्चों का मुंडन संस्कार करा देवघर से लौट रहे थे 40 लोग

# तेज रफ्तार पिकअप का खुला चक्का गाड़ी 10 फीट गड्ढे में गिरी, 25 घायल



निज संवाददाता

**जमुई।** जमुई में देवघर से लौट रहे 25 लोग सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। इनमें महिला-पुरुष और बच्चे शामिल हैं। ये लोग 5 बच्चों का मुंडन संस्कार करा पिकअप से वापस घर लौट रहे थे। रास्ते में पिकअप के आगे का एक चक्का खुल गया और गाड़ी 4 बार पलटी मारते हुए 10 फीट गड्ढे में गिर गई। पिकअप में 40 लोग सवार थे। हादसे में 13 की स्थिति नाजुक है। सभी को बैठने की जगह मिले इसके लिए बांस-बल्ले से पिकअप में छत बनाया था। देवघर से 50 किमी दूर चंद्रमंडीह थाना क्षेत्र के बटिया घाटी के चिरण पुल के पास घुमावदार मोड़ पर चक्के खुल गए। 40 लोगों में 25 घायल हुए हैं। 13 की स्थिति गंभीर है। जिनको इलाज के लिए देवघर भेज दिया गया है। 12 लोग चकाई रेफरल अस्पताल में भर्ती हैं। बाकी अन्य लोगों को भी हल्की चोटें आई हैं। कुछ लोग चकाई में भर्ती घायलों के साथ हैं तो कुछ लोग देवघर में भर्ती घायलों के पास हैं। सभी आपस में रिश्तेदार हैं। जो बेगूसराय के तेघड़ा थाना क्षेत्र के बिरनिया बाजार के रहने वाले हैं। रामशरण तांती के पुत्र रौनक कुमार, दिव्यांशु कुमार, राजनंदनी कुमारी और राजेंद्र तांती के बेटे लवकुश कुमार, अभी कुमार का बाबा धाम से मुंडन संस्कार करा कर सभी वापस लौट रहे थे। पिकअप की रफ्तार काफी तेज थी और काफी ज्यादा लोग सवार थे। ऐसे में घुमावदार मोड़ आते ही गाड़ी का एक चक्का खुल गया। चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया। जिसके बाद गाड़ी पलटी मारते गड्ढे में गिर गई। सभी घायलों को चंद्रमंडी पुलिस ने इलाज के लिए चकाई रेफर अस्पताल में भर्ती कराया। गंभीर लोगों को देवघर भेज दिया गया। घायल सीताराम तांती ने बताया कि बच्चे का देवघर से मुंडन करा कर लौट रहे थे। तभी गाड़ी का चक्का खुल गया और वह अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में गिर गई।

## ऑटो और ट्रैक्टर की टक्कर में युवक की मौत, आठ बाराती घायल

निज संवाददाता

**समस्तीपुर।** समस्तीपुर जिले के विद्यापतिनगर थाने में सोमवार रात शादी समारोह से लौट रही बारातियों से भरी ऑटो और ट्रैक्टर के बीच हुई सीधी टक्कर हो गई। हादसे में दूल्हा के चचेरे भाई की मौत हो गई जबकि आठ अन्य लोग घायल हो गए। सड़क निर्माण में जुटी ट्रैक्टर के बीच हुई सीधी टक्कर में दूल्हा के चचेरे भाई की मौत हो गई जबकि आठ अन्य लोग घायल हो गए। मृतक की पहचान मोहिउद्दीननगर थाने के मनियर गांव निवासी बेचन राम का बेटा नंदलाल राम 48 के रूप में की गई है। जबकि घायलों में माला देवी, सरस्वती देवी, प्रेम राम, रामराम, अजय राम, राधा देवी व प्रिंस कुमार के रूप में की है। सभी घायलों का उपचार सरकारी और निजी अस्पताल में कराया जा रहा है। वही, घटना से आक्रोशित लोगों ने घटना स्थल पर सड़क जाम कर देर रात तक यातायात ठप रखा। ट्रैक्टर सड़क निर्माण कार्य में लगी हुई थी जिसमें लोगों ने आग लगा दी। जिससे ट्रैक्टर धूधू कर जल गया।

बाद में घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझा बुझा कर मामला शांत कराया। घटना के संबंध में बताया कि रात मोहिउद्दीननगर के मनियर गांव निवासी सखी चंद्र राम के बेटे रमेश कुमार की शादी विद्यापतिधाम मंदिर में वैशाली के जनदाहा निवासी उषा कुमारी के साथ थी। शादी के बाद परिवार के लोग एक ऑटो में बैठक कर घर वापस मनियर लौट रहे थे। दूल्हा और दुल्हन बोलेरो पर थे। लोगों ने बताया कि ऑटो जैसे ही साहिट गांव के वृंदावन तीनमुहानी के पास पहुंची कि सामने से आ रही ट्रैक्टर से उसकी टक्कर हो गई। इस घटना में मौके पर ही दूल्हे के चचेरे भाई की मौत हो गई। जिसके बाद लोग आक्रोशित हो उठे। लोगों ने सड़क जाम शुरू कर दिया। ट्रैक्टर में भी आग लगा दी। घटना के बाद जुटे स्थानीय लोगों ने सभी को उपचार के लिए विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया। शादी के बाद लोग जितने खुश थे। इस घटना के बाद खुशी का माहौल गमगीन हो गया। पीड़ित परिवारों के बीच चीख पुकार सुनाई पड़ने लगी। घटना की सूचना पर पुलिस पदाधिकारी को मौके पर भेजा गया था। लोगों को समझा-बुझाकर सड़क जाम समाप्त कराया गया। आक्रोशित ने ट्रैक्टर में आग लगा दी थी। मृतक के शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पूरे मामले की जांच की जा रही है।

# इंडो-नेपाल बॉर्डर पर छापेमारी में 21 किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

निज संवाददाता



**बेतिया (पश्चिमी चम्पारण)।** इंडो-नेपाल बॉर्डर से छापेमारी कर गांजा के साथ एक तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर के पास से पुलिस ने 21 किलो गांजा जब्त की है। एसडीपीओ जयप्रकाश सिंह ने बताया कि पुलिस यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार तस्कर भंगहा थाना क्षेत्र कोटवा गांव निवासी डोमा मियां के पुत्र अफरोज मियां है। पूछताछ के बाद कांड दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजा जाएगा। एसडीपीओ जयप्रकाश सिंह ने बताया कि सूचना के आधार पर भंगहा थानाध्यक्ष राहुल प्रसाद मांझी के नेतृत्व में टीम ने रामपुर बेहरी मुख्य मार्ग स्थित रांगी नदी पुल के समीप से नेपाल से गांजा की खेप लेकर आ रहे तस्कर को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि जब पुलिस ने तस्कर को रोका तो भागने लगे।

जिसके बाद जवानों ने खदेड़ कर उसे पकड़ा। बोरी की तलाशी लेने पर उसमें से अलग-अलग बंडल में 21 किलो गांजा बरामद किया गया। जब्त गांजे की अंतरराष्ट्रीय मार्केट में कीमत आठ लाख आंकी गई है। एसडीपीओ ने बताया कि छापेमारी दल में थानाध्यक्ष के अतिरिक्त हवलदार भागीरथ प्रसाद, सिपाही संजीव आनंद, पंकज कुमार शामिल थे। उन्होंने बताया कि पिछले 2 माह में तस्करों के खिलाफ चार बड़ी कार्रवाई भंगहा पुलिस ने की है।

## 30 टेट्रा पैक जब्त, युवक को भेजा गया जेल

**गोपालगंज (नि.सं.)।** कुचायकोट थाना क्षेत्र के जलालपुर रेलवे ढाला कुर्म टोला के पास उत्पाद विभाग ने एक व्यक्ति के शरीर से 30 टेट्रा पैक देसी शराब को जब्त किया है। उसने पूरे शरीर में टेप के सहारे पैर से लेकर पेट तक शराब चिपका रखा था। युवक की पहचान कुचायकोट थाना क्षेत्र के कुचायकोट गांव निवासी प्रकाश यादव के बेटा छोटन यादव के रूप में की गई है। इस मामले में उत्पाद अधीक्षक अमृतरेश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर एक शराब तस्कर को पकड़ा गया है।

## डीसीएम ट्रक से भारी मात्रा में स्पिरिट बरामद, एक तस्कर गिरफ्तार

निज संवाददाता

**गोपालगंज।** गोपालगंज के कुचायकोट थाना क्षेत्र के बलथरी चेकपोस्ट पर वाहन जांच के दौरान पुलिस ने एक डीसीएम ट्रक से भारी मात्रा में स्पिरिट बरामद किया है। बरामद स्पिरिट के साथ पुलिस ने एक तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार तस्कर के खिलाफ पुलिस कार्रवाई में जुट गई है। तस्कर की पहचान गोरखपुर के खोराबाद थाना के कैंथवलिया गांव निवासी संजय तिवारी के रूप में की गई है। दरअसल, इस संदर्भ में बताया जाता है कि बलथरी चेक पोस्ट पर नियमित वाहन जांच की जा रही थी। इसी बीच एक यूपी नंबर के डीसीएम ट्रक बिहार में प्रवेश कर रहा था। जैसे ही ट्रक कुचायकोट थाना के बलथरी पहुंचा, वैसे ही पुलिस ने ट्रक को रोककर जब उसकी तलाशी ली तो तिरपाल के आड़ में छुपा कर रखे गए। दस ड्रम भारी मात्रा में स्पिरिट बरामद किया गया। इसके बाद पुलिस कार्रवाई में जुट गई है।

# लोजपा नेता सीमा सिंह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

निज संवाददाता



**शेखपुरा।** शेखपुरा के मिशन थाना में बरबीघा के अंचलाधिकारी गौरव कुमार ने हिंदुस्तान की मशहूर भोजपुरी अभिनेत्री और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रदेश युवा महासचिव सीमा सिंह के खिलाफ आदर्श आचार संहिता उल्लंघन करने से संबंधित एक प्राथमिकी दर्ज कराई है। मिशन थाना के अपर थाना अध्यक्ष सह पुलिस सब इंस्पेक्टर दिनकर ने बताया कि लोजपा नेत्री द्वारा बरबीघा नगर परिषद क्षेत्र के रामपुर सिन्दाय गांव स्थित अपने आवास पर 17 मार्च की शाम जिला प्रशासन से अनुमति लिए बगैर विशाल होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। ये आदर्श आचार संहिता और डीएम शेखपुरा द्वारा जारी धारा 144 के निषेधाज्ञा का उल्लंघन है। अपर थाना अध्यक्ष ने कहा कि इस मामले का अनुसंधानकर्ता पुलिस सब इंस्पेक्टर मनोहर सिंह को बनाया गया है। उधर, आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन का मामला दर्ज होने के बाद ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करने वालों के बीच हड़कंप मच गया है। बता दें कि इस जिले में लोकसभा चुनाव का मतदान प्रथम चरण में 19 अप्रैल को होने वाला है। लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होते ही आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ प्रशासन सख्ती दिखाना शुरू कर दी है।

## आर्म्स एक्ट सहित कई मामले का फरार आरोपी गिरफ्तार

**शेखपुरा (नि.सं.)।** शेखपुरा में गुप्त सूचना के आधार जिले के कोरमा थाना पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर आर्म्स एक्ट, जानलेवा हमला सहित कई मामलों के लंबे अरसे से फरार चल रहे 2 शातिर बदमाशों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। गिरफ्तार दोनों बदमाश इलाके का कुख्यात शराब तस्कर बताया गया है। छापेमारी का नेतृत्व कोरमा थाना अध्यक्ष सह पुलिस सब इंस्पेक्टर आयुष कुमार ने की। कई सालों से फरार आरोपी और मुरारपुर गांव निवासी कारू राम का बेटा रंजन राम उर्फ राजन राम को उसके घर से गिरफ्तार किया गया।

# चोरों ने की शहर के दो अलग-अलग इलाकों के घर और दुकान में घुसकर 4.65 लाख की चोरी

निज संवाददाता



**पूर्णिया।** पूर्णिया में चोरों ने शहर के दो अलग-अलग इलाकों के घर और दुकान में घुसकर 4.65 लाख की चोरी की घटना को अंजाम दिया। शातिर चोरों ने मधुबनी थाना क्षेत्र के मेहता टोला स्थित शिक्षा विभाग के लिपिक के बंद घर में घुसकर 25 हजार रुपए कैश समेत सोने और चांदी के करीब 3 लाख के जेवरात की चोरी कर ली। जबकि सहायक खजांची थानाक्षेत्र के रिजवान मस्जिद से लगे किराना दुकान का ताला तोड़कर चोर 40 हजार रुपए कैश और 1 लाख रूपए से अधिक का किराना सामान अपने साथ ले गए। चोरी की वारदात की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच चुकी है और मामले की छानबीन में जुट गई है। मधुबनी थाना क्षेत्र के मेहता टोला से सामने आई चोरी की घटना की जानकारी देते हुए पीड़ित गृहस्वामी अवधेश कुमार मेहता ने बताया कि वे रविवार सुबह घर के मुख्य द्वार पर ताला मारकर पत्नी के साथ गांव के खेत के काम के सिलसिले में अपने पैतृक घर चम्पानगर सौराहा गए हुए थे। सोमवार देर दोपहर अपने पैतृक घर सौराहा से वापस पूर्णिया मेहता टोला पहुंचे, तो मेन गेट का ताला टूटा पड़ा था। घर के अंदर प्रवेश करने पर सामान इधर -उधर बिखड़ा पाया। घर के 3 कमरे की अलमीरे का लॉकर खुला था।

उसमें रखे गए 25 हजार कैश समेत करीब 3 लाख रुपए की सोने-चांदी के जेवरात गायब थे। जिसे शातिर चोर अपने साथ ले गए। वहीं, डायनिग रूम में पहुंचने पर पाया कि खिड़की का ग्रील खोलकर रखा गया है। चोरों ने ग्रील के स्क्रू को खोला है। इसी के जरिए उन्होंने घर में एंट्री ली। चोरी की इस वारदात को लेकर मधुबनी थाना की पुलिस को घटना की सूचना दी गई थी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची थी। घटना को लेकर थाने में लिखित शिकायत दी गई है। वहीं, शहर के सहायक खजांची थाना क्षेत्र के रिजवान मस्जिद से लगे किराना दुकान में हुई चोरी की घटना की जानकारी देते हुए पीड़ित दुकानदार शाईस्ता तरन्नुम ने बताया कि मौत रोजाना की तरह वो रविवार रात दुकान बंद कर घर चली गई थी। सोमवार सुबह वापस आने पर दुकान का टूटा ताला पाया। चोर दुकान में लगे ताले तोड़कर 40 हजार कैश और करीब 1 लाख रूपए से अधिक का किराना सामान लेकर फरार हो गए। पीड़ित ने बताया कि दुकान में हुई चोरी की सूचना सहायक खजांची थाना की पुलिस को दी गई थी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची थी। चोरी की वारदात को लेकर पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

# इंटरनेशनल ब्राइडल शो की विनर बनीं रोजी यादव, फर्स्ट रनर अप स्नेहा गुप्ता, सेकंड रनर अप बनीं प्रियंका सिन्हा

निज संवाददाता



**पटना।** राजधानी पटना के यूनिक गार्डन में इंटरनेशनल ब्राइडल शो का ग्रैंड फिनाले धूमधाम के साथ संपन्न हो गया। रोजी यादव शो की विजेता बनीं जबकि फर्स्ट रनर अप स्नेहा गुप्ता, प्रियंका सिन्हा सेकेंड रनर अप,थर्ड रनर अप अक्षिता कुमारी, ऑल टैलेंटेड सुषमा गुप्ता बनी। वहीं मेकअप आर्टिस्ट की विनर, श्रेया और फर्स्ट रनर अप पूजा मंडल बनीं। इंटरनेशनल ब्राइडल शो के ग्रैंड फिनाले में बतौर मुख्य अतिथि एमएलसी अनामिका सिंह, मेयर सीता साहू, उप मेयर रेशमी चंद्रवंशी उपस्थित थी। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलित कर की गयी। इसके बाद सभी अतिथियों को फैशन इवेंट के डायरेक्टर दीपू राज ने फूल-बुके, शॉल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। फिनाले में पूरे बिहार से आयी प्रतिभागियों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया और रैंप पर जलवा बिखेरा। सभी प्रतिभागियों ने मल्टी कलर्स के लहंगों में रैंप पर कर एक से एक बेहतरीन प्रस्तुति दी। आर्यन बाबू, रौनक रतन बाबू, मोनु राज ने प्रस्तुति देकर लोगों का दिल जीता। जूरी मेंबर में सागर कश्यप, डॉक्टर हिना रानी, दीपिका राजपूत, श्रेया सुरभि, शशि शर्मा। मौके पर शो की विजेताओं को मोमेंटो, सैसे और आर्कषक उपहार देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही सभी मेकअप आर्टिस्ट को भी सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर फैशन इवेंट के डायरेक्टर दीपू राज ने बताया कि इंटरनेशनल ब्राइडल शो के आयोजन का उद्देश्य संपूर्ण भारत के परिधान,संस्कृति एवं सभ्यता को एक मंच पर लाना है। मौके पर इंटरनेशनल ब्राइडल शो के मैनेजमेंट हेड केसरी टाइगर, स्पॉन्सर, अपना संसार के ऑनर राजू यादव, पैनकार्डिया हॉस्पिटल के राजू राज, वाईआरडीपीएलके डायरेक्टर अर्जुन जी, बिहार बेस्ट (शांतिलाल) फूड पार्टनर (ऑनर अर्जुन) ज्वेलरी पार्टनर दुर्गा चूड़ी, होटल होटल रिलैक्स जॉन के ऑनर रीपू राज,होटल मगध के ऑनर अमित, गणमान्य लोग मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन विष्णु प्रकाश और आकाश अजनबी, अमर राज सक्सेना, पिंटू राज, गणेश, ने किया। फोटोग्राफी पार्टनर रॉयल फोटोशूट राहुल रॉय, मैक स्टूडियो संतोष, और हमारे मुजफ्फरपुर के रंजन कुमार जी की मुख्य भूमिका रही। फैशन इवेंट के टीम मेंबर, रिचा मिश्रा, श्वेता सिंह, डॉली गुप्ता, मुस्कान, शिवजी वेडिंग इवेंट विकास गुप्ता, वरुण सिंह, रणधीर सिंह, आकाश रंजन, अजनबी आकाश, रोशन सिंह, सत्या भाई, कृष्णा जी, अमरेंद्र जी शामिल थे।

## अपराध की साजिश रच रहा युवक गिरफ्तार

**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण) (नि. सं.)।** मोतिहारी में पुलिस ने अपराध की साजिश रच रहे एक अपराधी को देसी पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया है। एसपी कांतेश मिश्रा को गुप्त सूचना मिली कि बदमाश मेहसी थाना क्षेत्र में पिस्टल ले कर किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना मिलने के साथ ही चकिया एसडीपीओ सतेंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम बना कर छापेमारी करने का निर्देश दिया, जिसके बाद चकिया एसडीपीओ ने मेहसी थानाध्यक्ष के साथ थाना क्षेत्र के आमवा गाँव के कनपटी चौक पर घेराबंदी कर एक युवक को हिरासत में लिया, जिसके बाद जब उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से एक लोडेड देसी पिस्टल बरामद हुआ, थाना ला कर जब उससे पूछताछ की गई तो उसने बताया कि लूट की घटना को अंजाम देने आया था, आया तरह से पुलिस की तत्परता से एक आपराधिक घटना होने से पहले रोक दिया गया।

## आग लगने से दो घर जलकर राख, भारी नुकसान

निज संवाददाता



**मोतिहारी (पश्चिमी चम्पारण)।** रक्सौल अनुमंडल के पलनवा थाना अंतर्गत बस्ती सेमरा गांव में भीषण आग लग गई। इस घटना में गांव के दो लोगों का घर जलकर राख हो गया। आग लगने की इस घटना में संपत्ति की भारी क्षति हुई है। किसी व्यक्ति और मवेशी के जलने की खबर नहीं है। आग लगने की इस घटना में मुस्तकीम देवान और इस्माइल देवान के घर जलकर राख हो गए। आग लगने के स्पष्ट कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। अलग-अलग लोग अपने ढंग से बात कह रहे हैं। लेकिन ऐसा बताया जा रहा है कि इस्माइल देवान के घर में चूल्हे में रखी राख के सुलगने से आग फैली है। पहले आग इस्माइल देवान के घर में लगी और उनकी एक झोपड़ी जलकर राख हो गई। इसके बाद आग ने मुस्तकीम मियां के घर को अपने आगोश में ले लिया। मुस्तकीम मियां की इस घटना में भारी क्षति हुई है। आग की लपट काफी ऊंचाई तक जा रही थी। स्थानीय लोग आग पर काबू करने का प्रयास किए। बाद में फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां भी पहुंची। तब तक आग पर काफी हद तक ग्रामीणों ने काबू पा लिया था। फायर ब्रिगेड की गाड़ी वहां पहुंचकर आग पर पूर्ण रूप से नियंत्रण पाया। इस घटना की सूचना मिलते ही पलनवा थाना की पुलिस भी घटनास्थल पर आ गई। वहीं रामगढ़वा से प्रखंड प्रमुख विशाल गुप्ता पखनहिया पंचायत के मुखिया धीरज गुप्ता भी घटना स्थल पर पहुंचकर आग नियंत्रण पर पहल किया। साथ ही पीड़ित परिवार को इन लोगों के द्वारा सांत्वना दिया गया। इसकी घटना की रामगढ़वा अंचलाधिकारी के द्वारा जांच कराई जाएगी एवं आग पीड़ित परिवारों को निर्धारित सरकारी सहायता उपलब्ध कराया जाएगा।

# पांच अपराधियों ने घर जा रही महिला की गोली मारकर की हत्या

निज संवाददाता

**जमुई।** लक्ष्मीपुर थाना क्षेत्र के ठाकुर रायन आहर के पास जमुई से इलाज कराकर अपने पति के साथ जा रही एक महिला को वाहन रोककर पांच हथियारबंद अपराधियों ने एक-एक कर चार गोली मारकर उसके निर्मम तरीके से हत्या कर दी। मृतक की पहचान लक्ष्मीपुर थाना क्षेत्र के मगही निवासी संजय यादव की 35 वर्षीय पत्नी पबिया देवी के रूप में की गई है। पति संजय यादव ने बताया कि वह पत्नी का इलाज कराने जमुई पत्नी के साथ सोमवार को जमुई मुख्यालय आया था जो देर शाम अपने वाहन पर सवार होकर वापस लौट रहा था। जैसे ही उसका वाहन ठाकुर रायन आहर के पास पहुंचा वहीं पहले से घात लगाए हथियारबंद अपराधियों ने उसके वाहन पर अंधाधुंध गोलियां चलानी शुरू कर दी। इस हमले में उसकी पत्नी पबिया देवी को चार गोली लगी जिस कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

# एक से चार तक की परीक्षा में बदलाव, अब 25 की जगह 30 मार्च को होगा एग्जाम

**शिक्षकों के लिए इस दिन विद्यालय खुले रहेंगे**

निज संवाददाता

**पटना।** बिहार में 25 मार्च होली के दिन ही राज्य के सभी सरकारी विद्यालयों में वर्ग 1 से 4 एवं 6-7 का वार्षिक परीक्षा का आयोजन किया जाना था। लेकिन शिक्षक संघ की ओर से इस पर विरोध जताया गया था। वहीं इसको लेकर अब एक पत्र बिहार राज्य परियोजना परिषद की ओर से जारी किया गया है। जिसमें अब 25 को होने वाले गणित और पर्यावरण और सामाजिक विज्ञान विषय की परीक्षा अब 30 मार्च को आयोजित की जाएगी। हालांकि शिक्षकों के लिए इस दिन विद्यालय खुले रहेंगे। बता दें कि माध्यमिक शिक्षक के महासचिव और पूर्व सांसद शत्रुघ्न प्रसाद सिंह ने शिक्षा मंत्री को पत्र भी लिखा था। उन्होंने पत्र में लिखा था कि 24 मार्च को होलिका दहन है। तथा 25 एवं 26 मार्च को होली है।

जबकि निदेशक माध्यमिक शिक्षा की ओर से 26 एवं 27 मार्च को होली की छुट्टी घोषित है। होलिका दहन और होली पर्व के बीच 25 मार्च को विद्यालय खुला रखना बिल्कुल अव्यावहारिक प्रतीत होता है। ऐसी परिस्थिति में अनुरोध है कि दिनांक 25 मार्च को अवकाश घोषित करने की कृपा करना चाहेंगे ताकि बच्चे और शिक्षक अपने कार्य का निर्वहन जबाबदेही पूर्वक निभा सकें। बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के महासचिव नागेन्द्रनाथ शर्मा ने भी इसको लेकर शिक्षा मंत्री को पत्र लिखा था। उन्होंने लिखा की 25 मार्च, 2024 को हिन्दूओं का प्रसिद्ध होली पर्व है। उस दिन यातायात व्यवस्था ठप रहती है। उसी तिथि को वर्ग 1 से 4 एवं 6-7 का वार्षिक परीक्षा की तिथि निर्धारित है। उन्होंने शिक्षा मंत्री से ही अनुरोध किया है को होली के दिन अवकाश घोषित करते हुए परीक्षा की तिथि को परिवर्तित करे। जिससे परीक्षार्थियों एवं शिक्षकों को कठिनाई का सामना न करना पड़े।

# दो अलग-अलग मामले में फरार चल रहे दो आरोपी गिरफ्तार



निज संवाददाता

**शेखपुरा।** रेप के अलग-अलग मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। महिला थाना अध्यक्ष सह पुलिस सब इंस्पेक्टर अनामिका कुमारी ने बताया कि एक आरोपी चेवाड़ा नगर पंचायत क्षेत्र के स्व रिजवान का बेटा मो फरहान है और दूसरा केवटी थाना क्षेत्र के गंगटी गांव निवासी विनय राउत का बेटा राजन कुमार है। इन दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी गुप्त सूचना के आधार पर की गई है। एक सप्ताह पहले सिरारी थाना क्षेत्र की एक युवती ने बताया कि गिरफ्तार फरहान ने पहले फेसबुक में फेक आईडी बनाकर प्रेम जाल में फंसाया और एक साल तक यौन शोषण किया। इसके बाद शादी की बात कहने पर छोड़ कर भाग गया। इसके साथ ही युवती ने गर्भपात कराने का भी आरोप लगाया था। वहीं दूसरी एक युवती ने राजन कुमार के खिलाफ भी शादी करने की बात कह कर यौन शोषण करने का आरोप ही लगाया था। दोनों मामले में प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही थी। आज उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है और पूछताछ के बाद आगे की कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया।

## आरोपी के घर कुर्की जब्ती के लिए चिपकाया इश्तहार

निज संवाददाता



**लखीसराय।** रामगढ़ चौक थाना क्षेत्र में मंगलवार को टॉप 10 में शामिल पांच फरार आरोपियों के घर ढोल बाजे के साथ कुर्की जब्ती कार्रवाई के लिए इश्तहार चिपकाया गया। इसमें थाना क्षेत्र के औरे गांव निवासी संजीवन सिंह का बेटा सचिन कुमार, यदुनंदन सिंह का बेटा संजीवन सिंह, नदियामा गांव निवासी रामकृपाल सिंह का बेटा सुधीर कुमार, उधो सिंह का बेटा आनंदी सिंह और आनंदी सिंह का बेटा रोहित कुमार शामिल है। थाना अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार पंडित ने बताया कि सभी हत्या के आरोपी है और बहुत दिनों से फरार चल रहे है। इसलिए इन सभी के घरों पर न्यायालय के आदेश पर कुर्की जब्ती के लिए इश्तहार चिपकाया गया है। यह कार्रवाई ढोल बाजे के साथ की गई ताकि सब को पता चले।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper

# राहत की बारिश बन गई आफत, झारखंड के कई जिले तर-बतर, फसलों को भारी नुकसान

**रांची , एजेंसी।** मौसम में परिवर्तन के कारण सोमवार की शाम में रांची में तेज हवाओं के साथ और मूसलाधार बारिश हुई। लगातार वज्रपात होता रहा। तेज बारिश के कारण रांची का जनजीवन प्रभावित हो गया। मुख्य सड़क सहित मुहल्लों व कॉलोनियों की सड़कें जलमग्न हो गईं। शहर में अंधेरा पसर गया।

रांची में सोमवार शाम साढ़े पांच बजे तक 17.50 मिमी बारिश रिकॉर्ड किया गया। जबकि, रामगढ़ में 22.5 मिमी, लोहरदगा में 5.5, गोड्डा में 19.5 और बोकारो में 1.5 मिमी बारिश का आंकड़ा दर्ज किया गया।

मूसलाधार बारिश के बाद रांची के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। बारिश के बाद सोमवार रात नौ बजे अधिकतम तापमान 19 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, जो रविवार को इसी समय 21 डिग्री था। जबकि, रविवार को रांची का अधिकतम 31 और न्यूनतम 18 डिग्री सेल्सियस था। सोमवार को अधिकतम 28 और न्यूनतम 16 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया गया।

**24 घंटों के अंतराल में खूंटी में सबसे अधिक बारिश :** पिछले 24 घंटों के अंतराल में खूंटी के अड़की क्षेत्र में सबसे अधिक बारिश हुई। यहां 40.4 मिमी बारिश का आंकड़ा दर्ज किया गया। जबकि, सबसे अधिकतम तापमान 34.74 गोड्डा और सबसे कम न्यूनतम तापमान 17.8 डिग्री सेल्सियस





लोहरदगा में दर्ज किया गया है।

21 मार्च तक रांची समेत अन्य जिलों के लिए चेतावनी जारी की है। पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला-खरसांवा, देवघर, धनबाद, दुमका, गिरीडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़ व साहेबगंज, बोकारो, गुमला, हजारीबाग, खूंटी और रामगढ़ में मेघ गर्जन के साथ तेज हवा चलेगी। मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि हवा की अधिकतम रफ्तार 40-50 किलोमीटर होगी। इस दौरान वज्रपात भी हो सकती है। यह प्रभाव 21 तक रहेगा।

**फसल = गोभी, बीन्स और शिमला मिर्च को नुकसान :** रांची आसपास के इलाकों में बारिश से फसलों को नुकसान हुआ। खासकर गोभी और शिमला मिर्च को नुकसान पहुंचा है। चान्हो में विभिन्न सब्जियों की खेतों में पानी जम गया। गोभी, बीन्स, शिमला मिर्च, सरसों की फसर आदि खराब होने के कगार पर हैं। चोरिया के किसान रमेश सिंह ने बताया कि इस मौसम में गर्मी वाली सब्जियां ही लगाई जाती है। पर, इस बार अभी तक गर्मी नहीं पड़ी है और रह-रह कर बारिश भी हो रही है। इस कारण पौधों का ग्रोथ रुक गया है। कीटों का प्रकोप भी बढ़ा है।

**बेड़ो-तमाड़ में वज्रपात से दो मवेशियों की मौत :** बेड़ो और तमाड़ में सोमवार को हुए वज्रपात के दौरान दो मवेशियों की मौत हो गई। पहली घटना थाना क्षेत्र के जरिया नहरटोली गांव में सोमवार की अपराह्न लगभग चार बजे बारिश के दौरान हुई वज्रपात से इसी गांव के निवासी बालू गोप का घर के बाहर बने शेड में बंधी एक दुधारू गाय की मौत हो गई। जबकि उसी के बगल में बंधे एक बछड़ा व एक गाय बाल-बाल बच गए। लगभग 18 लीटर दूध देने वाली गाय की घटना स्थल पर ही मौत होने परिवार के लोग काफी चिंतित हैं। किसान बालू गोप ने बताया कि गाय की कीमत 40 से 45 हजार की थी।

वहीं तमाड़ थाना क्षेत्र के रड़गांव पंचायत के कोईजानीगुड़ा में ठनका की चपेट में आने से एक बैल की मौत हो गया। घटना शाम चार बजे की है। बताया जाता है कि शम्भू हजाम के पुत्र सुरेन्द्र हजाम का एक बैल गोहाल में बंधा हुआ था। अचानक हल्की बूंदा बूंदी शुरू हो गयी। इसी बीच जोरदार आवाज के साथ ठनका गिरा। जिसने बैल को अपनी चपेट में ले लिया। इससे तत्काल बैल को मौत हो गयी। घटना के बाद किसान सुरेन्द्र हजाम काफी चिंतिंत हैं।

## लोको पायलट ने दिव्यांगों से की अभद्रता

**जमशेदपुर, एजेंसी।** आनंद विहार-पुरी नीलांचल एक्सप्रेस के लोको पायलट ने सोमवार को टाटानगर स्टेशन पर दिव्यांग यात्रियों से अभद्रता की। इसके बाद दिव्यांगों ने हंगामा कर दिया। प्लेटफॉर्म से लेकर रेल थाने में करीब दो घंटे तक अफरातफरी का माहौल था। तीन दर्जन से ज्यादा दिव्यांग (युवक-युवती) टाटानगर रेल थाना पहुंच गए और परेशानी बताकर लोको पायलट के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।

लोको पायलट ने दिव्यांग कोच को प्लेटफॉर्म से आगे निकाल दिया था। इसपर दिव्यांगों ने विरोध जताया तो लोको पायलट ने अभद्रता कर दी। सभी दिव्यांग लखनऊ स्थित डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के छात्र हैं। वे जमशेदपुर मोहन आहूजा स्टेडियम में बुधवार को आयोजित बैडमिंटन प्रतियोगिता में भाग लेने ट्रेन से टाटानगर आए हैं। इधर, दिव्यांग यात्रियों सह खिलाड़ियों द्वारा रेल थाने में लोको पायलट के खिलाफ शिकायत दर्ज होने की सूचना पर रेल अधिकारी पहुंचे। उन्होंने लोको पायलट के खिलाफ विभागीय कार्रवाई का आश्वासन देकर दिव्यांगों को शांत करा दिया। रेल पुलिस ने दिव्यांगों के बयान पर केस दर्ज कर लोको पायलट को पूछताछ के लिए मंगलवार को थाने में बुलाया है। दिव्यांग लोको पायलट द्वारा क्षमा नहीं मांगने पर कानूनी कार्रवाई की मांग पर अड़े हैं। इधर, रेल अधिकारियों ने लोको पायलट के व्यवहार से खड़गपुर मंडल के सीनियर डीईई को अवगत करा दिया है। उन्होंने कार्रवाई का आश्वासन भी दिया।प्लेटफॉर्म से आगे निकाल दिया दिव्यांगों का कोचखिलाड़ी शमीम अहमद, हर्षित पाल और प्रह्लाद कुमार ने बताया कि लोको पायलट ने नीलांचल एक्सप्रेस को प्लेटफॉर्म नंबर चार से करीब डेढ़ मीटर बाहर रोक दिया। इससे कोच से उतरने में दिक्कत हो रही थी। शिकायत करने पर लोको पायलट भड़क उठे और अपशब्द इस्तेमाल करने लगे।

## संक्षिप्त समाचार

### कलश यात्रा के साथ ही तीन दिवसीय श्री श्री 108 राम चरित्र मानस यज्ञ शुरू

**धनबाद /सिंदरी, एजेंसी।** रांगामाटी झारखंड धाम मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय श्रीश्री 108 राम चरित्र मानस यज्ञ सोमवार को भव्य कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ। गाजे-बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें 251 महिलाएं, पुरुष व बच्चे शामिल थे। जय श्री राम, जय सियाराम के गगन भेदी नारों के साथ कलश शोभा यात्रा आरएम फोर, आईएम टाइप कॉलोनी होते हुए शहरपुरा शिव मंदिर स्थित पोखरा पहुंची। जहां कलश में जल भरा गया। कलश यात्रा पुन: वापस मंदिर परिसर पहुंचा। जहां पंडितों ने मंदिर परिसर में कलश स्थापित कराया। मंगलवार को अग्नि मंथन द्वारा देवी पूजन, हवन तथा अखंड रामायण पाठ होगा। बुधवार को यज्ञ की पूर्णाहुति तथा भंडारा होगा। शोभा यात्रा में विधायक इंद्रजीत महतो की पत्नी तारा देवी विधायक प्रतिनिधि कुमार महतो, पूर्व पार्षद दिनेश सिंह, भाजपा नगर अध्यक्ष अरविंद पाठक, विजय सिंह, अणिमा सिंह शामिल हुए थे। यज्ञ को सफल बनाने को ले झारखंड धाम मंदिर कमेटी के अध्यक्ष विजय कुमार, सदस्य राजेश कुमार, शेखर कुमार, राकेश कुमार, आरती प्रसाद, रेखा देवी, उषा देवी, शंकर राम, आर्जन ठाकुर, सिंदू कुमार, राहुल कुमार, रितिक कुमार सक्रिय थे।

### झारखंड में बड़ा सड़क हादसा, खड़े ट्रक से जा टकराई बेकाबू कार; चार लोगों की दर्दनाक मौत

**आदित्यपुर, एजेंसी।** सरायकेला-खरसावां जिला के चांडिल थाना के कांदरबेड़ा में सोमवार की शाम 4.30 बजे अनियंत्रित कार खड़ी ट्रक से टकरा गई। इसमें कार के परखच्चे उड़ गए। इस घटना में आदित्यपुर के चार युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद जेसीबी से कार को सीधा करके स्थानीय लोगों द्वारा गैस कटर से कार के दरवाजा को कई भागों में काटकर चारों युवकों का शव निकाल एमजीएम भेजा गया। मृतकों में आदित्यपुर थाना के बाबाकुटी आश्रम निवासी अभय रंजन सिंह उर्फ निखिल (23), आदित्यपुर कालोनी मार्ग संख्या 21 निवासी नवनीत राज उर्फ यस (22), आदित्यपुर मार्ग संख्या 22 निवासी संस्कार मिश्रा (23), मार्ग संख्या 17 निवासी सूरज कुमार (21) का नाम शामिल हैं। घटना की सूचना मिलने के बाद पूरे आदित्यपुर कालोनी में हाहाकार मच गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि कार बाबाकुटी आश्रम निवासी अभय रंजन सिंह उर्फ निखिल का था। कार उसके परिवार में सुनीता देवी के नाम पर है। मृतक चारों दोस्त थे। दोपहर 3.30 बजे दोपहर में घर से निकले थे। उसके बाद संध्या करीब 4.30 बजे दुर्घटना होने की सूचना मिली। इससे पूर्व भी इसी तरह की सड़क दुर्घटना में बाबाकुटी आश्रम के छह युवकों की मौत हो गई थी।

### सदर अस्पताल :अपने बच्चे की तरह सरकारी एंबुलेंस की देखभाल करते हैं शमसुद्दीन

**रांची , एजेंसी।** जिस तरह एक पिता अपने बच्चों की परवरिश करता है, ठीक उसी तरह सदर अस्पताल के एंबुलेंस चालक समसुद्दीन अंसारी अपने सरकारी एंबुलेंस की देखभाल करते हैं। वे 23 वर्ष से एक ही एंबुलेंस चला रहे हैं। सदर अस्पताल से उन्हें 23 वर्ष पहले यह एंबुलेंस मिली थी। मरीजों की सेवा के प्रति लगन ऐसी कि शमसुद्दीन ने एंबुलेंस को ही अपना घर बना लिया। तभी तो उन्हें एंबुलेंस से ऐसा लगाव हो गया कि आज भी वह जब एंबुलेंस की ड्राइविंग सीट पर बैठकर इंजन स्टार्ट करते हैं तो उसकी आवाज से पहचान जाते हैं सबकुछ ठीक है या कहीं कोई गड़बड़ी है। इसके बाद वे स्वयं एंबुलेंस के अधिकतर कल-पुर्जे ठीक कर लेते हैं। मैकेनिक के पास जाने की जरूरत नहीं पड़ती है। इस एंबुलेंस से इतना अधिक लगाव होने का कारण पूछने पर शमसुद्दीन बताते हैं कि पिछले 23 वर्षों में उन्होंने 5000 से अधिक मरीजों को अस्पताल पहुंचाया। इनमें हजारों ऐसे मरीज भी थे जो गंभीर थे। ऐसे मरीजों को घर से अस्पताल तक लाने के क्रम में कई मरीजों की स्थिति बिगड़ी भी, लेकिन आज तक एक भी मरीज की मौत इस एंबुलेंस में नहीं हुई। यह एंबुलेंस मेरे लिए काफी लकी है। इसलिए आज भी इसको संभाल कर रखे हुए हैं। 8 घंटे की ड्यूटी, फिर भी हर वक्त अस्पताल में रहते हैं मौजूद रमजान के पाक माह में भी एंबुलेंस के पास ही पढ़ रहे नमाज समसुद्दीन ने बताया कि उन्होंने 1986 में सिंहभूम से काम की शुरुआत की थी।

## झारखंड में साइक्लोनिक सर्कुलेशन का दिखेगा असर, चलेगी तेज हवाएं



**रांची, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में बने साइक्लोनिक सर्कुलेशन का असर झारखंड के मौसम पर भी पड़ेगा। ओलावृष्टि, वज्रपात और हवा की तेज रफ्तार की आशंका को देखते हुए मौसम विज्ञान केंद्र ने कई जिलों के लिए यलो तो कई जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

मौसम विज्ञान केंद्र ने कहा है कि राज्य के सात क्षेत्रों में मंगलवार को तेज गति से हवा चल सकती है। इस दिन बारिश के साथ ओलावृष्टि का भी अनुमान है। इन जिलों के लिए मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। साथ ही संबंधित जिला से किसी भी स्थिति के लिए तैयार रहने को कहा है।

रांची मौसम विज्ञान केंद्र के वरीय मौसम विज्ञानी डॉ अभिषेक आनंद की ओर से जारी सूचना के अनुसार मंगलवार को कई जिलों में कहीं-कहीं 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है।साइक्लोनिक सर्कुलेशन की वजह से राज्य के दक्षिणी जिलों में मौसम का मिजाज बिगड़ा रहेगा। राज्य के दक्षिणी जिलों को छोड़ कर अन्य जिलों के लिए मौसम केंद्र ने यलो अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में हवा की गति 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे हो सकती है।कहीं-कहीं बारिश का अनुमान है। 20 मार्च तक मौसम का मिजाज बदला रह सकता है। इसके बाद मौसम शुष्क रहेगा। मौसम में बदलाव से तापमान भी गिरेगा।

राज्य के दक्षिणी तथा निकटवर्ती मध्य भागों में कहीं-कहीं गर्जन और तेज हवा के साथ वज्रपात की संभावना है। गुमला, खूंटी, रांची, सिमडेगा और पश्चिम सिंहभूम जिलों में कहीं-कहीं ओलावृष्टि भी हो सकती है। इसके अतिरिक्त गुमला, खूंटी, रांची, सिमडेगा और पश्चिमी सिंहभूम जिलों में कहीं-कहीं भारी बारिश की भी संभावना है।

## छवि रंजन समेत 9 की न्यायिक हिरासत 30 तक बढ़ी, पूजा सिंघल मामले में इस दिन होगी गवाही

**रांची, एजेंसी।** सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन की अवैध तरीके से खरीद-बिक्री में संलिप्त निलंबित आईएएस अधिकारी छवि रंजन समेत नौ आरोपियों की न्यायिक हिरासत अवधि कोर्ट से दो हफ्ते के लिए बढ़ा दी है। इससे पूर्व ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में जेल में बंद आरोपियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश किया गया। अदालत ने अगली पेशी की तारीख 30 मार्च निर्धारित की है।

मामले में छवि रंजन चार मई 2023 से जेल में है। छवि के साथ बड़गाईं अंचल के निलंबित राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, प्रदीप बागची, दलाल रिम्स कर्मचारी अफसर अली, इम्तियाज अहमद, सद्दाम हुसैन, तल्हा खान, फैयाज अहमद एवं अमित अग्रवाल की न्यायिक हिरासत अवधि 30 मार्च तक बढ़ा दी गई है।

पूजा सिंघल मामले में अब 30 को होगी गवाही

मनी लाउंड्रिंग की आरोपी निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल व अन्य से जुड़े मामले में शनिवार को गवाही नहीं हो सकी। इस पर कोर्ट ने गवाही की तिथि 30 मार्च निर्धारित कर दी। ईडी





कोर्ट ने पूजा व इंजीनियर शशि प्रकाश की न्यायिक हिरासत 30 मार्च तक बढ़ा दी है। पूजा 25 मई 2022 से जेल में है। बता दें कि पिछली सुनवाई में खूंटी के कार्यपालक अभियंता सिंकदर साहू की गवाही हुई थी।

सुनील की जमानत पर फैसला सुरक्षित

साहिबगंज में 1250 करोड़ के अवैध खनन के आरोपी सुनील यादव की जमानत याचिका पर सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया। ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा के कोर्ट ने सुनील की जमानत खारिज कर दी थी। सुनील, दाहू यादव का भाई है। ईडी कोर्ट ने इन दोनों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। इसके बाद 26 अगस्त 2023 को सुनील को गिरफ्तार किया गया था।

उषा मार्टिन के एमडी की राहत बरकरार

मनी लाउंड्रिंग मामले के आरोपी उषा मार्टिन के एमडी राजीव झंवर को हाईकोर्ट से मिली राहत 22 मार्च तक बरकरार रहेगी। राजीव झंवर की अग्रिम जमानत पर अब 22 मार्च को सुनवाई होगी। पूर्व में सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने राजीव के खिलाफ पीड़क कार्रवाई नहीं करने का निर्देश दिया है।

वीरेंद्र राम की जमानत पर फैसला सुरक्षित

मनी लाउंड्रिंग के आरोपी ग्रामीण कार्य विभाग के निलंबित मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम की जमानत याचिका पर सुनवाई पूरी करके हाईकोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया।

## वाइल्ड लाइफ प्रेमियों के लिए झारखंड बन रहा खास, राज्य में बढ़ रही है वन्यजीवों की संख्या, चार बाघ कर रहे भ्रमण

**रांची, एजेंसी।** झारखंड के वन्यजीव प्रेमियों के लिए एक अच्छी खबर है। लगभग 15 सालों के बाद राज्य के जंगलों में एक साथ चार बाघों के विचरण के संकेत मिले हैं। इसके अलावा भेड़िया, हिरण जैसे जानवरों की संख्या में भी वृद्धि हुई है। जंगलों तक से गायब हो रहे भेड़िए और लोमड़ी की तस्वीरें कैमरे में कैद हो रही हैं। खास बात यह है कि यह वृद्धि प्राकृतिक तरीके से हो रही है।

जंगलों में मानव-पशु संघर्ष कम हुआ है और इनके लिए आहार की उपलब्धता भी बढ़ी है। यही वजह है कि पलामू टाइगर रिजर्व से लेकर हजारीबाग के जंगलों तक में बाघ जैसे दुर्लभ हो चुके जानवरों का विचरण हो रहा है।

पलामू टाइगर रिजर्व में ही एकसाथ चार बाघों के पदचिन्ह मिले हैं। ये चिन्ह और इनसे जुड़ी अन्य सूचनाएं ताजा हैं, इसका मतलब है कि लंबे समय से इस संरक्षित पशु की मौजूदगी यहां है।

बेतला और इसके आसपास के जंगलों में



वन विभाग ने हिरणों की संख्या बढ़ाने के लिए तकनीकी प्रयोग किए। एक रिजर्व क्षेत्र में इनका प्रजनन कराया गया और इसके बाद इन्हें बाहर छोड़ दिया गया। एक साथ चार बाघों की मौजूदगी के लिए इन हिरणों की बड़ी भूमिका मानी जा रही है।

हिरण बाघों के प्राकृतिक भोजन हैं। वन विभाग के कैमरे में इनमें से कुछ बाघ ट्रैप भी हुए हैं। अब वन विभाग इस कोशिश में है कि पड़ोस के किसी जंगल से कोई मादा यानि बाघिन आ जाए तो पीटीआर में ही इनका प्राकृतिक प्रजनन भी हो सकेगा।

वन विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, साल 2018 में पलामू टाइगर रिजर्व में बाघ की संख्या शून्य हो गई थी। 50 साल पहले बने इस टाइगर रिजर्व के लिए यह अच्छी स्थिति नहीं थी। अब चार बाघ की मौजूदगी से इस टाइगर रिजर्व की रैंकिंग में सुधार होगी।

राजाजी नेशनल पार्क से जुड़े वन्यजीव विशेषज्ञ नवनीत कुमार ने बताया कि अगर बाहर से आए बाघ भी लंबे समय से टिके हुए हैं तो इसका मतलब है कि परिवेश उनके अनुकूल हो रहा है। बेतला में बाघों के विचरण और शिकार के लिए लंबे मैदान मौजूद हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि फिर से इस टाइगर रिजर्व का गौरव बहाल होगा।

21

एक कॉल सेंटर ने उड़ाई सीआईडी की नींद, दो शिफ्टों में चल रहा था खेल; अब 30 कम्प्यूटरों को खंगाल रही टीम

रांची, एजेंसी। रांची के अपर बाजार स्थित किशोरगंज चौक के समीप अंतरराष्ट्रीय कॉल सेंटर से जांच एजेंसी के नाम पर विदेशियों को लूटे जाने का मामला सामने आया है। इसके बाद अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) के अधिकारी जांच में जुट गए हैं। सोमवार को संबंधित कॉल सेंटर पहुंचे अधिकारियों ने वहां के क्रियाकलापों का पूरा ब्योरा लिया। साथ ही कुछ डिजिटल साक्ष्य भी एकत्रित किए हैं, जिनका सत्यापन जारी है।

सीआईडी के डीजी अनुराग गुप्ता के अनुसार, किशोरगंज चौक के समीप बीएम हाइट्स में अंतरराष्ट्रीय कॉल सेंटर संचालित होने की सूचना मिली थी।

सीआईडी के अधिकारियों ने जब इसका सत्यापन किया तो पाया कि एकरामुल अंसारी व रविकांत रिकी कंस्ल्टेंसी सर्विसेज, जीजी इंफोटेक व अराग्या ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड के नाम से फर्जी कॉल सेंटर का संचालन कर रहे हैं।

ये इन कॉल सेंटरों के माध्यम से यूके, ऑस्ट्रेलिया सहित अन्य देशों के नागरिकों को इंटरनेट कॉलिंग साफ्टवेयर का प्रयोग कर संपर्क साधा करते थे। इन्हें कॉल करने के लिए दोनों ने दो शिफ्ट में 15-15 युवाओं को नौकरी दे रखी है।

## एक तेंदुए की वजह से कई कंपनियां हुईं बंद, श्रमिकों को दे दी गई छुट्टी; नहीं पकड़ पा रही है वन विभाग की टीम

**गम्हरिया, एजेंसी।** आदित्यपुर के आरएसबी प्लांट वन में घुसे तेंदुआ का अब तक पता नहीं चला है। बताया जा रहा है कि यह तेंदुआ आस-पास की कंपनियों में ही भ्रमण कर रहा है। सरायकेला तथा पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा के बचाव दल की ओर से विगत दो दिनों से किए जा रहे प्रयास के बावजूद तेंदुआ को अभी तक पकड़ा नहीं जा सका है। इससे औद्योगिक क्षेत्र के उद्यमियों समेत आसपास की बस्तियों में रहने वाले लोगों में दहशत का माहौल उत्पन्न हो गया है। तेंदुआ के भय से एक दर्जन से अधिक कंपनियों ने अपने प्लांट को बंद कर दिया और कार्य भी बंद है। रात्रि पाली (नाइट शिफ्ट) को बंद करने का आदेश सरायकेला-खरसावां के उपायुक्त ने दिया है। कंपनियों में उत्पादन ठप हो चुका है। कई कंपनियों में मजदूरों को छुट्टी दे दी गई है, जिससे उन्हें लाखों का नुकसान हो रहा है।

तेंदुआ द्वारा बार-बार अपना स्थान बदल रहा है। विदित है कि सबसे पहले तेंदुआ औद्योगिक क्षेत्र गम्हरिया के छठे फेज में स्थित आरएसबी कंपनी के प्लांट एक में रविवार को सुबह करीब साढ़े नौ बजे देखा गया था। उसके बाद देर शाम आरएसबी के समीप स्थित एक कंपनी के शौचालय के पास उसके पैर का निशान पाया गया।

उसके बाद दिनभर वन विभाग की रेस्क्यू टीम तेंदुए को ढूंढने में लगी रही, मगर तेंदुआ को रेस्क्यू नही किया जा सका। इधर सोमवार की सुबह तेंदुआ का लोकेशन टाटा-कांड्रा मार्ग के किनारे बिको मोड़ के समीप स्थित बेबको कंपनी में पाए जाने की सूचना मिली।

## जेपीएससी पेपरलीक पर पॉलिटिक्स; भाजपा ने की सीबीआईजांच की मांग

**रांची , एजेंसी।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने जेपीएससी व जेएसएससी परीक्षा की सीबीआई जांच की मांग की है। मुख्य सचिव को इस संबध में उन्होंने पत्र भेजा है। उन्होंने लिखा है कि 17 मार्च को जेपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन हुआ था, जिसमें पेपर लीक की तमाम खबरें सामने आई हैं। कुछ छात्रों ने उन्हें जो मेल भेजे हैं (जिसमें स्क्रीनशॉट भी संलिप्त है), उसमें पेपर बुकलेट संख्या और ओएमआर उत्तर पुस्तिका संख्या असमान पाई गई हैं।

मुख्य सचिव को बाबूलाल मरांडी ने लिखा है कि 2025 पदों के लिए राज्यभर के 735 केंद्रों में जेएसएससी द्वारा आयोजित सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2023 में प्रश्नपत्र लीक का मामला सामने आया था, जिसके बाद जेएसएससी ने 28 जनवरी को सभी पाली



की परीक्षा तथा 04 फरवरी को होने वाली परीक्षा को अपरिहार्य कारणों से रद्द कर दिया था। बाबूलाल ने बताया कि इस संदर्भ में भी उन्होंने 01 फरवरी को मुख्य सचिव को पत्र लिखकर सीबीआई जांच की मांग की थी। उन्होंने आगे लिखा है कि बार-बार परीक्षा रद्द करने एवं पेपरलीक की घटना होने से जेएसएससी एवं जेपीएससी की निष्पक्षता पर सवाल खड़े होते हैं, जिसका खामियाजा सभी प्रतिभागियों को भुगतना पड़ रहा है।

गरीब व आदिवासी छात्र के सपनों का मजाक

बाबूलाल मरांडी ने सीएस को लिखा है कि चार वर्षों में झारखंड के गरीब और आदिवासी बच्चों के सपनों का मजाक बनाकर रख दिया गया है। सत्ता के शीर्ष पर बैठे लोग जनता के लिए नहीं, स्वहित को साधने में लगे हुए हैं। राज्य के अफसरों का भी यही रवैया है। पिछले चार वर्षों में ऐसी किसी भी परीक्षा का आयोजन नहीं हो पाया है, जिसमें नकल, अनियमितता या गड़बड़ी न हुई हो। राज्य के पैसों की बंदरबांट और भ्रष्टाचार के पैसों से अपनी जेबें भरने वाले अफसर और शीर्ष नेतृत्व पर बैठे नेता ये भूल गए हैं कि उनका काम जनसेवा है।

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि जेपीएससी प्रारंभिक परीक्षा पर किसी को परेशान होने की जरूरत नहीं है। इसके जरिए राज्य सरकार को बदनाम करने की साजिश हो रही है। इसका जल्द खुलासा होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा के षड्यंत्र के आगे पूर्व सीएम हेमंत सोरेन झुके नहीं। ईडी और जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर भाजपा ने विपक्षी नेताओं को अपने पाले में लाने का प्रयास किया। जो झुक गया, वे भाजपा में शामिल हो गए। उनका हर दोष दूर हो गया, लेकिन हेमंत सोरेन ने साफ शब्दों में कह दिया कि वह जल, जंगल, जमीन और जानवरों को उजाड़ने वाले लोगों के साथ समझौता नहीं करेंगे।

सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने सोमवार को चुनाव आयोग पर भी निशाना साधा। झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने पार्टी कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान सवाल उठाया कि पहले जब मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल गांडेय विधानसभा सीट पर उपचुनाव को लेकर आयोग के पास गया था, तब चुनाव नहीं कराने को लेकर तर्क दिए जा रहे थे। अब चुनाव आयोग की ओर से उपचुनाव की घोषणा कर दी गई है।

## संक्षिप्त समाचार



### नगर निगम की नाक के नीचे चल रहा था अवैध वाहन स्टैंड, हटाने पहुंची टीम से दबंगों की नोकझोंक

**कानपुर , एजेंसी।** कानपुर नगर निगम ने सोमवार को मोतीझील स्थित कारगिल पार्क के फुटपाथ पर चल रहा अवैध वाहन स्टैंड पकड़ा। युवक के कब्जे से पर्चियों की तीन गड्डियां बरामद हुईं। इनमें से एक में भारत महोत्सव और कार पार्किंग 50 रुपये (जीएसटी सहित), मोटरसाइकिल शुल्क 30 रुपये प्लस 10 रुपये हेलमेट अंकित है। पर्ची में स्थान नहीं लिखा है। दोनों अन्य गड्डियों में कार पार्किंग शुल्क 50 रुपये, मोटरसाइकिल शुल्क 20 रुपये, साइकिल शुल्क 10 रुपये अंकित है। नगर निगम ने मोतीझील लॉन नंबर - 2 को शाइन इवेंट एंड एक्जिबिट्स को होली मेला लगाने के लिए आवंटित किया है। सोमवार को सूचना मिली कि वहां वाहन शुल्क वसूला जा रहा है। इस पर नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन ने जोन-4 के कर अधीक्षक अतुल श्रीवास्तव को मौके पर भेजा। टीम ने पार्किंग बंद करने के लिए कहा तो दबंग ठेका होने का दावा करते हुए धमकाने लगे। बताया गया कि प्रदेश सरकार ने ढाई साल पहले ही सभी पार्किंग के ठेके निरस्त कर दिए थे। इस पर संचालक खुद को भाजयुमो नेता बताते हुए अधिकारियों को हड़काते हुए टरकाने लगा। सूचना पर जोन-4 के जोनल अधिकारी राजेश सिंह पहुंचे तो स्टैंड लगाने वाले दोनों युवक भाग गए। उन्होंने स्वरूपनगर थाने में तहरीर दी है। बताया कि दो कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगा दी गई है कि कोई भी अवैध स्टैंड का संचालन न कर सके।

### दोनों मामलों में फिर टला फैसला, बेटे को गले लगाकर रोए इरफान, कहा- दुआओं में याद रखना

**कानपुर , एजेंसी।** कानपुर के जाजमऊ आगजनी मामले में एमपीएमएलए सेशन कोर्ट में सुनाया जाने वाला फैसला एक बार फिर टल गया है। विशेष न्यायाधीश के अवकाश पर होने के कारण मुकदमे में फैसला नहीं आ सकेगा। वहीं, आचार संहिता उल्लंघन मामले में एमपी एमएलए लोअर कोर्ट में इरफान को पेश किया गया है। हालांकि, इस मामले में भी फैसला टल गया है। जाजमऊ आगजनी मामले में अब 22 मार्च को फैसला आ सकता है। वहीं, आचार संहिता उल्लंघन मामले में कोर्ट ने चार अप्रैल की तारीख तय की है। बता दें कि कड़ी सुरक्षा में महाराजगंज जेल से कानपुर पहुंचे इरफान अपने साथ धार्मिक पुस्तक भी लेकर आए थे। बिना कुछ बोले उन्होंने हाथ हिला कर सभी का अभिवादन किया। कहा कि दुआओं में याद रखना।

**रिजवान बोला- ऊपर वाला सब जानता है:** वहीं, बेटे को गले लगाकर खूब रोए। भाई रिजवान सोलंकी को कड़ी सुरक्षा में कोर्ट लाया गया। कोर्ट ले जाते समय रिजवान ने कहा हम सभी लोग बेगुनाह हैं। हम सभी का इंसाफ होगा। ऊपर वाला सब जानता है। हम दोनों भाई बेगुनाह हैं। सभी आरोप झूठे हैं। कोर्ट के दरवाजे से इंसाफ मिलेगा। बता दें कि पुलिस ने कोर्ट और मिश्रित आबादी वाले इलाकों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं।

### वायु बिहार मार्ग पर बम होने की सूचना, मौके पर पहुंची पुलिस; जांच में जुटी बम डिस्पोजल टीम

**आगरा , एजेंसी।** आगरा के जगदीशपुरा थाना क्षेत्र में कलवारी से वायु बिहार मार्ग जाने वाले रास्ते पर बम होने की सूचना से अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही जगदीशपुरा थाना पुलिस के साथ बम निरोधक दस्ता मौके पर पहुंच गया। पुलिस ने इस मार्ग पर आवागमन रोक दिया है। टीम जांच में जुटी हुई है। बम की सूचना मिलते ही एसीपी लोहामंडी मयंक तिवारी मौके पर पहुंच गए। बम निरोधक दस्ते ने खोखे के नीचे से मार्बल के बॉक्स को निकाला है जिसमें सर्किट लगा हुआ है। जिसे बम डिस्पोजल टीम ने एक टेंपो में रखने के बाद चारों तरफ से कवर करने के साथ रख दिया है। आशंका यही है कि खोखे में बम फटता तो पेट्रोल पंप में हादसा होता।

# सोनेलाल पटेल की विरासत के लिए अनुप्रिया-पल्लवी के बीच जंग का नया मैदान बन सकती है फूलपुर सीट





**प्रयागराज , एजेंसी।** अपना दल के संस्थापक डॉ. सोनेलाल पटेल की कर्मस्थली। 1995 में गठित पार्टी को खड़ा करने में बड़े सहयोगी यहीं से मिले। पीडी टंडन पार्क में कार्यकर्ताओं से पुलिसिया टकराव और फिर हुए लाठीचार्ज के बाद हाथ-पांव भी यहीं टूटे। चुनावी राजनीति का पहला कदम भी फूलपुर सीट से आगे बढ़ाया। हारे...मगर मन से नहीं। लड़े और फिर आगे भी लड़ते रहे। जीत का स्वाद चखने के लिए भारतीय जनता पार्टी के साथ भी समझौता किया। मगर, जीत का हार नसीब नहीं हो सका।

2009 में उनके दिवंगत होने के बाद दल दो हिस्सों (अपना दल एस और अपना दल कमेरावादी) में बंट चुका है। एक की कमान डॉ. पटेल की पत्नी कृष्णा पटेल और बड़ी बेटी पल्लवी पटेल के हाथों में है तो दूसरे की कमांडर केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल और उनके पति आशीष पटेल हैं। दोनों बेटियां दिलोजान से विरासत की जंग लड़ रही हैं। इसी कड़ी में दोनों की निगाह फूलपुर सीट पर है। हालांकि, फूलपुर सीट से भाजपा की सांसद केशरी देवी पटेल हैं और पार्टी ने ऐसा कोई वादा नहीं किया कि यह सीट वह अपनी सहयोगी अपना दल (एस) को देने वाली है। फिर भी, टिकट घोषणा होने तक राजनीतिक संभावनाओं की उम्मीद कोई नहीं छोड़ रहा।

पहले प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू, राम मनोहर लोहिया, कांशीराम और डॉ. सोनेलाल पटेल जैसे राजनीतिज्ञों की कर्मस्थली होने की वजह से फूलपुर सीट हमेशा सुर्खियां बटोरती रही है। मौजूदा समय में यहां की सांसद भाजपा की केशरी देवी पटेल हैं। 2019 में सपा गठबंधन के प्रत्याशी पंधारी यादव को उन्होंने बड़े अंतर से हराया था। राजनीतिक समीकरणों की बात करें तो 2022 के विधानसभा चुनाव में गठबंधन के साथ मिलकर 13 सीटें जीतने वाले अद (एस) ने इस बार भाजपा नेतृत्व से यूपी में तीन लोक सभा सीटें मांगी थीं।

हालांकि, उन्हें मिलीं दो ही हैं। इनमें से अभी राबर्ट्सगंज (सुरक्षित) और मिर्जापुर सीटें अद एस के पास हैं। मिर्जापुर से खुद अद एस की अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल सांसद हैं तो राबर्ट्सगंज से पकौड़ी लाल कोल पिछले चुनाव में जीते थे। अनुप्रिया समर्थकों की दिली ख्वाहिश है कि अपना दल के संस्थापक डॉ. सोने लाल पटेल फूलपुर से लगातार पांच बार चुनाव लड़े थे।

यह दीगर बात है कि वह एक बार भी नहीं जीत पाए, लेकिन यहीं के बूते पार्टी संगठन की ताकत बढ़ी। पार्टी बंट जाने के बावजूद अनुप्रिया पटेल ने खुद को यूपी की बड़ी राजनीतिक हैसियत बना लिया है। विधायकों की संख्या की दृष्टि से उनकी पार्टी प्रदेश की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी बन चुकी है। अपनी बढ़ती ताकत और विस्तार के बीच पिता की विरासत पर अनुप्रिया की नजर है। वह फूलपुर सीट भी गठबंधन के खाते में चाहती हैं।

चुनावी रणनीतिकारों का मानना है कि सीट शेयरिंग के फार्मूले के तहत अपना दल को दो सीटें ही मिली हैं, इसलिए मिर्जापुर और राबर्ट्सगंज में से कोई एक सीट छोड़नी पड़ सकती है। अनुप्रिया मिर्जापुर में बनी-बनाई जमीन छोड़कर खुद कोई नया ठिकाना खोजेंगे, इसके आसार नहीं लगते। लिहाजा, ऐसा कोई अवसर मिलने पर राबर्ट्सगंज छोड़ना ही विकल्प रह जाता है। इसके बदले ही वह फूलपुर सीट चाहती हैं।

इस इलाके की पांचों विधानसभा सीटों पर उनके कार्यकर्ताओं ने मशक्कत भी खूब की है।फूलपुर पर नजर सपा से विधायक पल्लवी पटेल की भी है। वह बीते विधानसभा चुनाव में कौशाम्बी की सिराथू सीट से डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य को हरा चुकीं हैं। वह चाहती हैं कि फूलपुर से इंडिया गठबंधन के साथ खुद या उनकी मां कृष्णा पटेल को उतारा जाए। इसके लिए वह दावेदारी भी कर चुकी हैं।

बीते दिनों राज्यसभा चुनाव के दौरान उनकी नाराजगी के पीछे यही कयास लगाए जा रहे थे कि वह राज्यसभा का टिकट अपनी मां के लिए चाहती थीं, लेकिन सपा इसके लिए राजी नहीं हुई। अब उनकी नाराजगी को दूर करने के लिए सपा उन्हें पटेल बाहुल्य इस सीट पर मौका दे सकती है। वैसे, 2019 के लोकसभा चुनाव में पल्लवी के पति पंकज निरंजन कांग्रेस के टिकट पर फूलपुर से लड़ चुके हैं। तब उन्हें सिर्फ 32, 761 मत ही हासिल हुए थे।

**पांच बार फूलपुर से लड़े थे सोनेलाल:** डॉ. सोनेलाल पटेल फूलपुर से कुल पांच बार चुनाव लड़े थे। पहली बार वर्ष 1996 में उन्होंने फूलपुर से पर्चा भरा था। इसके बाद से 2009 तक लगातार वह पांच चुनाव लड़े, लेकिन जीत नहीं पाए। सोनेलाल पटेल को 1996 के चुनाव में 2426 वोट, 1998 में 42152, 1999 में 127780 वोट, 2004 के चुनाव में 80388 वोट और 2009 के चुनाव में 76699 वोट मिले थे।



### मुख्य सचिव को गृह की भी जिम्मेदारी, चुनाव आयोग ने प्रमुख सचिव गृह को हटाने का दिया था आदेश

**लखनऊ , एजेंसी।** चुनाव आयोग के प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद को हटाने के आदेश के बाद मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा को गृह विभाग का भी चार्ज दे दिया है। नए प्रमुख सचिव, गृह की तैनाती तक वे इस पद पर बने रहेंगे। आयोग को इस पद के लिए पैनल भेजने के लिए छह से ज्यादा अफसरों के नाम देर शाम तक तय कर लिए गए थे। इन्हीं में से तीन अधिकारियों के नामों का पैनल मुख्यमंत्री से चर्चा के बाद भारत निर्वाचन आयोग को भेजा जाएगा। संजय प्रसाद प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री व सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के पद की जिम्मेदारी देखते रहेंगे।

चुनाव आयोग ने उन सभी राज्यों में गृह सचिवों को हटा दिया है, जिनके पास सीएम कार्यालय की भी कोई जिम्मेदारी है। इसके साथ ही यूपी में भी संजय प्रसाद से प्रमुख सचिव गृह का चार्ज हटा दिया गया और गृह विभाग का चार्ज स्वतः ही मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा के पास चला गया। आयोग को नए प्रमुख सचिव, गृह की तैनाती के लिए पैनल भेजने की कवायद भी शुरू हो गई। सूत्रों के मुताबिक, इसके लिए वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों मनोज कुमार सिंह, देवेश चतुर्वेदी, दीपक कुमार, अनिल कुमार, अमृत अभिजात, आशीष गोयल, आलोक कुमार और अजय चौहान के नामों पर विचार हुआ। इनमें से ही किन्हीं तीन नामों का पैनल देर रात तक आयोग को भेजने की तैयारी है।

## नकली का खेलः महेश इडिबल ऑयल पर छापा, 469 किलो मसाले जब्त



**आगरा, एजेंसी।** आगरा में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) की टीम ने शमसाबाद रोड दिगनेर स्थित महेश एडिबल ऑयल कॉरपोरेशन प्राइवेट लिमिटेड की मसाला एवं सरसों तेल विनिर्माण प्रतिष्ठान पर छापा मारा। करीब 469 किलो मसाले जब्त किए, इनकी कीमत 8.06 लाख रुपये है। पैकिंग में नियमों की अनदेखी की जा रही थी। जांच के लिए 16 नमूने प्रयोगशाला भेजे गए हैं। जिला अभिहित अधिकारी अमित कुमार सिंह ने बताया कि होली पर मिलावटी सामान की बिक्री रोकने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। टीम को प्रतिष्ठान में बोरों में मसालों के पैकेट भरे हुए मिले। जांच करने पर संजलि ब्रांड पर मानकों की अनदेखी थी। टीम ने 209 किलो मीट मसाला, जिसकी कीमत 2 लाख रुपये है। इसके बोरों पर मीट लिखा था। 80 किलो चिकन मसाला की कीमत 6 लाख रुपये है। इसमें 5 रुपये के रैपर में मसाले थे। इसी तरह 600 रुपये की कीमत का 180 किलो नमक सीज किया है। जांच के लिए 16 नमूने लिए हैं, जिसमें पिसे मसाले 5, साबुत मसाले के 6, नमक का एक, साबुत सरसों और सरसों के तेल के 2-2 नमूने हैं।



### मिलावट का जहरः नमकीन में घुनी मूंगफली, ब्रेड में मिली फफूंदी

**आगरा , एजेंसी।** आगरा के बाजार में नमकीन भी घटिया मिल रही है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) की जांच में मूंगफली घुनी हुई मिली। ब्रेड में फंफूदी पाई गई। बीते साले नमकीन के आठ नमूनों में से छह फेल मिले। बेकरी प्रोडक्ट के 16 नमूनों में से छह फेल पाए गए। जिला अभिहित अधिकारी अमित कुमार सिंह ने बताया कि नमकीन घटिया और मिलावटी मिली। घुनी हुई मूंगफली और बेसन में रंग पाया गया। गुणवत्ता भी खराब मिली, इसी कारण छह में तीन मिस ब्रांड, एक असुरक्षित और दो अधोमानक पाए गए। बेकरी प्रोडक्ट में 4 अधोमानक, एक असुरक्षित और एक मिसब्रांड मिला। ब्रेड-बन में फफूंद मिली। इसमें दुर्गंध भी आ रही थी। जांच में इनको खाने योग्य नहीं बताया है। सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया, जिसमें जुर्माना भी लगा है।

## पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी की कंपनी की लखनऊ, नोएडा, गोरखपुर की 31 करोड़ की संपत्ति जब्त

**लखनऊ , एजेंसी।** पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी की कंपनी गंगोत्री इंटरप्राइजेज की 30.86 करोड़ रुपये की संपत्तियों को ईडी ने सोमवार को जब्त कर लिया। ईडी ने बैंकों का 754 करोड़ रुपये हड़पने के मामले में यह कार्रवाई की है। ईडी ने लखनऊ, नोएडा और गोरखपुर में 12 चल-अचल संपत्तियों को जब्त किया है, जो इस मामले की मुख्य आरोपी रीता तिवारी, गंगोत्री एंटरप्राइजेज, रॉयल एम्पायर मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड, कंदर्प कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर पंजीकृत हैं। बता दें कि रीता तिवारी पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी की पत्नी हैं। ईडी के मुताबिक जब्त संपत्तियां गंगोत्री इंटरप्राइजेज के निदेशकों, प्रमोटर, गारंटर ने आपसी मिलीभगत कर बैंकों द्वारा दी गयी 754 करोड़ रुपये की कैश क्रेडिट लिमिट को धोखाधड़ी करके हड़प लिया था। इनमें विनय शंकर तिवारी, रीता तिवारी, अजीत कुमार पांडेय की मुख्य भूमिका सामने आई। जिसके बाद उनकी तीन शहरों की वाणिज्यिक, आवासीय और कृषि भूमि को जब्त किया गया है। दरअसल, बैंकों की शिकायत पर सीबीआई ने इस मामले का केस दर्ज किया था, जिसके आधार पर ईडी ने भी सीबीआई की एफआईआर में नामजद आरोपियों के खिलाफ मनी लांड्रिंग का केस दर्ज कर जांच शुरू की थी। जांच में सामने आया कि बैंक ऑफ इंडिया के नेतृत्व वाले सात बैंकों के कंसोंटियम से गंगोत्री इंटरप्राइजेज ने 1129.44 करोड़ रुपये की कैश क्रेडिट लिमिट ली थी। बाद में इसे गंगोत्री इंटरप्राइजेज की सहयोगी कंपनियों में डायवर्ट करके निजी संपत्तियों को खरीदा गया। ईडी ने इस मामले में ईडी ने बीती 23 फरवरी को विनय शंकर तिवारी और उनके करीबियों के 10 ठिकानों पर छापा मारा था, जहां बैंकों की रकम से खरीदी गई तमाम संपत्तियों के दस्तावेज बरामद हुए थे। बता दें कि इस मामले में ईडी विनय शंकर तिवारी और उनके करीबियों की करीब 103 करोड़ रुपये की संपत्तियों को जब्त कर चुका है।

## दो घंटे की आफतः बिना सूचना के सिकंदरा पुल का कर दिया वन-वे, लोग होते रहे परेशान

**आगरा , एजेंसी।** आगरा में बोदला की ओर से आने वाले वाहनों को सोमवार की सुबह सिकंदरा ओवरब्रिज पर चढ़ने से रोक दिया गया। ऐसा अचानक किए जाने से लोगों को इसका पता तब चला जब वे ओवरब्रिज के पास पहुंचे। यातायात पुलिस बैरिकेडिंग लगाए थी। उसने करीब दो घंटे तक एक ही तरफ यातायात चलवाया। इससे लोगों को बहुत परेशानी हुई। लोगों को आवास विकास की गलियों से निकलना पड़ा। लोगों ने आरोप लगाया कि यातायात पुलिस मनमाने प्रयोग कर रही है, इसकी पूर्व सूचना दी जानी चाहिए थी। जबकि यातायात पुलिस का कहना है कि जाम लग जाने की वजह से ऐसा किया गया। सोमवार सुबह बोदला की ओर से ऑफिस और स्कूल के लिए निकले वाहन चालकों को ट्रैफिक पुलिस ने सिकंदरा पुल पर नहीं जाने दिया। बैरिकेडिंग कर वाहनों को पुल पर जाने से रोका गया, जबकि सिकंदरा से बोदला के लिए आवागमन जारी रहा। सिकंदरा चौराहे पर भी जाम लग गया। लोगों को डायवर्ट कर दूसरे रास्तों से निकाला गया। ओवरब्रिज से सेक्टर-16 और करकुंज समेत आवास विकास कॉलोनी की गलियों, सड़कों से होते हुए वाहनों को हाईवे पर गुरुद्वारा पुल से निकलना पड़ा। दो घंटे के प्रयोग के बाद पुलिस ने यातायात पहले की तरह कर दिया।

जो वाहन रोके गए, वो सेक्टर 16 की गलियों से निकले। आवास विकास कॉलोनी में वाहनों का दबाव बढ़ गया। जिन लोगों को केके नगर, होली पब्लिक स्कूल की ओर की कॉलोनियों की ओर जाना था, उन्हें गुरुद्वारा गुरु के ताल जाकर विपरीत दिशा में हाईवे पर चलना पड़ा।

**गुरुद्वारा की ओर नहीं लगाई रेलिंगः** गुरुद्वारा गुरु के ताल के पास हाईवे पर पथौली की महिला की सड़क दुर्घटना में मौत के बाद से यातायात पुलिस ट्रैफिक सुचारू रखने के प्रयोग कर रही है। एक दिन रात में हाईवे अथॉरिटी ने होटल जोधा की ओर सर्विस लेन और हाईवे के बीच लोहे की रेलिंग लगाकर कट बंद किया। मगर, गुरुद्वारा की ओर रेलिंग लगाकर कट को पूरी तरह बंद नहीं किया गया। इसी कट से अस्पतालों, होली पब्लिक स्कूल की कॉलोनियों के लोग कार और दोपहिया वाहन विपरीत दिशा में ले जाते हैं। सर्विस लेन से गुरुद्वारा से कामायनी मोड़ और केके नगर तक वाहन विपरीत दिशा में हाईवे पर पूरी रफ्तार से दौड़ते हैं।

**खतरे में पड़ रही जानः** गुरुद्वारा गुरु के ताल पर गुरु तेग बहादुर कॉलोनी के सामने का कट बंद करने से डीवीवीएनएल और खंदारी की ओर जाने वाले वाहन पेट्रोल पंप से सर्विस लेन से हाईवे पर पहुंच रहे हैं। इस वजह से सर्विस लेन से वाहन हाईवे पर मुड़ते समय हाईवे की दूसरी लेन पर पहुंच जाते हैं। जबकि यहां मोड़ है, आईएसबीटी से आने वाले तेज रफ्तार वाहन टकराते हुए हर दिन बच रहे हैं। कारगिल शहीद पेट्रोल पंप के सामने से मुड़ने वाले दोपहिया वाहनों को यू-टर्न के लिए किनारे की लेन पर आना पड़ रहा है। जो हाईवे पर बेहद खतरनाक साबित हो रहा है।

## लोकसभा चुनाव 2024: मुलायम सिंह यादव की पोती अदिति की राजनीति में एंट्री की तैयारी, मां डिंपल से सीख रहीं गुर

**मैनपुरी , एजेंसी।** यूं तो सैफई परिवार की तीन पीढ़ियां सियासत की ऊंचाइयां छू चुकी हैं, लेकिन अब सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और सांसद डिंपल यादव की बेटी अदिति यादव भी राजनीति का ककहरा सीख रही हैं। सोमवार को कुसमरा में आयोजित सम्मेलन में वे कार्यकर्ताओं के बीच नजर आईं। मां डिंपल यादव के हर शब्द को वे गौर से सुनती और समझती रहीं।

सैफई परिवार से मुलायम सिंह यादव ने सियासत में कदम रखा था। इसके बाद भाई शिवपाल सिंह यादव और प्रो.रामगोपाल यादव भी राजनीति में आए। फिर नंबर आया दूसरी पीढ़ी यानी बेटे अखिलेश यादव और भतीजे धर्मेंद्र यादव का। इसके बाद बहू डिंपल यादव भी राजनीति में उतर आईं। तीसरी पीढ़ी के रूप में मुलायम सिंह के पोते तेजप्रताप यादव ने मैनपुरी से 2014 के लोकसभा उप चुनाव में जीत हासिल कर संसद की सीढ़ी चढ़ी। इसके बाद लगभग एक दशक से सैफई परिवार के किसी नए सदस्य ने सियासत में कदम नहीं रखा है। लेकिन अब सैफई परिवार का एक नया सदस्य सियासत का ककहरा सीख रहा है। हम बात कर रहे हैं सपा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव व सांसद डिंपल यादव की बेटी अदिति यादव की। 22 वर्ष की अदिति सोमवार को कुसमरा में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में नजर आईं। वे अपनी मां डिंपल यादव के साथ ही यहां पहुंचीं थीं।





यहां मां डिंपल यादव ने जब कार्यकर्ताओं को संबोधित किया तो वह बड़ गौर से एक-एक शब्द सुनती नजर आईं। वहीं कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से वार्ता के दौरान भी अदिति बारीकी से सब कुछ सीखतीं नजर आईं। ऐसे में कहीं न कहीं इसे अदिति की राजनीति में कदम रखने से पहले की तैयारी माना जा रहा है।

**मंच पर नहीं कार्यकर्ताओं के बीच बनाई जगहः** कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचीं अदिति यादव चाहतीं तो मंच पर मां डिंपल यादव के साथ भी बैठ सकती थीं। लेकिन उन्होंने अपनी जगह नीचे कार्यकर्ताओं के बीच बनाई। कुछ महिला कार्यकर्ताओं के बीच वे सादगी से बैठीं नजर आईं। या यूं कहें कि कार्यकर्ताओं के बीच बैठकर वे उनसे जुड़ने की कोशिश करती नजर आईं। कारण चाहे जो भी हो लेकिन लोगों के बीच अदिति यादव के राजनीति में आने की चर्चाओं ने जोर जरूर पकड़ लिया है।

### फंदे पर लटका मिला 10 साल का बच्चा, बहन-भाई का रो-रोकर बुरा हाल ; चाची ने भी की थी खुदकुशी

**प्रयागराज , एजेंसी ।** देवरी बेनी ( डांड़ी का पुरवा ) गांव में कक्षा चार में पढ़ने वाले 10 साल के बच्चे का शव घर में फंदे से लटकता मिला । मौत का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका । शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है ।

**परिवार ने पुलिस को दी सूचना :** शिवलाल प्रजापति ने बताया कि उनका पुत्र प्रीतम उर्फ साजन प्रजापति गांव के ही प्राथमिक विद्यालय में कक्षा चार का छात्र था । वह मजदूरी करने गए और पत्नी खेत में काम करने गईं थीं । दोपहर लगभग दो बजे जब घर वापस आए तो कमरे की खिड़की से अंदर देखा तो बेटा साड़ी के फंदे में लटक रहा था ।

**परिवार को रो-रोकर बुरा हाल :** परिजनों ने घटना की जानकारी शंकरगढ़ पुलिस को दी तो थाना प्रभारी ओम प्रकाश पुलिस फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए । घटना की जानकारी उच्च अधिकारियों को दी । फिर घटनास्थल पर विधि विज्ञान प्रयोगशाला एवं खोजी कुत्ता की टीम घटनास्थल पर पहुंच गई । जांच-पड़ताल कर शव को फंदे से नीचे उतारा गया ।

## संक्षिप्त समाचार

### कोच्चि में नियमित प्रशिक्षण के दौरान रिमोट संचालित विमान दुर्घटनाग्रस्त

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना का एक रिमोट संचालित विमान सोमवार शाम करीब पांच बजे कोच्चि में आईएनएस गरुड़ पर एक नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। समाचार एजेंसी एएनआई ने भारतीय नौसेना के हवाले से यह जानकारी दी है। नौसेना ने बताया कि इस घटना में किसी के घायल होने की कोई सूचना नहीं है। भारतीय नौसेना ने कहा कि यह हादसा उस समय हुआ जब आईएनएस गरुड़ पर एक रिमोट संचालित विमान को नियमित प्रशिक्षण के लिए उड़ाया जा रहा है। नौसेना के मुताबिक, इस हादसे में किसी के घायल होने या फिर किसी तरह की संपत्ति के नुकसान होने की कोई सूचना नहीं है। इस घटना पर नौसेना ने तुरंत कार्रवाई करते हुए जांच के आदेश दे दिए हैं।

### केरल हाई कोर्ट ने ईडी से सहकारी बैंक घोटाला मामले की जांच में तेजी लाने को कहा




**कोच्चि , एजेंसी।** केरल हाई कोर्ट ने सोमवार को ईडी से करुवन्नूर सेवा सहकारी बैंक से जुड़े करोड़ों रुपये के घोटाले की जांच में तेजी लाने को कहा है। जस्टिस देवन रामचंद्रन ने मामले की जांच पूरी करने में देरी पर नाराजगी व्यक्त की, जिसमें ईडी ने दावा किया है कि कई आरोपित सत्तारूढ़ राजनीतिक दल सीपीआई (एम) के पदाधिकारी और सदस्य हैं। इस बीच, एजेंसी ने कोर्ट से कहा कि जांच में न्यायिक हस्तक्षेप देरी का कारण है। इसमें कहा गया है कि एक अदालत ने सहकारी रजिस्ट्रार से पूछताछ पर रोक लगा दी है। ईडी ने अदालत को यह भी बताया कि राज्य के 12 अन्य सहकारी बैंकों के लेनदेन की जांच चल रही है। कोर्ट की यह टिप्पणी एक आरोपित द्वारा ईडी के कुर्की आदेश को चुनौती देने और उसके बैंक खातों को डी फ्रीज करने की मांग करने वाली याचिका पर आई। ईडी ने पहले हाई कोर्ट के समक्ष दावा किया था कि करुवन्नूर सहकारी बैंक में अनियमितताएं सत्तारूढ़ सीपीआई (एम) के नेताओं के इशारे पर की गई थीं।

### मेले में अब तक 20 लाख से अधिक भक्तों ने किए दर्शन, ऐसी है व्यवस्थाएं

**सीकर, एजेंसी।** राजस्थान में खाटू मेला परवान पर है। सीकर जिला स्थित खाटू श्याम मेले में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। खाटू मेला में इस बार प्रशासन ने सुरक्षा के इंतजाम किए है। श्रद्धालुओं के लिए बेहतर व्यवस्थाएं की है। श्रद्धा भक्ति और आस्था के रंग में रंगे लाखों श्याम भक्त बाबा के दरबार में हाजिर लगा चुके हैं। श्री श्याम मंदिर कमेटी के अनुसार अब तक करीब 20 लाख से अधिक श्रद्धालु खाटू श्याम के दर्शन कर चुके है। सोमवार को करीब दो लाख पचास हजार श्रद्धालु दर्शन करने खाटूश्यामजी पहुंचे। बता दें कि जैसे-जैसे एकादशी नजदीक आ रही है भक्तों की भीड़ खाटू श्याम जी में लगातार बढ़ रही है। हाथों में केसरिया निशान थामें बाबा श्याम के भक्त जयकारा लगाते हुए नाचते गाते बाबा श्याम के दरबार पहुंच रहे हैं। श्याम भक्तों की सेवा के लिए रास्ते में जगह-जगह पर शिविर चल रहे हैं। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी देशभर से श्याम भक्त बड़ी संख्या में शीश के दानी को रिझाने व अपने मन की मुराद को पुरी करने के लिए बाबा श्याम की एक झलक पाने को बेताब है। रिंगस से पैदल और पलसाना से वाहन से बड़ी संख्या में श्रद्धालु खाटू श्याम पहुंच रहे हैं। श्री श्याम मंदिर कमेटी की ओर से भी मंदिर को सजाने व संवारने में कोई कमी नहीं छोड़ी गई है। देश के कोने-कोने से आने वाले श्रद्धालुओं को सुगमता पूर्वक दर्शन हो सके, इसके लिए श्री श्याम मंदिर कमेटी की तरफ से लखदातार ग्राउंड का निर्माण कराया गया है। मंदिर कमेटी के अनुसार करीब 40 करोड़ की लागत से इस मेला ग्राउंड का निर्माण किया गया है जिसमें एक लाख श्याम भक्तों की क्षमता रहेगी। लखदातार मेला ग्राउंड में बरसात में धूप से बचने के लिए डोम के साथ ही अनेक सुविधाएं हैं।

# अतिरिक्त समय ने कम किया भाजपा और शिअद पर दबाव, दोनों दलों की रणनीति पर है कांग्रेस की नजर

**नईदिल्ली, एजेंसी।**

पंजाब में सभी की नजर इस पर है कि भाजपा व शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के गठबंधन की घोषणा कब होगी। दरअसल, पंजाब में चुनाव अंतिम चरण यानी एक जून को होने के कारण दोनों ही दल किसी जल्दबाजी में नहीं हैं।

दोनों ही दलों को उम्मीद है कि आचार संहिता लागू होने के बाद अब किसान संगठन शंभू और खनौरी बार्डर पर से अपना धरना समाप्त कर सकते हैंधरना खत्म होने पर ही गठबंधन की घोषणा की जाए तो ठीक रहेगा। वहीं, मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस भी इसी बात का इंतजार कर रही है।

शिअद किसानों के मुद्दे पर ही भाजपा से अलग हुआ था। अतः गठबंधन से पहले वह आश्वस्त हो जाना चाहता है कि गांवों में उसका खोया जनाधार वापस आ जाएगा। शिअद की परेशानी यह है कि शहरी क्षेत्र उसके लिए हमेशा ही कमजोर कड़ी रहे हैं। वहीं, ग्रामीण क्षेत्रों में यही स्थिति भाजपा की है। भाजपा शहरों में तो बेहतर प्रदर्शन करती है। मगर गांव में उसका प्रदर्शन खराब हो






जाता है।

ऐसे में अकाली दल से गठबंधन के दौरान शिअद ग्रामीण और भाजपा शहरी क्षेत्रों की राजनीति करती थी। अकाली दल से गठबंधन टूटने और तीन कृषि सुधार कानूनों को वापस लेने के बाद भाजपा ने गांव में जाने की राह तो बनाई, लेकिन बीती 13 फरवरी को किसान संगठनों द्वारा पुनः संघर्ष शुरू करने से भाजपा की परेशानी बढ़ गई।

हालांकि, किसान संगठनों को 2020 के मुकाबले पंजाब में समर्थन नहीं मिला, लेकिन भाजपा कोई जोखिम नहीं उठाना चाहती। इसलिए गठबंधन को लेकर वह अभी और इंतजार के मूड में है। भाजपा चाहती है कि गठबंधन होने पर ग्रामीण क्षेत्रों में शिअद के माध्यम से पार्टी को आधार मिल जाए।

गठबंधन की संभावनाओं को देखते हुए ही शिअद ने अभी तक अपने प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की है। अन्यथा शिअद पंजाब में पहला ऐसा दल होता था, जो सबसे पहले अपने प्रत्याशियों की घोषणा करता था।

शिअद के इतिहास पर अगर नजर डालें तो चुनाव की घोषणा से दो-दो माह पहले ही वह अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर देता था, लेकिन इस बार तस्वीर बदली हुई है। पंजाब में केवल आम आदमी पार्टी (आप) ही है, जिसने 13 में से आठ लोकसभा सीटों पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा की है। अन्य पांच पर भी वह जल्द ही घोषणा करने जा रही है। शिअद और भाजपा जहां अनुकूल समय का इंतजार कर रहे हैं तो कांग्रेस की नजर इन दोनों पार्टियों पर लगी हुई हैंकांग्रेस इस बात का इंतजार कर रही है कि शिअद-भाजपा की रणनीति कैसी रहती है। कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग का कहना है दोनों पार्टियों का तो गठबंधन हो ही चुका है। वहीं, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बताते हैं, चुनाव अंतिम चरण में हैं। इसलिए अभी इंतजार करना ही बेहतर है। कांग्रेस के सामने यह भी परेशानी है कि उसकी पार्टी में टूट का क्रम जारी है। पहले बस्सी पठाना से पूर्व विधायक गुरप्रीत जीपी गए और बाद में चब्बेवाल के विधायक डॉ. राजकुमार चब्बेवाल। वहीं, सत्तारूढ़ पार्टी की नजर फिरोजपुर लोकसभा सीट से कांग्रेस के एक नेता पर टिकी हुई है। कांग्रेस टिकटों के आवंटन से पहले आश्वस्त हो जाना चाहती है कि नेताओं द्वारा पार्टी छोड़ने का सिलसिला थम जाए।

## सचिन पायलट के गढ़ में इस बार भाजपा का पलड़ा भारी?

**दौसा, एजेंसी।** पूर्वी राजस्थान की सियासत का केंद्र बिंदु कहे जाने वाले दौसा में सचिन पायलट की प्रतिष्ठा दांव पर है। दौसा को पायलट फैमिली का गढ़ माना जाता है। लेकिन लगातार तीन बार से यहां से कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ रहा है। ऐसी चर्चा है बीजेपी इस बार दौसा सांसद जसकौर मीणा का टिकट काट सकती है। किरोड़ी लाल के भाई जगमोहन मीणा को मिल सकता है। जबकि कांग्रेस सचिन पायलट कैंप के विधायक मुरारी लाल मीणा को टिकट दे सकती है। पिछले चुनाव में मुरारी लाल की पत्नी बहुत कम मतों के अंतर से चुनाव हार गई थी। लेकिन इस बार हालात बदले-बदले नजर आ रहे है। कांग्रेस इस बार बीजेपी को कड़ी चुनौती दे सकती है।

सियासी जानकारों का कहना है कि दौसा से टिकट उसी को मिलेगा, जिसे सचिन पायलट पंसद करते है। कांग्रेस की तरफ से सेवानिवृत्त आईएएस प्रभु दयाल मीणा और टीकाराम मीणा भी दावेदारी जता रहे है। टीकाराम मीणा केरल में अहम पदों पर रहे है। ऐसे में माना जा रहा है कि केसी वेणुगोपाल के मार्फत टिकट लाने की कोशिश कर रहे है। जबकि प्रभु दयाल मीणा पूर्व रक्षा सचिव रहे है। कांग्रेस के बड़े नेताओं से अच्छे संपर्क है। सचिन पायलट के समर्थक नरेश मीणा भी दावेदारी जता रहे है।

दौसा सीट एसटी के लिए रिजर्व है। ऐसे में यहां आमतौर पर मीणा बनान अन्य जातियों के बीच मुकाबला माना जाता रहा है। मीणा-गुर्जर, माली और एससी के मतदता ज्यादा है। गहलोत की वजह से माली समुदाय के वोट कांग्रेस को मिलने लगे है। जबकि गुर्जर वोट कांग्रेस के माने जाते है। मीणा वोट पर बीजेपी सेंध लगाने में सफल रही है। पिछले चुनावों आंकड़ों के हिसाब से मीणा वोटर्स पर बीजेपी ने सेंध लगा दी है। जबकि आमतौर पर मीणाओं को कांग्रेस को वोटर माना जाता रहा है। लेकिन हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को करारी हार मिली है। ब्राह्मण वोटर किसी जमाने में कांग्रेस के थे, लेकिन अब बिखरे हुए है। दोनों दलों से टिकट पाने के लिए दावेदारों ने एड़ी से चोटी का जोर लगा रखा है।

## दिल्ली में टैरो कार्ड रीडर से दुष्कर्म, दोस्त ने मीटिंग के बहाने बुलाकर लूटी आबरू

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दक्षिण दिल्ली के नेब सराय में एक टैरो कार्ड रीडर के साथ बलात्कार किए जाने का मामला सामने आया है। आरोपी व्यक्ति गौरव अग्रवाल महिला का परिचित बताया जा रहा है। एफआईआर दर्ज कराए जाने के बाद से आरोपी फरार है। पुलिस ने कहा कि मामले की जांच करने और आरोपी को पकड़ने के लिए कई टीमें गठित की गई हैं।

पुलिस ने सोमवार को इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि दिल्ली के नेब सराय में 36 वर्षीय एक महिला टैरो कार्ड रीडर के साथ एक व्यक्ति ने कथित तौर पर बलात्कार किया। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने महिला को संपत्ति बेचने में मदद करने का वादा किया था। इसके बाद में उसने ज्योतिष सीखने के बहाने महिला से दोस्ती कर ली। महिला ने 11 फरवरी को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि उसके एक परिचित ने उसके साथ बलात्कार किया।

पुलिस के मुताबिक, महिला ने जनवरी 2024 में एक प्लॉट की बिक्री के संबंध में मालवीय नगर निवासी गौरव अग्रवाल से संपर्क किया था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, गौरव शिकायतकर्ता के घर आय और उसे आश्वासन दिया कि वह उसकी संपत्ति बेचने में मदद करेगा। पुलिस अधिकारी ने कहा, आरोपी को यह भी पता चला कि महिला को ज्योतिष में रुचि है और उसने उससे मेलजोल बढ़ाने के लिए ज्योतिष सीखने के बहाने उसे फोन करना शुरू कर दिया। 24 जनवरी को गौरव अग्रवाल ने महिला को मिलने बुलाया और प्लॉट का सौदा तय करने के बहाने नेब सराय में अपने एक दोस्त के घर ले गया। अधिकारी ने बताया कि वहां उसने उसके ड्रिंक में कथित तौर पर कुछ मिला दिया, जिससे वह बेहोश हो गई और फिर उसने उसके साथ बलात्कार किया। पीड़ित महिला द्वारा दर्ज की गई एफआईआर में कहा गया है, मैं गौरव को दो साल से जानती हूं, क्योंकि हम दोनों के बच्चे एक ही स्कूल में पढ़ते हैं। इसके चलते हमारे परिवारों में दोस्ती हो गई थी।

## स्वैग और भौकाल के लिए रेव पार्टी करता था एल्विश यादव?

**नईदिल्ली, एजेंसी।**

रेव पार्टी में सांपों का जहर की सप्लाई करने लेकर नोएडा पुलिस ने रविवार को बिग बॉस ओटीटी के विजेता और मशहूर यूट्यूबर एल्विश यादव को गिरफ्तार कर लिया। नोएडा पुलिस का कहना है कि पैसा कमाने के अलावा एल्विश ने ऐसा दिल्ली-एनसीआर में अपना सोशल मीडिया फैन बेस बढ़ाने और स्वैग दिखाने के लिए किया। गिरफ्तारी के बाद यादव को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया, पूछताछ के दौरान, यादव ने आरोप स्वीकार नहीं किएज् लेकिन हमारे पास बहुत सबूत हैं। उसे यह दिखाना था कि उसके पास स्वैग या भौकाल है। वह अपने फैंस के बीच एक ऐसे व्यक्ति की इमेज बनाना चाहता था जो कानूनी एजेंसियों (लॉ इनफोर्समेंट) से डरता नहीं है और वह जो चाहे कर सकता है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, उन्हें यादव से जुड़ी छह से ज्यादा पार्टियों में सांप के जहर के इस्तेमाल के सबूत मिले हैं। जांच में शामिल अधिकारियों का कहना है कि कुछ पार्टियों में वह खुद शामिल हुआ था। एक अधिकारी ने कहा, जो लोग इन पार्टियों में शामिल हुए थे,







उनकी पहचान की जा रही है। सांप के जहर का इस्तेमाल करने को लेकर उनके खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। यह मामला पिछले साल तीन नवंबर को भाजपा की सुल्तानपुर सांसद मेनका गांधी द्वारा संचालित एक गैर सरकारी संगठन पीपल फॉर एनिमल्स की सूचना के बाद सामने आया था। जिसके बाद पुलिस ने नोएडा सेक्टर-51 में एक बैंक्वेट हॉल से पांच लोगों को गिरफ्तार किया था। एफआईआर में आरोपी के तौर पर यादव का नाम सामने आया था। हालांकि उसे उस वक्त गिरफ्तार नहीं किया गया था।

मामले से संबंधित एफआईआर में लिखा है, हमें जानकारी मिली है कि एक यूट्यूबर एल्विश यादव, गिरोह के अन्य सदस्यों/यूट्यूबर्स के साथ नोएडा-एनसीआर के फार्महाउसों में सांप के जहर और जिंदा सांपों के साथ वीडियो शूट करता है और अवैध रूप से रेव पार्टियों का आयोजन करता है। पुलिस ने 20 मिलीलीटर सांप का जहर, पांच कोबरा, एक अजगर, दो सिर वाले दो सांप और एक रैट स्नेक बरामद किए थे। उन्होंने बताया कि जयपुर की फोरेंसिक लैब में भेजे गए नमूनों में क्रेट जहर पाया गया। मॉल में सागर ठाकुर से मारपीट के मामले में आरोपी एल्विश यादव को नोएडा से गुरुग्राम पुलिस प्रोडक्शन वारंट पर लाएगी। इसके लिए जल्द ही पुलिस अदालत में याचिका दायर करेगी। प्रोडक्शन वारंट पर लाने के बाद एल्विश को मारपीट मामले में गिरफ्तार कर पूछताछ की जाएगी। उसके साथ कौन-कौन शामिल थे।

## कांग्रेस नेता सतीशन ने सीएम विजयन पर भाजपा के लिए गुंजाइश बनाने का लगाया आरोप

**तिरुअनंतपुरम एजेंसी।**

केरल विधानसभा में विपक्ष के नेता वीडी सतीशन ने सोमवार को मुख्यमंत्री पिनराई विजयन पर राज्य में भाजपा के लिए गुंजाइश बनाने का आरोप लगाया है। तिरुवनंतपुरम के समीप अत्तिंगल में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए सतीशन ने कहा कि भाजपा लोकसभा चुनाव के दौरान राज्य में अपना पैर नहीं जमा पायेगी।

उन्होंने एलडीएफ के संयोजक ईपी जयराजन के पिछले बयान का भी हवाला दिया कि केरल में कई निर्वाचन क्षेत्रों में भाजपा दूसरे नंबर पर आयेगी और उसके कई प्रत्याशी अच्छे हैं। उन्होंने कहा कि माकपा के नेता जयराजन ने जो कुछ कहा है, वैसा कोई विचार प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के सुरेंद्रन या उनकी पार्टी ने व्यक्त नहीं किया है।

उन्होंने आरोप लगाया कि विजयन केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा को खुश करने के लिए बेचारे जयराजन को ऐसा बयान देने के लिए बाध्य कर रहे हैं। सतीशन ने कहा कि विजयन विभिन्न मामलों में जांच को लेकर डरे हैं, इसलिए वह भाजपा के लिए गुजाइंश पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि न तो माकपा ने और न ही मुख्यमंत्री ने इन आरोपों पर कोई जवाब



दिया है। सतीसन ने सीपीआई (एम) और भाजपा के बीच एक सांठगांठ का आरोप लगाया और कहा कि सीबीआई और ईडी सीएम विजयन से पूछताछ नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लवलिन मामले को 38 बार टाला गया, इससे यह साबित होता है कि दोनों के बीच सांठगांठ है। त्रिशूर लोकसभा सीट पर त्रिकोणीय मुकाबले का उल्लेख करते हुए सतीशन ने दावा किया कि मध्य केरल की इस सीट पर यूडीएफ का उम्मीदवार विजयी होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा केरल में कहीं पैर नहीं जमा पायेगी। यदि भाजपा और माकपा आपस में हाथ मिला लेती हैं तो भी यूडीएफ उम्मीदवार त्रिशूर में विजयी होगा।

## बसपा छोड़ने वाले पूर्व आईपीएस अधिकारी प्रवीण कुमार बीआरएस में शामिल

**हैदराबाद, एजेंसी।** बहुजन समाज पार्टी की तेलंगाना इकाई के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने के दो दिन बाद पूर्व आईपीएस अधिकारी आर.एस. प्रवीण कुमार सोमवार को भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) में शामिल हो गए। वह अपने कई समर्थकों के साथ सिद्दीपेट जिले के एर्रावेल्ली स्थित फार्महाउस में पार्टी अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की उपस्थिति में औपचारिक रूप से बीआरएस में शामिल हो गए। प्रवीण कुमार के साथ बसपा के लगभग 35 राज्य स्तरीय नेता और 50 जिला स्तरीय नेता बीआरएस में शामिल हुए। बसपा से 16 मार्च को इस्तीफा देने वाले प्रवीण कुमार ने कहा कि भाजपा के दबाव में बसपा प्रमुख मायावती ने उन्हें लोकसभा चुनाव के लिए बीआरएस के साथ गठबंधन तोड़ने के लिए कहा था, लेकिन उन्होंने ऐसा करने से इनकार कर दिया और पार्टी छोड़ने का फैसला किया। उन्होंने कहा कि बीआरएस प्रमुख की तरह, वह कभी भी अपने वचन से पीछे नहीं हटे और इसलिए, उन्होंने बीआरएस में शामिल होने का फैसला किया। पार्टी के राष्ट्रीय स्तर के नेताओं के साथ बातचीत के बाद 15 मार्च को बीआरएस ने बसपा के लिए दो लोकसभा सीटें (नगरकुर्नूल और हैदराबाद) छोड़ने पर सहमति व्यक्त की थी। बसपा ने नगरकुर्नूल से प्रवीण कुमार को अपना उम्मीदवार भी बनाया था, लेकिन अगले ही दिन प्रवीण कुमार ने बसपा छोड़ने के अपने नाटकीय फैसले की घोषणा की। वह 2021 में भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेने के बाद बसपा में शामिल हुए थे। उन्होंने कहा कि वह तेलंगाना के व्यापक हितों में बीआरएस में शामिल होना पसंद करते हैं। उन्होंने कहा कि मैंने बिना किसी उम्मीद के बीआरएस में शामिल होने का फैसला किया। अगर मैं पैकेज चाहने वाला होता तो कांग्रेस में शामिल हो गया होता। पूर्व आईपीएस अधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने उन्हें एक महत्वपूर्ण पद की पेशकश की थी लेकिन उन्होंने इनकार कर दिया। कांग्रेस नेतृत्व द्वारा अपने दरवाजे खोलने, अन्य दलों के नेताओं को अपने पाले में आने के लिए प्रोत्साहित करने के फैसले का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि वह भेड़-बकरियों के झुंड का हिस्सा नहीं बन सकते।




# प्राइवेट डिग्री पर यूजीसी की मुहर की तैयारी

**नईदिल्ली, एजेंसी।**

चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय सहित देशभर के विभिन्न विश्वविद्यालयों में प्राइवेट मोड में जारी यूजी-पीजी कोर्स पर यूजीसी मुहर लगाने की तैयारी में है। प्राइवेट मोड में शिक्षा के लिए यूजीसी की टॉस्क फोर्स छात्र-छात्राओं सहित विश्वविद्यालय स्तर पर अनेक बिंदुओं पर अध्ययन कर रही है। इसी क्रम में यूजीसी ने प्राइवेट विद्यार्थियों से गूगल फॉर्म से फीडबैक मांगी है। प्राइवेट छात्रों को 20 मार्च को पेपर देने के बाद इस गूगल फॉर्म को भरते हुए अपनी फीडबैक देनी होगी। विश्वविद्यालय ने सभी केंद्रों से पेपर के बाद प्राइवेट विद्यार्थियों से उक्त फीडबैक फॉर्म को भरवाने के निर्देश दिए हैं। विश्वविद्यालय ने लिंक वेबसाइट पर शेयर कर दिया है।

यूजीसी ने गूगल फॉर्म पर जिन सवालों को दर्ज किया है, उसमें परीक्षा की कठिनाई का स्तर, जारी प्रोग्राम के अनुभव, रेगुलर, मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा के स्थान पर प्राइवेट में पढ़ाई का कारण, क्या आप दूसरों को प्राइवेट शिक्षा के लिए कहेंगे प्रमुख हैं। प्राइवेट में पढ़ाई करने के सवालों के साथ कुछ अन्य विकल्प भी जोड़े गए हैं, जिसमें फीस कम होना, उपस्थिति की बाध्यता नहीं होना, रेगुलर में प्रवेश नहीं मिल पाना, घर के पास कोई संस्थान का नहीं होना, परिजनों द्वारा रेगुलर कोर्स में प्रवेश नहीं दिलाना, रोज आने-जाने में दिक्कत होना, कोई जॉब करना, गृहिणी होने के चलते रेगुलर कोर्स में पढ़ाई संभव नहीं होना, शामिल हैं। सभी सवालों में छात्रों को केवल एक विकल्प चुनते हुए फॉर्म सब्मिट करना होगा।

विश्वविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, अंतिम निर्णय टास्क फोर्स की रिपोर्ट पर होगा। यूजीसी प्राइवेट मोड में विभिन्न विश्वविद्यालय में जारी पढ़ाई को व्यवस्थित करते हुए नियम बनाने पर विचार कर रही है। अभी तक विश्वविद्यालय में प्राइवेट मोड में जारी पढ़ाई पर यूजीसी का अधिकृत पक्ष नहीं है। विश्वविद्यालय अपने स्तर से प्राइवेट मोड में यूजी-पीजी की डिग्री करा रहे हैं। अधिकारियों के अनुसार यूजीसी के प्राइवेट मोड में जारी पढ़ाई को व्यवस्थित करने से देशभर के करोड़ों विद्यार्थियों को ना केवल फायदा होगा बल्कि भविष्य में पढ़ाई करने का एक अधिकृत नया माध्यम भी खुल जाएगा। अभी तक अधिकृत माध्यमों में रेगुलर तथा मुक्त एवं दूरस्थ माध्यम शामिल हैं। अधिकारियों के अनुसार नई व्यवस्था में यूजीसी प्राइवेट विद्यार्थियों के लिए हफ्ते में एक दिन ऑनलाइन या ऑफलाइन क्लास, असाइनमेंट की बाध्यता कर सकती है। विश्वविद्यालय ने दो सेमेस्टर एक साथ भरते हुए पहले ही फीस जमा कर चुके छात्रों को राहत दी है। रजिस्ट्रार धीरेंद्र वर्मा के अनुसार विषम सेमेस्टर के साथ जिन छात्रों ने बैक का भी फॉर्म भर दिया था, ऐसे करीब 22 सौ विद्यार्थी हैं। विश्वविद्यालय के पास इन सबका डाटा है। ऐसे सभी छात्रों से छठे सेमेस्टर की फीस नहीं ली जाएगी। कंपनी को ऐसे छात्रों से फीस नहीं लेने के निर्देश दे दिए गए हैं। एक साथ दो सेमेस्टर के फॉर्म भरने पर विश्वविद्यालय ने एक को निरस्त करते हुए फीस समायोजित करने के आदेश दिए थे।

विश्वविद्यालय ने एलएलबी तृतीय सेमेस्टर, जनसंचार एवं मनोविज्ञान में प्री-पीएचडी कोर्स वर्क का परिणाम जारी कर दिया है। छात्र आज से विश्वविद्यालय वेबसाइट से परिणाम देख सकते हैं। विश्वविद्यालय ने एमबीबीएस पुख्य एवं सप्लीमेंट्री परीक्षा की विभिन्न पेपर कोड की उत्तर कुंजी जारी कर दी हैं।

# केएल राहुल को IPL 2024 में खेलने के लिए मिली मंजूरी

## ...लेकिन नहीं कर सकेंगे ये काम !



**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2024 की शुरुआत से पहले लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है। नेशनल क्रिकेट अकादमी (एनसीए) ने केएल राहुल को इंडियन प्रीमियर लीग के 17वें सीजन में खेलने के लिए मंजूरी दे दी है। लेकिन नेशनल क्रिकेट अकादमी ने उन्हें लीग के शुरुआती मैचों में एक काम ना करने के लिए भी कहा है।

### केएल राहुल को NCA से मिली मंजूरी

लखनऊ सुपर जाइंट्स के कप्तान केएल राहुल को नेशनल क्रिकेट अकादमी (एनसीए) से आईपीएल में खेलने की मंजूरी मिल गई है। लेकिन उन्हें शुरू में ही ज्यादा कार्यभार नहीं लेने की सलाह दी गई है। नेशनल क्रिकेट अकादमी ने उन्हें लीग के शुरुआती मैचों में विकेटकीपिंग नहीं करने की सलाह दी है। ऐसे में वह इस सीजन के शुरुआती मैचों में एक बल्लेबाज के तौर पर खेलते हुए नजर आ सकते हैं।

### इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के दौरान लगी चोट

राहुल इंग्लैंड के खिलाफ हैदराबाद में खेले गए पहले टेस्ट मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। उनके तीसरे मैच के लिए टीम से जुड़ने की संभावना थी लेकिन मांसपेशियों में अकड़न के कारण वह बाकी मैचों में भी नहीं खेल पाए। राहुल ने हाल ही में एनसीए में बल्लेबाजी, विकेटकीपिंग से जुड़ी ड्रिल और आउटफील्ड में फिल्डिंग का अभ्यास करते हुए एक वीडियो पोस्ट किया था और अब वह वापसी के लिए भी तैयार हैं।

# IPL 2024 से पहले BCCI ने ध्रुव जुरेल और सरफराज खान को दी खुशखबरी

## इस खास लिस्ट में किया शामिल



**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग यानी IPL के 2024 के सीजन से ठीक पहले भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी BCCI ने विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल और मध्य क्रम के बल्लेबाज सरफराज खान को एक बड़ी खुशखबरी दी है। इन दोनों खिलाड़ियों को एक स्पेशल लिस्ट में शामिल किया गया है। धर्मशाला में लगातार तीसरा टेस्ट मैच खेलने के बाद ध्रुव जुरेल और सरफराज खान को सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट की लिस्ट में शामिल किया है, जो 2023-24 के लिए बनाई गई थी। बीसीसीआई ने इंग्लैंड के खिलाफ खेली गई पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के चौथे मुकाबले के बाद सालाना अनुबंध की सूची जारी की थी तो उसमें ये भी बताया था कि जैसे ही ध्रुव जुरेल और सरफराज खान धर्मशाला में अपने लगातार तीसरे टेस्ट मैच में खेलेंगे तो उनको ऑटोमैटिक सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में शामिल कर लिया है। बीसीसीआई ने इन दोनों खिलाड़ियों को ग्रेड सी में रखा है, जहां सालाना एक करोड़ रुपये खिलाड़ी को सैलरी के रूप में मिलते हैं।

ध्रुव जुरेल और सरफराज खान ने राजकोट टेस्ट मैच में डेब्यू किया था। दोनों खिलाड़ियों ने पहले ही टेस्ट से दमदार प्रदर्शन किया और सभी का दिल जीता। सरफराज खान ने अपने डेब्यू मैच की पहली और दूसरी पारी में अर्धशतक जड़ा, जबकि ध्रुव जुरेल ने डेब्यू टेस्ट मैच की पहली पारी में ही 46 रन बना दिए। ध्रुव जुरेल से पहले केएस भरत विकेटकीपर की जिम्मेदारी संभाल रहे थे, लेकिन वे अपने करियर में कभी भी अर्धशतक नहीं जड़ पाए थे।

वहीं, जुरेल ने दूसरे टेस्ट मैच की पहली पारी में 90 रनों की पारी खेली और केएस भरत के लिए टेस्ट टीम के दरवाजे बंद कर दिए। जुरेल ने अगली पारी में दमदार खेल दिखाया और 35 रन बनाए। टीम इंडिया को रांची में खेले गए टेस्ट मैच में एक समय कठिनाई महसूस हुई थी, लेकिन शुभमन गिल के साथ ध्रुव जुरेल ने टेंपरामेंट दिखाते हुए दमदार बल्लेबाजी की और टीम को जीत दिलाई। अगले मैच में सरफराज खान ने फिफ्टी ठोकी।

**IPL 2024**

# आरसीबी प्री-सीजन कैंप में शामिल हुए विराट, झूम उठे फैंस

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली आईपीएल 2024 से पहले एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के प्री-सीजन कैंप में शामिल हो गए हैं। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने स्टार बल्लेबाज का स्वागत करने के लिए सोशल मीडिया पर एक खास पोस्ट किया। आरसीबी ने एक ट्वीट में कहा कि डैडी का घर और वह फिर से शासन करने के लिए तैयार है विराट कोहली ने नम्मा बेंगलुरु में चेक इन किया और हम शांत नहीं रह सकते।



हर कोई खुश है। पूर्व कप्तान को प्रशिक्षण लेते हुए भी देखा गया था। आरसीबी द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में कोहली ने कहा कि वापस आकर वास्तव में अच्छा लग रहा है, सबसे पहले क्रिकेट खेलना और आईपीएल की शुरुआत करना। आईपीएल सीजन की शुरुआत के लिए बैंगलोर वापस आना हमेशा रोमांचक होता है। मैं मीडिया के रडार से दूर नहीं हूं। मैं सामान्य स्थिति में हूं, आप कह सकते हैं कि दो महीने हो गए हैं।

इसलिए मैं वापस आकर काफी खुश और उत्साहित हूं और मुझे उम्मीद है कि सभी प्रशंसक भी उत्साहित और खुश होंगे। कोहली अपने दूसरे बच्चे के जन्म के समय अपनी पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ रहने के लिए क्रिकेट से दूर रहे। जब कोहली और अनुष्का ने अपने जीवन में अपने बेटे अकाय का स्वागत किया तो क्रिकेट जगत खुशी से झूम उठा।

# वानिंदु हसरंगा ने टेस्ट रिटायरमेंट लिया वापस

## खेलेंगे बांग्लादेश सीरीज, IPL 2024 के कुछ मैचों से कटा पत्ता

**नईदिल्ली, एजेंसी।** श्रीलंका के धाकड़ लेग स्पिनर वानिंदु हसरंगा ने टेस्ट क्रिकेट से रिटायरमेंट वापस ले लिया है। वह बांग्लादेश के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज में मैदान पर उतरने जा रहे हैं। यह सीरीज 22 मार्च से 3 अप्रैल तक चलेगी। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने सोमवार (18 मार्च) को आगामी सीरीज के लिए 17 सदस्यीय स्क्वॉड का ऐलान किया है, जिसमें 26 वर्षीय हसरंगा का नाम भी शामिल है। उन्होंने पिछले साल 15 अगस्त को टेस्ट

रिटायरमेंट की घोषणा की थी। श्रीलंका को बांग्लादेश के खिलाफ वनडे सीरीज में हार का मुंह देखा पड़ा है। हसरंगा ने टेस्ट से संन्यास की घोषणा के समय कहा था कि उन्होंने लिमिटेड ओवरों के क्रिकेट में अपना करियर लंबा खींचने के लिए यह निर्णय लिया है। लेकिन उन्होंने सात महीने में अपना फैसला पलट दिया। हसरंगा ने श्रीलंका के लिए अब तक चार टेस्ट मैचों में चार विकेट चटकाए हैं। वह आखिरी बार सबसे लंबे फॉर्मेट में 2021 में बांग्लादेश के विरुद्ध के विरुद्ध ही खेले थे। उन्होंने 54 वनडे में 84 विकेट जबकि 65 टी20 इंटनरेशनल मैचों में 104 विकेट लिए हैं। वह श्रीलंका की टी20 टीम के कप्तान हैं।

बांग्लादेश टेस्ट सीरीज खेलने के चलते हसरंगा का आईपीएल 2024 के कुछ मैचों से पत्ता कट जाएगा। आईपीएल का 17वां सीजन 22 मार्च से शुरू होने जा रहा है। हसरंगा सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएए) का हिस्सा हैं। उन्हें एसआरएच ने नीलामी में 1.5 करोड़ रुपये के बेस प्राइस में खरीदा था। एसआरएच टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत 23 मार्च को करेगी। हैदराबाद को पहले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से भिड़ना है। एसएरएच ने एडेन मार्कराम की जगह पैट कमिंस को कप्तान नियुक्त किया है।



**बांग्लादेश सीरीज के लिए श्रीलंका टेस्ट स्क्वॉड:** धनंजय डी सिल्वा (कप्तान), कुसल मेंडिस (उपकप्तान), दिमुथ करुणारत्ने, दिनेश चंडीमल, सदीरा समरविक्रमा, कामिंडु मेंडिस, लाहिरू उदारा, वानिंदु हसरंगा, प्रभात जयसूर्या, निशान मदुष्का, एंजेलो मैथ्यूज, विश्व फर्नांडो, लाहिरू कुमारा, चमिका गुणसेकरा, रमेश मेंडिस, निशान पेइरिस, कासुन राजिथा।

**IND vs PAK**



## वह शीर्ष जेवलिन थ्रोअर हैं...

# पाकिस्तान के नदीम का भाला टूटा तो नीरज ने नए को लेकर दी यह सलाह

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत के नीरज चोपड़ा और पाकिस्तान के अरशद नदीम भालाफेंक की दुनिया के स्टार एथलीट हैं। हालांकि, किसी किसी इवेंट में दोनों की दोस्ती भी देखने को मिल जाती है। मौका मिलने पर नीरज नदीम की मदद करने से कभी नहीं थकते हैं। चाहे वह टोक्यो ओलंपिक हो या फिर विश्व चैंपियनशिप नीरज को नदीम से हाथ मिलाते और गले मिलते देखा गया था।

दोनों ही टूर्नामेंट के इतर अपनी खुशमिजाजी और सौहार्द के लिए जाने जाते हैं। दोनों मैदान में भयंकर प्रतियोगी हो सकते हैं, लेकिन एक-दूसरे के लिए अपने मन में सम्मान रखते हैं। अरशद नदीम और नीरज चोपड़ा दोनों आगामी सीजन के लिए तैयारी कर रहे हैं। चोपड़ा इस समय तुर्किये में ट्रेनिंग कर रहे हैं, जबकि 27 वर्षीय नदीम की तैयारियों में रोड़ा अटक गया है। पाकिस्तानी खिलाड़ी ने हाल ही में कहा था कि वह कई वर्षों से अंतरराष्ट्रीय स्तर का भाला लेने के लिए संघर्ष कर रहे हैं और पिछले सात से आठ साल से पुराने का ही इस्तेमाल कर रहे हैं। हालांकि, नीरज यह सुनकर हैरान हैं।

पिछले साल बुडापेस्ट में विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में नदीम को पीछे छोड़ स्वर्ण जीतने वाले नीरज ने हाल ही में साई मीडिया के साथ एक विशेष बातचीत में कहा, यह विश्वास करना कठिन है कि वह एक नया भाला हासिल करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उनकी साख को देखते हुए, यह एक बड़ा मुद्दा नहीं होना चाहिए। बुडापेस्ट विश्व चैंपियनशिप में नीरज के बाद दूसरे स्थान पर रहने वाले अरशद नदीम ने हाल ही में मीडिया से कहा था, मेरा भाला टूट गया है और मैंने राष्ट्रीय महासंघ और मेरे कोच से पेरिस ओलंपिक से पहले इसके बारे में कुछ करने के लिए कहा है। नदीम ने कहा, जब मैंने 2015 में शुरुआत की थी, तभी मुझे अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट्स में हिस्सा लेने के लिए मुझे यह भाला मिला था। ओलंपिक खेलों में पदक जीतने का लक्ष्य रखने वाले एक अंतरराष्ट्रीय एथलीट के लिए आपको उचित उपकरण और प्रशिक्षण सुविधाओं को मुहैया कराने की आवश्यकता होती है। नीरज के पूरे प्रशिक्षण और अंतरराष्ट्रीय दौरों का खर्च भारतीय खेल मंत्रालय की टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम द्वारा दिया जाता है। उन्हें लगता है कि नदीम पाकिस्तान का गौरव हैं और उनका समर्थन किया जाना चाहिए।

90.18 मीटर थ्रो के साथ अरशद नदीम ने बर्मिंघम में 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में शीर्ष स्थान हासिल किया था। साथ ही एक नया भाला फेंक रिकॉर्ड बनाया था।

## केन्या वर्सेस साउथ अफ्रीका

# फिर उलटफेर का शिकार हुई साउथ अफ्रीका, अब केन्या ने 70 रन से हराकर किया शर्मसार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप 2023 में हमने बड़ी-बड़ी टीमों के साथ उलटफेर होते हुए देखा है। साउथ अफ्रीका को नीदरलैंड्स ने हराकर सबको हैरान कर दिया था। वहीं अफगानिस्तान ने इंग्लैंड को धूल चटा दी थी। हालांकि अब अफ्रिकन गेम्स (अफ्रिका खेलों) में भी कुछ इसी तरह का मंजर फिर देखने को मिला। केन्या ने साउथ अफ्रीका को 70 रन से हराकर बड़ा उलटफेर कर दिया। आखिर यह सब कैसे और किस तरह हुआ, आइये विस्तार से जानते हैं।

### केन्या ने पहली पारी में बनाए 141 रन

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए, केन्या ने 20 ओवरों में 6 विकेट पर 141 रन बनाए। 2003 आईसीसी विश्व कप के दिग्गज कोलिन्स ओबुया ने 47 गेंदों पर 58 रन बनाए, जिसमें उनके बल्ले से 7 चौके और 2 छक्के भी देखने को मिले। वहीं केन्या के मौजूदा कप्तान राकेप पटेल ने 25



गेंदों पर 28 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका के हेनरिच पीटरस ने दो विकेट लिए। इसके अलावा डीलन बेस्टर, जेसन और जेसे प्रोडेल ने 1-1 विकेट लिया। हालांकि जैसे-तैसे केन्या एक डीसेंट टोटल तक पहुंच गई। उन्होंने साउथ अफ्रीका के सामने 142 रन का टारगेट रख दिया।

### 71 रन पर ढेर हुई साउथ अफ्रीका

142 रन के टारगेट का पीछा करते हुए साउथ अफ्रीका सिर्फ 71 रन पर ऑल आउट हो गई। उनकी इस निराशाजनक बल्लेबाजी और केन्या की गजब गेंदबाजी ने सबको हैरान कर दिया। साउथ अफ्रीका 15 ओवर में सिर्फ 71 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। केन्या के आरनव पटेल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महज 15 रन देकर 5 विकेट लिए, जिससे दक्षिण अफ्रीका का बल्लेबाजी क्रम लड़खड़ा गया। वैन हीर्डन और कीगन लायन-कैशेट के बीच 36 रनों की एक छोटी साझेदारी के बावजूद, दक्षिण अफ्रीका की टीम लड़खड़ा गई और उन्होंने अपने आखिरी सात विकेट केवल 16 रन के अंदर-अंदर गंवा दिए।

साउथ अफ्रीका के लिए सर्वाधिक 22 रन कप्तान वैन हीर्डन ने ही बनाए। केन्या के लिए आरनव के अलावा लुकस और शेम ने 2-2 विकेट जबकि जेरार्ड मवेंदवा ने 1 विकेट लिया। बता दें कि साउथ अफ्रीका अपने अगले मैच में युगांडा का सामना करेगा। वहीं केन्या अपने फाइनल ग्रुप मैच में मेजबान टीम घाना से लोहा लेगी।

# Football: अमेरिका में दोस्ताना मुकाबलों से पहले अर्जेंटीना को लगा बड़ा झटका, मेसी चोटिल होकर हुए बाहर



**नईदिल्ली, एजेंसी।** आठ बार के बैलन डी ओर विजेता मेसी शुक्रवार को अल सल्वाडोर के खिलाफ फिलेडेल्फिया में और उसके बाद 26 मार्च को लॉस एंजिल्स में कोस्टा रिका के खिलाफ मुकाबले को मिस करेंगे।

लियोनेल मेसी आधिकारिक तौर पर संयुक्त राज्य अमेरिका में अल सल्वाडोर और कोस्टा रिका के खिलाफ अर्जेंटीना के दोस्ताना मैचों से बाहर हो गए हैं। अर्जेंटीना फुटबॉल संघ (एएफए) ने मेसी की हैमस्ट्रिंग चोट के संबंध में एक बयान जारी किया है जिसने उन्हें आगामी दो प्रतियोगिताओं से बाहर कर दिया है। आठ बार के बैलन डीओर विजेता मेसी शुक्रवार को अल सल्वाडोर के खिलाफ फिलेडेल्फिया में और उसके बाद 26 मार्च को लॉस एंजिल्स में कोस्टा रिका के खिलाफ मुकाबले को मिस करेंगे।

उनके क्लब इंटर मियामी और अर्जेंटीना दोनों उनके साथ कोई जोखिम नहीं लेना चाहते हैं। दोनों मैच जून-जुलाई में कोपा अमेरिका के लिए अर्जेंटीना की तैयारियों को लेकर वार्मअप मैच हैं। कोपा अमेरिका भी इस साल अमेरिका में ही खेला जाएगा।

# पाकिस्तान से शिफ्ट की जाएगी ICC चैंपियंस ट्रॉफी 2025?

## PCB चेयरमैन ने दिया ये बयान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के प्रमुख मोहसिन नकवी का कहना है कि वह अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी को अपने देश से बाहर शिफ्ट करने के बारे में सोच भी नहीं रहे। इस टूर्नामेंट के आयोजन में भारत की भागीदारी एक ऐसा विषय है, जिस पर कभी भी अटकलें खत्म नहीं होंगी। अगर बीसीसीआई भारत की टीम को पाकिस्तान भेजने से इनकार करती है तो फिर पाकिस्तान को मजबूरी में चैंपियंस ट्रॉफी को अपने देश से बाहर आयोजित करना पड़ सकता है या फिर एशिया कप 2023 की तरह हाइब्रिड मॉडल के तहत आयोजित करना पड़ सकता है।




सोमवार को पाकिस्तान सुपर लीग के फाइनल के दौरान मीडिया कॉन्फ्रेंस में मोहसिन नकवी ने इस बात की पुष्टि की कि पिछले सप्ताह दुबई में आईसीसी की मीटिंग के इतर उन्होंने बीसीसीआई सचिव जय शाह से बात की। उन्होंने कहा, हां, हमने कुछ देर तक बात की और यह सौहार्दपूर्ण थी, लेकिन क्या चर्चा हुई इसका ब्योरा देना मूर्खतापूर्ण होगा।

यह पूछे जाने पर कि क्या पाकिस्तान की यात्रा करने में भारत की अनिच्छा के कारण टूर्नामेंट को पाकिस्तान से बाहर शिफ्ट किया जाएगा? इस पर नकवी ने कहा, मैं इस बारे में सोच भी नहीं रहा हूं। हमें विश्वास है कि हम पाकिस्तान में निर्धारित समय पर चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी करेंगे। उनका ये कमेंट आईसीसी बोर्ड के एक सदस्य द्वारा हाल ही में बताए जाने के बाद आया है कि वह भारत से पाकिस्तान की यात्रा पर जाने के लिए नहीं कहेगा, क्योंकि ये फैसला दोनों देशों की सरकारों को करना है। नकवी ने कहा कि कार्यक्रम नजदीक आने पर पीसीबी भी किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। उन्होंने बताया कि कराची, लाहौर और रावलपिंडी में तीन स्टेडियम, जो सबसे अधिक चैंपियंस ट्रॉफी मैचों की मेजबानी करेंगे, उनका नवीनीकरण किया जाएगा। नवंबर 2008 के मुंबई आतंकवादी हमलों (जिसमें 150 से अधिक लोग मारे गए थे) के बाद से भारत ने पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय क्रिकेट में भाग नहीं लिया है।

2012 में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सीरीज खेली गई थी। इसके बाद से दोनों टीमें सिर्फ एसीसी या आईसीसी इवेंट में आमने-सामने होती हैं। यहां तक कि पिछले साल का एशिया कप पाकिस्तान में आयोजित होना था, लेकिन इसे हाइब्रिड तरीके से आयोजित करना पड़ा था, क्योंकि भारत ने पाकिस्तान जाने से इनकार कर दिया था। ऐसे में कुछ मैच पाकिस्तान में खेले गए थे और बाकी के मैच श्रीलंका में आयोजित हुए थे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper



## एक नजर

### दो बाइकों में आमने-सामने की टक्कर, तीन घायल

**रफीगंज (औरंगाबाद) (का. सं.)।** रफीगंज-कासमा पथ पर आरबीआर खेल मैदान के पास दो बाइकों में हुई आमने-सामने की टक्कर में पचार गांव निवासी विनय कुमार यादव, मो. मेराज एवं मो. कयूम घायल हो गए। स्थानीय लोगों द्वारा उन्हे इलाज के लिए रफीगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया। डॉ संतोष कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए मो. मेराज व मो. कयूम को औरंगाबाद सदर रेफर कर दिया। घायल ने बताया कि बाइक से पचार तरफ जा रहे थे। तभी विपरीत दिशा से तेज रफ्तार बाइक ने सीधा टक्कर मार, तीन लोग गिरकर घायल हो गए।

### दो वारंटी गिरफ्तार

**नवीनगर (औरंगाबाद) (का. सं.)।** नवीनगर थाना क्षेत्र के चिरैली गांव निवासी संतोष शर्मा को गुप्त सूचना पर छापेमारी के दौरान एसआई नरेंद्र प्रसाद एवं सशस्त्र बल के द्वारा घर से पकड़ा गया है। वहीं नवीनगर थाना क्षेत्र के सिंहपुर गांव निवासी पप्पू पाल को गुप्त सूचना पर छापेमारी के दौरान पीएसआई राजीव कुमार एवं सशस्त्र बल के द्वारा थाना परिसर शिव मंदिर के समीप से पकड़ा गया है। थानाध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि दोनों पर कोर्ट से वारंट निर्गत था। दोनों काफी दिनों से फरार चल रहे थे। दोनो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान

**नवीनगर (औरंगाबाद) (का. सं.)।** नवीनगर थानाध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय के निर्देश पर पीएसआई राजीव कुमार, पीटीसी रूपकमल सिंह एवं सशस्त्र बल द्वारा जनकपुर पोखरा गांव तीन मुहाना के पास सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान में दो पहिया वाहनों का कागजात हेलमेट एवं ट्रिपल लोडिंग पर विशेष ध्यान दिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि इस दौरान पुलिस के द्वारा 8000 रुपया का वाहन फाइन वसूला गया। पुलिस पदाधिकारी के द्वारा वाहन चालको से बिना हेलमेट एवं ट्रिपल लोडिंग वाहन ड्राइव नही करने का अनुरोध किया।

### तीन बोतल अंग्रेजी शराब के साथ तीन गिरफ्तार, चार चक्का वाहन जब्त

**रफीगंज (औरंगाबाद) (का. सं.)।** रफीगंज पुलिस ने रफीगंज-गोह पथ पर चरवाहा विद्यालय के पास एक चार चक्का वाहन संख्या जेएच-10 बीएच 0482 से तीन बोतल में एक लीटर आठ सौ पचहत्तर एमएल अंग्रेजी शराब बरामद किया है।वहीं वाहन को जप्त कर चंदौल गांव निवासी वाहन चालक पंकज कुमार, सवार खैरा गांव के इंद्रदेव यादव एवं उपहारा थाना क्षेत्र के डड़वा गांव के विशुनदेव यादव को गिरफ्तार कर थाना लाया गया। इस मामले में एसआई गीतांजलि कुमारी ने गिरफ्तार तीनो को नामजद आरोपी बनाते हुए प्राथमिकी दर्ज की है। कहा है कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चरवाहा विद्यालय के पास वाहन चेकिंग किया जा रहा था। इसी दौरान इस वाहन का चेकिंग किया तो 375 एमएल का एक एवं 750 एमएल का दो कुल तीन बोतल अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। जिन्हें मद्य निषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज किया गया। थानाध्यक्ष गुफरान अली ने बताया कि तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### इलाज के अभाव में तड़प रहे वृद्ध का समाजसेवी ने कराया ईलाज

**औरंगाबाद (का. सं.)।** औरंगाबाद शहर के गांधीनगर निवासी मनसोखी साव एक सप्ताह से तबीयत खराब है। उनकी पत्नी पति का इलाज कराने की गुहार लगा रही थी। कोई सुन नही रहा था। इसकी जानकारी मिलते ही समाजसेवी मो. शाहनवाज रहमान उर्फ सल्लू खान ने मरीज का इलाज करवाया। महिला ने बताया कि घर वाले हमारी देखभाल नहीं करते हैं। दोनों पुत्रों ने घर से बेघर कर दिया हैं। मेरा दो पुत्र व चार पुत्रियां है। चारों पुत्रियों की शादी हो चुकी है। मेरे पति की तबीयत खराब है। पैसे का अभाव है। 15 दिन से खाना नहीं खाया है। इसे लेकर काफी परेशान हूं। इसके बाद सल्लू खान ने पति का इलाज कराया। दवा भी दी। साथ ही खाना भी खिलाया। इलाज कराने के बाद महिला सल्लू खान से लिपटकर रोने लगी। कहा कि बेटा भगवान का भेजा हुआ फरिश्ता हो।

# पैसे के लेन-देन में अपहृत सुशील कुमार सिंह की हुई थी हत्या, पुलिस ने चार अपराधियों को किया गिरफ्तार



### सूद पर दी गई रकम वापस मांगने के कारण हुई हत्या

पुलिस ने बताया कि मृतक सूद पर पैसे लगाया करता था। आरोपियों को उसने सूद पर रकम दे रखी थी। कुछ दिनों तक उसे सूद मिला। बाद में सूद नही मिलने पर वह उनसे पूरा बकाया के लिए बार-बार तगादा कर रहा था। तगादे से अजीज होकर ही उनके द्वारा इस घटना को अंजाम दिया गया।

### छानबीन में मिली अपहृत की हत्या की जानकारी

इन सबके आधार पर पुलिस को संज्ञान में आया कि अपहृत व्यक्ति की हत्या कर दी गयी है। इस दौरान पुलिस को कई अहम सुराग भी मिले और पुलिस ने अनुसंधान एवं तकनीकी विश्लेषण के आधार पर पूरे मामले का उद्भेदन कर दिया।

### छानबीन में मिली अपहृत की हत्या की जानकारी

इन सबके आधार पर पुलिस को संज्ञान में आया कि अपहृत व्यक्ति की हत्या कर दी गयी है। इस दौरान पुलिस को कई अहम सुराग भी मिले और पुलिस ने अनुसंधान एवं तकनीकी विश्लेषण के आधार पर पूरे मामले का उद्भेदन कर दिया।

### एसपी के निर्देश पर गठित की गई थी एसआईटी*

वहीं मामले में अपहृत का पता लगाने के लिए औरंगाबाद की पुलिस अधीक्षक स्वपना गौतम मेश्राम के निर्देश पर एक विशेष जांच टीम(एसआइटी) गठित की गई थी। एसआइटी में हसपुरा पुलिस के अलावा जिला आसूचना इकाई(डीआईयू) के भी पुलिस अधिकारियों को शामिल किया गया था।

निज संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** पुलिस ने अपहरण के मामले में अपहर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया। अपहर्ताओं ने स्वीकार भी कर लिया कि उन्होंने अगवा करने के दिन ही अपहृत की रात में हत्या कर दी और लाश को सोन नद में फेंक दिया। पुलिस प्रयास भी कर रही है लेकिन लाश नही मिल रही है। मामला औरंगाबाद के हसपुरा थाना क्षेत्र के टाल गांव से जुड़ा है। दाउदनगर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) कुमार ऋषि राज ने बताया कि हसपुरा थाना क्षेत्र के टाल निवासी सुशील कुमार सिंह(55) 29 फरवरी को सुबह 6 बजे अपनी लूना बाइक पर सवार होकर बाजार जा रहे थे। इसी दौरान उनका अपहरण कर लिया गया था। अपहरण के अगले दिन एक मार्च को सुशील सिंह की हत्या कर शव को अपहर्ताओं ने अरवल जिले के कलेर में सोन नदी में फेंक दिया था। मामले में मृतक के बेटे प्रदीप कुमार की लिखित शिकायत पर हसपुरा थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। प्राथमिकी में मृतक के पुत्र ने कहा था कि 29 फरवरी को सुबह 06 बजे उनके पिता अपनी लूना बाइक बीआर-26टी-4364 से बाजार जाने के लिए घर से निकले थे। इसी दौरान रास्तें में उन्हे अगवा कर लिया गया। 02 मार्च को मामले की प्राथमिकी दर्ज करने के बाद से हसपुरा थाना की पुलिस लगातार प्रयास कर रही थी। एसआईटी ने मामले की जांच के दौरान तकनीक का सहारा लिया। तकनीक का सहारा लेते हुए पुलिस साक्ष्य एकत्रित करने और अपहृत का पता लगाने मे में जुट गई। अपहृत का पता लगाने के लिए पुलिस ने कई जगहों पर सीसीटीवी फुटेज खंगाले।सीडीआर की एनालिसिस की। एफएसएल का भी सहारा लिया। डॉग स्कवायड को भी मौके पर बुलाया गया। स्थानीय लोगों से भी पूछताछ की गई। पुलिस ने मामले में चार अपहर्ताओं को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपहर्ताओं ने पुलिस के समक्ष घटना को अंजाम देने में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। अपहर्ताओं की स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर पुलिस ने अपहृत की लूना मोपेड को 8 टुकड़ों में बरामद किया। मोपेड को अपहर्ताओं ने कबाड़ी को बेंच दिया था। कबाड़ी के यहां से 8 टुकड़ों में लूना मोपेड बरामद की गई। पुलिस गिरफ्तार चारों अपहर्ताओं को न्यायिक हिरासत में भेज रही है। गिरफ्तार अपहर्ताओं में अरवल जिले के कलेर थाना के हृदयचक निवासी मो. सदाब खान(34), मो. रजीन असलम(30), पुरा कोठी निवासी मो. बुलंद अख्तर(29) एवं दाउदनगर के चौरी निवासी मो. सद्दाम खान उर्फ एहतेशाम खान(55) शामिल है। मामले में पुलिस ने अपहरण और हत्या को अंजाम देने में अपहर्ताओं द्वारा इस्तेमाल की गई एक बाइक भी बरामद की है। पुलिस अपहर्ताओ की क्राइम हिस्ट्री खंगाल रही है।

# अपहरण की घटना के 33 दिन बाद पुलिस ने अगवा किशोरी को किया सकुशल बरामद

निज संवाददाता



**औरंगाबाद।** औरंगाबाद पुलिस ने अपहरण की घटना के 33 दिन बाद मंगलवार को अगवा किशोरी को सकुशल बरामद करने के साथ ही अपहर्ता को धर दबोंचा है। किशोरी की बरामदगी औरंगाबाद के अनुग्रह नारायण रोड रेलवे स्टेशन से उस वक्त की गई जब अपहर्ता किशोरी को ट्रेन से कहीं ले जाने वाला था। मामला ढिबरा थाना क्षेत्र के एक गांव का है। पुलिस अधीक्षक स्वपना गौतम मेश्राम ने बताया कि ढिबरा थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी को अगवा कर लिया गया था। मामले में परिजनों के बयान पर 15 फरवरी को ढिबरा थाना में भादंवि. की धारा-366(ए)/34 के तहत प्राथमिकी संख्या-05/24 दर्ज किया गया था। किशोरी को सकुशल बरामद करने के लिए पुलिस विभिन्न संदिग्ध ठिकानों पर लगातार छापेमारी कर रही थी लेकिन अपहर्ता बार-बार ठिकाना बदल रहा था। इस कारण वह पुलिस के हाथ नही लग पा रहा था। इस बीच मामले के तकनीकी अनुसंधान के दौरान पता चला कि अपहर्ता अगवा किशोरी को ट्रेन से किसी दूसरे राज्य में ले जाने वाला है। इस सूचना के बाद पुलिस ने अपना जाल बिछाया और अपहर्ता को अनुग्रह नारायण रोड रेलवे स्टेशन पर उस वक्त धर दबोंचा जब वह अगवा किशोरी को ट्रेन से कही ले जाने वाला था। पुलिस ने अपहृता का कोर्ट में बयान कलमबद्ध कराने जा रही है। वही पुलिस ने अपहरणकर्ता नीतीश कुमार(15) को भी निरुद्ध कर न्यायालय में उपस्थापन के लिए भेज रही है। मामले में पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

# राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यकर्ताओं को दिया गया प्रशिक्षण



**ओबरा (औरंगाबाद)(नि.सं.)।** समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, ओबरा में सेंटर फॉर कैटलाइजिंग चेंज, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यकर्ताओं एवं पंचायत प्रतिनिधियो का जन आरोग्य समिति के क्रियाकलापों एवम इसके सुचारू से संचालन में उनकी भूमिका विषय पर एक दिवसीय उन्मुखीकरण का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत ओबरा प्रखंड में अवस्थित सभी 11 स्वास्थ्य एवं आरोग्य केंद्र एवं 5 अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत गठित किए गए सदस्यों में से सभी अध्यक्ष, सचिव, उप सचिव, सदस्य एएन एवं डॉक्टर एवं कुछ चुनिंदा महिला वार्ड सदस्यों को शामिल किया गया है। इस बैठक में कुल 4 पंचायत समिति, 4 मुखिया, 2 मेडिकल ऑफिसर सहित कुल 4 सीएचओ, 30 एएनएम एवं 50 महिला जन प्रतिनिधि शामिल रही। इस कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन चिकित्सा पदाधिकारी ताहिर अहमद, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक विकास शंकर, बीसीएम प्रकाश कुमार एवं सेंटर फॉर कैटलाइजिंग चेंज, के ज़िला समन्वयक कमलेश राज, एवं प्रतिभागियों के द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। बीएचएम, बीसीएम, ओबरा एवं कमलेश राज, जिला समन्वयक सी थी द्वारा जन आरोग्य समिति की संरचना, इसके 20 विभिन्न प्रकार के क्रियाकलापों, पदासीन सदस्यों की भूमिका एवa जिम्मेदारियां, अनटाइड फंड का न्यायसंगत उपयोग, वार्षिक स्वास्थ्य कार्ययोजना का निर्माण, आरोग्य दिवस का डिजिटल मूल्यांकन प्रपत्र, एचडब्ल्यूसी डिजिटल रिपोर्टिंग फॉर्म, जन संवाद के आयोजन करने के विभिन्न चरण इत्यादि पर विस्तृत चर्चा की गई।

# डीएलएसए के सचिव ने किया मंडल कारा का औचक निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सुकुल राम ने औरंगाबाद मंडल कारा का औचक निरीक्षण किया। इस जेल अधीक्षक सुजीत कुमार झा भी मौजूद रहे। सचिव ने जेल के प्रत्येक वार्ड का निरीक्षण किया तथा बंदियों के बारे में जानकारी ली। सचिव ने कैदियों की समस्याओं से अवगत होने के बाद कैदियों के समक्ष ही जेल अधीक्षक को तत्काल निदान करने का निर्देश दिया। कहा कि जो कैदी प्रथम दृष्टया देखने में नाबालिग प्रतीत होते हैं और उनकी उम्र 18 वर्ष वर्ष से कम है, की सूची संबंधित न्यायालयों में आयु के सत्यापन हेतु प्रेषित करें ताकि विधि अनुसार मामलों पर कार्रवाई हो सके। सचिव ने बंदियों से उनके जमानत एवं अधिवक्ता के बारे में भी पूछताछ की। कहा कि अगर आप निजी अधिवक्ता रखने में समक्ष नहीं है तो जेल में प्रतिनियुक्त बंदी पारा विधिक स्वयंसेवक से आवेदन लिखाते हुए जेल अधीक्षक से अग्रसारित करा कर प्राधिकार के कार्यालय में भेजें ताकि बचाव पक्ष का अधिवक्ता उन्हें उपलब्ध कराया जा सके। सचिव ने जेल में स्थापित लिगल एड क्लिनिक में प्रतिनियुक्त कैदी पारा विधिक स्वयंसेवकों के प्रशिक्षण एवं उनके कार्यो के मूल्यांकन के दौरान पूर्व में बनाई गई पंजी का भी निरीक्षण किया। सचिव ने जेल की साफ-सफाई का भी निर्देश दिया तथा जेल में मिलने वाले खाने को मेनु के अनुसार और गुणवत्तापूर्ण रखने का निर्देश दिया। उन्हे कुछ ऐसे कैदी भी मिलें जिन्हें विधिक सहायता के तहत पैनल अधिवक्ता की सेवा चाहिए।उन्हें सचिव ने पैनल अधिवक्ता की सेवा तत्काल देने की बात कही तथा तत्काल कारा में स्थापित लिगल एड क्लिनक में अधिवक्ता उपलब्ध कराने हेतु अग्रेत्तर कार्रवाई का निर्देश दिया। सचिव ने यह भी निर्देश दिया कि जेल में आने वाले नये कैदियों को बंदी के दौरान उनके अधिकार एवं कर्तव्य के बारे में बताए। साथ ही साथ अगर उन्हें विधिक सहायता की आवश्यकता है तो किस प्रकार उन्हें विधिक सहायता मिल सकती है के बारे में भी बताए।

# शिक्षाविद् सुरेश गुप्ता को राज्यपाल ने दिया एजुकेशनल अल्केमिस्ट सम्मान

निज संवाददाता



**औरंगाबाद।** विद्या निकेतन ग्रुप आफ स्कूल के सीएमडी सुरेश कुमार गुप्ता को बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने एजुकेशनल अल्केमिस्ट सम्मान से नवाजा है। राज्यपाल ने उन्हे यह सम्मान प्रदेश की राजधानी पटना में 'रेडियो सिटी' द्वारा देश के प्रसिद्ध होटल 'लेमन ट्री' सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में प्रदान किया। इस सम्मान को उन्होंने धर्मपत्नी मालती देवी के साथ .राज्यपाल के हाथों ग्रहण किया। उन्हे मिला सम्मान का यह पल औरंगाबाद और खासकर दाउदनगर अनुमंडल में शिक्षा क्षेत्र में ख्याति प्राप्त शिक्षाविदों के बीच चर्चा का विषय बना है। गौरतलब है कि सुरेश कुमार गुप्ता दाउदनगर अनुमंडल में कला-संस्कृति और शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाते हुए पिछले 46 वर्षों से शिक्षा का अलख जगा रहे हैं। उन्होंने 5 अप्रैल 1979 को महज पांच छात्र-छात्राओं के साथ दृढ़ इच्छा शक्ति के साथ दाउदनगर में विद्या निकेतन के नाम से एक स्कूल की स्थापना की थी। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में अंधकार को प्रकाश की ओर ले जाने के संकल्प के साथ दाउदनगर अनुमंडल के छात्र-छात्राओं को आगे बढ़ाने, संवारने और सफलता के मार्ग पर ले जाने का शपथ लिया था। इस दौरान वें बिना रुके, बिना थके, बिना झुके और बिना किसी दबाव में काम करते रहे। वें हमेशा बच्चों की सेवा में लगे रहे और अपना पूरा जीवन उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र को समर्पित कर दिया। उनके इसी संकल्प और दृढ़ इच्छा शक्ति को राज्यपाल के हाथों यह सम्मान मिला। यह सम्मान बिहार सरकार के अधीन संचालित एफएम चैनल 'रेडियो सिटी' पटना के तत्वावधान में आयोजित सम्मान समारोह में प्रदान किया गया। इस दौरान बिहार के 20 सर्वश्रेष्ठ 20 शिक्षा-पुरुष, शिक्षाविद और शिक्षा जगत में अपनी एक अनूठी पहचान बनाने वाले, समाज का नवनिर्माण करने वाले महानुभावों, विभिन्न विद्यालयों के निदेशक, प्रधानाचार्य और उनके सहयोगियों को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर रेडियो सिटी द्वारा एजुकेशनल अल्केमिस्ट ट्रांसफॉर्मिंग बिहार के नाम से 'कॉफी टेबल बुक' का भी विमोचन भी राज्यपाल के हाथों कराया गया। इस दौरान विद्या निकेतन ग्रुप आफ स्कूल के सीईओ आनंद प्रकाश, डिप्टी सीईओ ईंजीनियर विद्यासागर, टेक्निकल एडवाइजर विनय प्रकाश, मेडिकल ऑफिसर डॉ. मनोज कुमार, संस्कार विद्या के प्राचार्य एके मिश्रा, विद्या निकेतन के प्राचार्य सरयू प्रसाद तांती, प्रशासक संदीप कुमार तांती, ऑफिस असिस्टेंट सुमित कुमार सोनी आदि मौजूद रहे। अपने सीएमडी को सम्मान मिलने से विद्या निकेतन ग्रुप आफ स्कूल्स के सभी टीचर्स, पदाधिकारी एवं कर्मचारी आह्लादित और काफी आनंदित महसूस कर रहे है। सम्मान मिलने पर संस्कार विद्या के प्राचार्य एके मिश्रा, किड्ज़ वर्ल्ड के प्राचार्य मो. मुजाहिर आलम, विद्या निकेतन के प्राचार्य सरयू प्रसाद तांती, प्रशासक संदीप कुमार, किड्ज़ वर्ल्ड बाजार ब्रांच की प्राचार्य विनीता कश्यप ने सभी सहयोगियों के साथ सीएमडी सुरेश कुमार गुप्ता को बधाई दी है। कहा कि आपका आशीर्वाद और मार्गदर्शन हम लोग पर बना रहे ताकि हम सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं बच्चों के भविष्य के निर्माण में अच्छा कार्य करते रहे।

# सच्चिदानंद सिन्हा महाविद्यालय के छात्रों द्वारा विदाई समारोह का किया गया आयोजन

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** सच्चिदानंद सिन्हा महाविद्यालय के भूगोल विभाग के स्नातकोत्तर (सत्र 19-21) के छात्रों द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप मे प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा शामिल हुए। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। मगध विश्वविद्यालय से आए हुए सीसी डीसी डॉक्टर संजय तिवारी के द्वारा विद्यार्थियों को नई शिक्षा नीति एवं उसके फायदे के बारे में बताया गया। इस मौके पर वहां उपस्थित पूर्व विभागाध्यक्ष (भूगोल विभाग) डॉ. रामाधार सिंह (सेवानिवृत्त) एवं विजय कुमार ने अपनी बात रखी। मंच संचालन बहादुर भीम कुमार सिंह ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष विभीषण कुमार के द्वारा किया गया। साथ ही साथ नीतू सिंह के संरक्षण में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मुकेश कुमार, रोहित कुमार, सुमित कुमार आदि छात्रों ने कॉलेज एवं भूगोल विभाग का आभार प्रकट किया गया साथ ही छात्रों के द्वारा मंच पर उपस्थित गणमान्य सदस्यों को मोमेंटो देकर सम्मानित भी किया गया।

दूसरी तरफ सच्चिदानंद सिन्हा महाविद्यालय के परीक्षा विभाग में उपस्थित शिक्षकों ने मतदाता जागरूकता अभियान पर चर्चा की जिसमें यह बात कही गई कि चुनाव एक त्यौहार है लोकतंत्र में मत का विशेष महत्व होता है और भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है और लोकतांत्रिक देश की पहचान यह होती है कि लोगों को अपना जनप्रतिनिधि चुनने का अधिकार होता है हमें अपने मत का प्रयोग करना चाहिए साथ ही डॉ. लालती मेहता ने कहा कि हम सभी महिलाओं को आगे आकर अपने मत का प्रयोग करना चाहिए और देश को सशक्त बनाना चाहिए वहीं उपस्थित बायोटेक विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि हम छात्र-छात्राओं को जिनकी उम्र 18 वर्ष हो गई है उन्हें वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए और महाविद्यालय परिसर में जितने भी छात्र आते हैं हम सबों को इस स्वीप अभियान के तहत उन छात्रों को मत के बारे में बताना चाहिए परीक्षा विभाग में कार्य कर रहे एमबीए विभाग के सहायक प्राध्यापक अमित कुमार ने कहा कि युवाओं को देश के निर्माण में मत देने का अधिकार है और यह हमारा दायित्व है कि हम घर-घर जाकर किसी भी माध्यम से लोगों को अपने घर से बाहर निकाल कर निर्धारित तिथि को मत करना चाहिए और देश को सशक्त बनाना चाहिए लाइब्रेरी साइंस की विभाग अध्यक्ष नीतू सिंह ने कहा कि मैं अपने विभाग के छात्रों को बुलाकर के और उन्हें इस अभियान में चलाए जा रहे मतदान के प्रति जागरूकता को विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से अवेयर करेंगे उन्होंने कल आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में सैकड़ो छात्रों के बीच मतदान के महत्व पर प्रकाश डाला वहीं मंच संचालन करते हुए बहादुर भीम कुमार सिंह ने कहा कि आप अपने परिचित आपके रिश्तेदार भाई-बहन जो भी अभी तक मतदान सूची में नाम नहीं जुड़वा पाए हैं वह अपना नाम निश्चित रूप से जुड़वा ले।

# पांच पुलिस कर्मियों का पीटीसी से एएसआई मे हुआ प्रमोशन

रफीगंज (औरंगाबाद)। जिले के रफीगंज थाना में पदस्थापित पुलिस पीटीसी से पुलिस सहायक अवर निरीक्षक में प्रोन्नति प्राप्त होने पर रफीगंज थाना में पांच पुलिस कर्मी को रफीगंज थानाध्यक्ष गुफरान अली ने स्टार लगाकर बधाई दिया। वही प्रोन्नति प्राप्त बबनजीत कुमार, मुक्तिदेव निराला, गोविंद मिश्रा ,संजय कुमार, मृत्युंजय कुमार, सहायक अवर निरीक्षक को उपस्थित पुलिस कर्मियों ने बधाई दिया। थानाध्यक्ष ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि आपके मेहनत से काम करने का प्रतिफल यह प्रोन्नति है।प्रोन्नति के साथ ही आपकी जिम्मेवारी बढ़ गयी।सर्विस में अभी और प्रोन्नति होगी।इसके लिए आपलोग और मेहनत करें। इस मौके पर थानाध्यक्ष गुफरान अली, एसआई वर्षा कुमारी, कविता कुमारी,रविकांत कुमार यादव, प्रेमजीत कुमार मंडल सहित अन्य पुलिस कर्मी शामिल रहे।

# युवाओं को जागरूक करने के लिए पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन



कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** नेहरू युवा केंद्र औरंगाबाद के तत्वाधान में पड़ोसी युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन औरंगाबाद के विवेकानंद आइडियल पब्लिक स्कूल में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन राज्य निदेशक अंशुमन प्रसाद दास जिला युवा अधिकारी हेमंत मथुरिया विद्यालय के निदेशक शंभू शरण सिंहएवं दीपक कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। राज्य निदेशक ने कहा कि नेहरू युवा केंद्र निरंतर समाज हित के लिए जन जागरूकता कार्यक्रम चलाकर लोगों को जागरूक करने का काम कर रही है। नेहरू युवा केंद्र के माध्यम से युवा वर्ग के लोग जुड़कर एक अच्छे समाज का निर्माण करने में जुटे हैं। उन्होंने युवाओं को जोश एवं हौसला दिलाते हुए कहा कि, युवा वर्ग में सच्ची लग्न और मेहनत से काम करें तो मंजिल उनके कदमों में होगी। मेहनत से पीछे नहीं हटे। गांव गिरांव तथा शहरों में रहने वाले समाज के लोगों के बीच हो रहे जन समस्याओं के बारे में सरकारी स्तर के पदाधिकारियों को सूचित करें। ताकि उन समस्याओं का निराकरण समय पर किया जा सके। सरकार के द्वारा महत्वकांक्षी योजनाओं की जानकारी दें। विद्यालय के निदेशक ने कहा कि देश व समाज के निर्माण में युवाओं की अहम भूमिका होती है। सूबे की सरकार ने इस प्राचीन संस्कृति सभ्यता को पुनः जागृत करने का काम किया है और उसी के तर्ज पर नालंदा विश्वविद्यालय को स्थापित किया गया है।

# कार्यालय का कमरा छोटा होने से अभियोजन पदाधिकारियों को बैठने में हो रही परेशानी




कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद व्यवहार न्यायालय के लिए इस माह अतिरिक्त 15 नये सहायक अभियोजन पदाधिकारी आने से अभियोजन पदाधिकारियों की संख्या बढ़कर पहली बार दहाई अंक पर पहुंच गई है। इससे मजबूरन उन्हे छोटे व पुराने क्षतिग्रस्त कमरे से बाहर टेबुल लगाकर बैठना पड़ रहा है। इसे लेकर अभियोजन पदाधिकारियों में काफी असंतोष है। जिला अभियोजन पदाधिकारी उमेश कुमार ने बताया कि दस बाई बीस का छोटा कमरा है। पहले से यहां उमेश कुमार, संजय कुमार सिंह, नवीन चतुर्वेदी, विकास कुमार, द्वारिका प्रसाद के अलावे पांच अन्य कर्मचारी बहुत मुश्किल से एक कमरे में काम कर पाते हैं। ऐसी स्थिति में पन्द्रह अन्य सहायक अभियोजन पदाधिकारी के आने से सभी को मजबुरन बाहर कुर्सी लगाकर बैठना पड़ रहा है। जिलाधिकारी से नया बड़ा कमरा की मांग की गई थी जो अभी तक नहीं मिला है।

# पटना एयरपोर्ट पर ठनका गिरने से एक की मौत

**पटना (नि.सं.)।** पटना एयरपोर्ट पर रनवे के पास मंगलवार को ठनका गिरने से एक शख्स की मौत हो गई। मौसम विभाग ने पटना समेत कई जिलों में आंधी, बारिश और आकाशीय बिजली गिरने का अलर्ट जारी किया है। खराब मौसम की वजह से राजधानी समेत कई आसपास के इलाकों में जनजीवन प्रभावित हो गया है। पटना में दोपहर से बूंदाबांदी का दौर चल रहा है। पटना हवाई अड्डे पर रनवे के पास निर्माण कार्य चल रहा था। तभी वहां वज्रपात हुआ और ठनका की चपेट में आने से मौके पर काम कर रहे सुपरवाइजर की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक विशाल इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड बेंगलुरु की कंपनी द्वारा पटना एयरपोर्ट पर रनवे के समीप टैक्सी ट्रैक का निर्माण किया जा रहा है।

# थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित



निज संवाददाता

**नवीनगर (औरंगाबाद)।** नवीनगर टंडवा थाना परिसर में होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष रामजी प्रसाद एवं संचालन एसआई ओम प्रकाश सिंह ने किया। जिसमें कहा गया कि टंडवा देवी मंडप के समीप होलिका दहन किया जाता है। जहां प्रत्येक वर्ष असामाजिक तत्वों द्वारा होलिका दहन में आग लगा दिया जाता है, जिसकी निगरानी करने की बात कहा गया। सभी लोगों से शांतिपूर्ण माहौल में होली पर्व मनाने की अपील किया गया। शराब पीने और बेचने वालों पर निगरानी रखने पर जोर दिया गया। पुलिस गश्ती के द्वारा असामाजिक लोगों पर नकेल कसने पर बल दिया गया। किसी भी तरह की सूचना थाना को देने की बात कहा गया। इस दौरान मुखिया जयप्रकाश सिंह उर्फ बड़का बाबू, पैक्स अध्यक्ष, अश्वनी कुमार उर्फ सौरभ, मुखिया रामप्रसाद राम, पैक्स अध्यक्ष विमलेश कुमार सिंह, भाजपा टंडवा मंडल अध्यक्ष राजेश कुमार अग्रवाल, सरपंच भगवान प्रसाद मेहता, मुखिया प्रतिनिधि त्रिलोकी कुमार समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

ESTD-2014
Reg. No. BEP/SSA/AU-259
UDISE CODE-10340301904
बिहार सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
STAR BRAINS ACADEMY
A Fully English Medium School
Based on C.B.S.E. Board, New Delhi
Class From Play to Xth
ADMISSION IS GOING ON
Facilities
» Smart Class
» Computer Class
» Vehicle on All Route
» Sports, Music & Dance
» Play Ground
» Everyday Doubt Clearing Class
» Corridors Under CCTV Surveillance
» Hostel Facilities
» Teacher's from kerela
Director
Dhananjya Kumar
(MBA)
Laldev Complex, S.K. Nagar, Aurangabad (Bihar)
Mob.:- 8539970212. 888251 15546
Email: info@starbrainsacademy | www. starbainsacademy.in